सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:15

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 27 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 34 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,952 |
| निफ्टी | 24,609 |
| सोना 95,516 | चांदी 96,519 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 23 मई 2025 | 10 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 144, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**आज का मैच**

बेंगलुरु vs हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### सलमान के घर में जबरन घुस रहा शख्स अरेस्ट



**मुंबई।** सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जीतेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। 19 मई को एक महिला ईशा छाबड़ा ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, वीरवार सुबह तकरीबन 11.30 बजे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। चीफ जस्टिस को मेल के जरिए धमकी मिली है। इसके बाद दो बजे तक के लिए हाईकोर्ट खाली करवा दिया गया। वहीं, चंडीगढ़ के एलांते मॉल में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर आपरेशन सेल, बम डिटेक्शन टीम और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और पूरे मॉल को खाली करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

### इसराइली दूतावास के दो कर्मियों की हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में इसराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फिलिस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इसराइली दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- ट्रांसफर किए शिक्षक नहीं लगा पा रहे हाजिरी - पेज 2
- विधवा न्याय मांग रही, सरकार कर रही राजनीति: बिक्रम - पेज 4
- जिले में कुत्तों का आतंक पैदल चलना हुआ मुश्किल - पेज 6
- अहिल्याबाई होलकर का जीवन प्रेरणादायक: जयराम - पेज 9
- सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा - पेज 10

# मोदी बोले-अब मेरी नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा

## पीएम ने कहा, पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा

**एजेंसी, बीकानेर**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार राजस्थान के बीकानेर पहुंचे। जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर देशनोक में उन्होंने साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा। भारतीयों की जान से खेलने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हिंदोस्तान का लहू बहाने वालों को कतरे-कतरे का हिसाब चुकाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। (अनंत ज्ञान)



### हर आतंकी हमले की कीमत चुकाएगा पाक

**पीएम** ने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प है। दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

### पाकिस्तान को घुटने टेकने पर किया मजबूर

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा, हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे।

### 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए

**पहलगाम** हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है? पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीरभूमि का ही यह तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है। पीएम ने कहा कि मैं बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरा। पाकिस्तान ने इसे भी निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह एयरबेस को रत्तीभर नुकसान नहीं पहुंचा पाया। यहां से कुछ दूरी पर पाकिस्तान का रहीमयार खान एयरबेस है, जोकि अब आईसीयू में पड़ा है।

# सीएम सुक्खू ने दिल्ली में की हिमाचल के हितों की पैरवी

## केंद्रीय जल शक्ति और स्वास्थ्य मंत्री से मिले मुख्यमंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

- किशाऊ परियोजना में सुरक्षित किए जाएं हिमाचल के हित
- प्रमुख लाभार्थी राज्य ही परियोजना की पूरी लागत करें वहन

**शिमला।** हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान दो केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की। विशेष मुलाकात के इस क्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से किशाऊ जल विद्युत परियोजना में प्रदेश के अधिकारों और हितों को ध्यान में रखने का आग्रह किया गया। सीएम ने बैठक के दौरान कहा कि केंद्र सरकार या किशाऊ परियोजना के प्रमुख लाभार्थी राज्य दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को इस परियोजना की पूरी लागत वहन करनी चाहिए। इसके अलावा रेणुका बांध परियोजना में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि और निशुल्क बिजली घटक के मामलों पर गंभीर विचार किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि जल विद्युत परियोजनाएं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परियोजनाओं के दृष्टिगत पर्यावरणीय और सामाजिक मूल्यों का भी ध्यान रखते हुए राज्य को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए और राज्य को जल जीवन मिशन के तहत लंबित राशि को शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के साथ बैठक करते सीएम सुक्खू।

### स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए मांगी जरूरी मदद

**सीएम** ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से हिमाचल में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक मदद मांगी। मुख्यमंत्री ने कैंसर केयर सेंटर के लिए केंद्र से सहयोग तथा राज्य में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए अस्पतालों में नवीनतम चिकित्सा तकनीक और आधुनिक उपकरणों के लिए आग्रह किया।

# डैम से छोड़े पानी से बढ़ गया पार्वती नदी का जलस्तर, दो बहे

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** कुल्लू जिले की पार्वती घाटी के कटागला में वीरवार को एक बड़ा हादसा पेश आया है। इस हादसे में दो युवक पार्वती नदी के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है और तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार यह हादसा एनएचपीसी परियोजना के डैम से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण हुआ है। वीरवार दोपहर करीब 2 बजे डैम से पानी छोड़े जाने के कारण पार्वती नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इसके चलते कसोल में नदी किनारे बैठे 5 पर्यटक तेज बहाव की चपेट में आ गए। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। इस अभियान में 3 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन 2 पर्यटक नदी के तेज बहाव में बह गए। त्वरित सर्च ऑपरेशन में एक पर्यटक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरा अब भी लापता है। बचाव दल उसकी तलाश में जुटा हुआ है। मृतक व्यक्ति की पहचान प्रशांत चौरसिया केयर ऑफ शकुंतला देवी निवासी एन.8-179 यूए 2 कैलाशपुरी कालोनी वाराणसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उधर, एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बताया कि पार्वती नदी का बहाव कैसे बढ़ा, इसके बारे में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# पीएम ने पुनर्विकसित बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का वर्चुअली किया उद्घाटन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन को नया रूप मिल गया। 8 करोड़ 11 लाख की लागत से पुनर्विकसित हुए रेलवे स्टेशन को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीरवार को वर्चुअल उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज व राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने राजनीति से ऊपर उठकर कार्यक्रम में भाग लिया व मंच से पीएम मोदी के द्वारा बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की तारीफ की। सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देशभर में विकास की नए नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने बताया कि बैजनाथ पपरोला से उनका पुराना नाता है व यहां के रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना से जोड़ना इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वहीं, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि जब से देश की बागडोर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ में आई है, तब से रेलवे नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग को ब्राडगेज के साथ जोड़ा जाएगा और वंदे भारत ट्रेन को भी कांगड़ा तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी और अन्य।

# किश्तवाड़ में सेना ने दो आतंकी मार गिराए, एक जवान शहीद

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चाटरू क्षेत्र में वीरवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। वहीं, गोलीबारी में एक जवान शहीद हो गया। शहीद सैनिक की पहचान सिपाही गायकवाड़ संदीप पांडुरंग निवासी करानाडी तहसील अकोला जिला अहमदनगर महाराष्ट्र के रूप में हुई है। अभी भी दो आतंकी छिपे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जानकारी दी कि यह मुठभेड़ सिंहपोरा क्षेत्र में हुई, जहां आतंकियों के एक समूह को घेर लिया गया है। इलाके में गोलीबारी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

ऑपरेशन जारी है और पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। यह मुठभेड़ उस समय हुई है, जब सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों में इजाफा देखा जा रहा है। नियंत्रण रेखा के आस-पास सुरक्षाबलों ने निगरानी और तैनाती बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी खतरों को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाता, तब तक सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# वक्फ कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

## सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने लगातार तीन दिन सुनीं वकीलों की दलीलें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इन मुद्दों में कोर्ट द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को डिनोटिफाई करना, वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ बाय डीड शामिल है। फैसला सुरक्षित रखने से पहले सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने लगातार तीन दिनों तक वक्फ कानून का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक सिंघवी और सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनीं। जब सीजेआई ने पूछा कि वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण क्यों नहीं करवाया, तो कपिल सिब्बल ने कहा, मुस्लिम समुदाय ने रजिस्ट्रेशन इसलिए नहीं कराया, क्योंकि यह राज्य की जिम्मेदारी थी। उन्होंने पंजीकरण नहीं कराया, इसलिए इसे समुदाय की गलती कहा जा रहा है। यदि आपके पास शक्ति है, तो आप खुद की गलती का लाभ नहीं उठा सकते। (अनंत ज्ञान)

### 200 वर्ष पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे : सिब्बल

**वीरवार** को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ के दर्जे को लेकर एक बार जांच शुरू हो जाए तो रिपोर्ट आने तक वक्फ का दर्जा खत्म हो जाता है। देश में 200 साल से भी पुराने बहुत से कब्रिस्तान हैं। 200 साल बाद सरकार कहेगी कि यह मेरी जमीन है और इस तरह कब्रिस्तान की जमीन छीनी जा सकती है।

# पाक ने भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी को निकाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने वीरवार को भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित करने का ऐलान किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई भारत की कार्रवाई के विरोध में की। भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी उच्चायोग के एक स्टाफ को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया था। भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान भी अब बिना किसी ठोस सबूत के भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इससे पहले 13 मई को भी भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। इन अधिकारियों पर जासूसी के आरोप लगे हैं। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में एक अधिकारी दानिश को तो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। दानिश के तार ही जासूसी के आरोप में पकड़ी गई भारतीय यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जुड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाक के लिए जासूसी करती पकड़ी ज्योति का रिमांड चार दिन बढ़ा

**एजेंसी, हिसार**



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस वीरवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई। करीब डेढ़ घंटे तक उसके रिमांड पर बहस चली। इसके बाद हिसार पुलिस को ज्योति का 4 दिन का और रिमांड मिल गया। हालांकि पुलिस ने 7 दिन के रिमांड की मांग की थी। इस पर जज ने कहा कि 7 दिन का रिमांड किस लिए चाहिए। पुलिस ने कहा कि ज्योति ने देश में कई जगह ट्रैवल किया है और उसकी ट्रैवल हिस्ट्री निकालनी है। अभी उसके फोन और लैपटॉप से डिजिटल एविडेंस नहीं मिले हैं। इसको लेकर ज्योति से और पूछताछ की जानी है। कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया। पेशी के बाद ज्योति को मीडिया की नजरों से बचाने के लिए पुलिस फिल्मी स्टाइल में उसे बाहर ले गई। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में एक और जासूस गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद हारून को वीरवार को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। मोहम्मद हारून दिल्ली में स्क्रैप का काम करता है। साथ ही उस पर पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने के नाम पर अवैध धन वसूली करने के साथ ही राष्ट्रहित से जुड़ी सुरक्षा संबंधित सूचना साझा करने का आरोप है। एटीएस ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एटीएस ने उसके पास से दो मोबाइल और 16900 रुपए बरामद किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में अगले 72 घंटे तूफान और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

## 50 से 60 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चलने की आशंका

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कुछ दिनों से मौसम खराब बना हुआ है। अगले 7 दिन तक निरंतर बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर अगले 72 घंटे तक ओलावृष्टि और तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 25 से 28 मई तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह चेतावनी ऊना, हमीरपुर बिलासपुर,कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला को दी गई है। इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज तूफान चलने का पूर्वानुमान है। कई भागों में ओलावृष्टि भी फसलों को नुकसान कर सकती है। अन्य चार जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। विभाग की ओर से 5 जून तक के लिए अलग से पूर्वानुमान जारी किया गया है। 30 मई से 5 जून तक के दूसरे सप्ताह में राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



राज्य के मैदानी-निचले पहाड़ी क्षेत्रों और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, जबकि ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों के अधिकांश भागों में सामान्य वर्षा के आसार हैं।

### कई शहरों के तापमान में भारी गिरावट

**बीते** 24 घंटे के दौरान भी प्रदेश के कई भागों में अच्छी बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान बीते 24 घंटे में 2.1 डिग्री कम हुआ है। कसौली के मिनिमम टैम्परेचर में सबसे ज्यादा 6.8 डिग्री की गिरावट बीते 24 घंटे के दौरान दर्ज की गई है और यहां का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रह गया है। पांवटा साहिब का तापमान 5.0 डिग्री कम होने के बाद 23.0 डिग्री रह गया है। शिमला का तापमान भी 5.6 डिग्री कम होने के बाद 14.2 डिग्री, सोलन का तापमान 5.0 डिग्री कम होने के बाद 15.5 डिग्री रह गया है।

**खतरा** एक साल पहले जंगल में लगी थी आग, विभाग ने मार्किंग के बाद भी नहीं काटे 1000 से ज्यादा सूखे पेड़

# जनता हलकान, चीड़ के सूखे पेड़ों का करो कटान

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

- लोगों को सता रहा सूखे पेड़ों का खुद पर गिरने का डर

**हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के जठुंडा के जंगल में पिछले साल आग से जले 1000 से ज्यादा पेड़ अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। आग लगने से ये पेड़ सूख चुके हैं, जिससे सड़क से गुजरने वालों पर इनकी टहनियां अंधड़ से जगह-जगह गिर रही हैं। तेज हवा से इन सूखे पेड़ों के गिरने का भी खतरा बराबर बना हुआ है।

जंगल में बनी सड़क से सैकड़ों वाहन हर रोज गुजरते हैं। ऐसे में अगर अंधड़ ने विकराल रूप लिया, तो लोगों की जान भी जा सकती है। इलाके के लोगों ने विभाग से इन पेड़ों को काटने की मांग की है। बता दें कि पिछले साल गर्मियों में यह पूरा जंगल भयंकर आग की चपेट में आकर जल गया था। तब लगता नहीं था कि इसका कोई सूखा पेड़ अब हरा भरा हो पाएगा, लेकिन पिछली बरसात के बाद कुछ पेड़ों में जान आ गई। कुछ पेड़ दोबारा हरे-भरे भी हो गए, लेकिन ज्यादातर पेड़ अभी भी सूखे हैं।

### बदसूरत हुआ जंगल

**जंगल** में करीब 4000 छोटे-बड़े चीड़ के पेड़ हैं। ज्यादातर हिस्सा जल गया था, अब देखने में यह जंगल बदसूरत लगता है। इसके अलावा वाहन चालकों को भी दुर्घटना का भय सताता रहता है।

### विभाग नहीं कर रहा कोई गौर

**परेशान** लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे जितने भी सूखे पेड़ हैं, विभाग को उन्हें तत्काल कटवा देना चाहिए, ताकि हर समय व्यस्त रहने वाले इस रोड पर वाहन चालकों को इनके अचानक गिरने के डर से छुटकारा मिल सके। ऐसा इसलिए क्योंकि तूफान के समय यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं होता। छोटी-मोटी टहनियां तो गिरती ही रहती हैं। सेवानिवृत्त जोगिंद्र कायथ का कहना है कि विभाग के ध्यान में यह समस्या लाई गई है, लेकिन अभी हल नहीं हुआ है। उनका भी आग्रह है कि इस पर विभाग गौर करे।

### बरसात के बाद भी हरे नहीं होने पर वन निगम को सौंपेंगे : रेंज ऑफिसर

**मैहरे** में स्थित रेंज ऑफिसर मुनीम शर्मा का कहना है कि समस्या ध्यान में है, लेकिन दिक्कत यह है कि कुछ पेड़ फिर से हरे-भरे हो गए थे। आग की चपेट में आने के बाद एक बरसात का सीजन पेड़ों को दोबारा हरा-भरा होने के लिए देखना चाहिए। अब इस बरसात के बाद जो पेड़ सूखे हैं, उनकी मार्किंग की जाएगी और वन निगम को सौंप दिए जाएंगे।

अनंत ज्ञान विशेष



जठुंडा जंगल में सूख चुके चीड़ के पेड़।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में 15 पदों के लिए साक्षात्कार 28 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अणू स्थित एक कंपनी विमाँशु एलीवेटर एंड एस्केलेटर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव और टेक्निकल एग्जीक्यूटिव के 5-5 पदों सहित कुल 15 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 28 मई को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए आवेदक स्नातक होना चाहिए तथा उसकी आयु 25 से 35 वर्ष के बीच हो। इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव और टेक्निकल एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए इसी आयु वर्ग के स्नातक या किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक युवा पात्र होंगे। चयनित युवाओं को छह माह की ट्रेनिंग के दौरान प्रतिमाह 16 हजार रुपए, रहने की सुविधा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। छह माह के बाद इनके वेतन में वृद्धि की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### कर्नल विनय बने कोर्फबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हमीरपुर कोर्फबॉल एसोसिएशन का चुनाव डॉ. राहुल सुमन सचिव हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल एसोसिएशन की अध्यक्षता में होटल सी रॉक जाहू में संपन्न हुआ। संघ के सदस्यों की सहमति से रिटायर्ड कर्नल विनय चंद को अध्यक्ष चुना गया। पवन रोंगा को चीफ पैटर्न, विजय डोगरा को सीनियर वाइस प्रेजिडेंट, डॉ. राजनीश सिंह को सीनियर वाइस प्रेजिडेंट तथा सुबेदार कमलजीत शर्मा को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इस उपलक्ष्य पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष कर्नल विनय चंद ने कहा कि वह कोर्फबॉल खेल को ग्रामीण स्तर पर उन्नत करेंगे ताकि वहां के बच्चे इस खेल को सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल करें। कर्नल विनय चंद ने संघ को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का वचन दिया। कर्नल विनय चंद के अध्यक्ष बनने पर संघ के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर की और कहा कि कोर्फबॉल गेम को उन्नत करने के लिए मिलजुलकर प्रयास करेंगे।

### रजनी बनी भोटा स्कूल में एसएमसी की प्रधान

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पद के लिए चुनाव किया गया। इसमें रजनी देवी को सर्वसम्मति से प्रधान व सतपाल कटोच और कुशल कुमार को एसएमसी का नया सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सनम ने सभी अभिभावकों को स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र गतिविधियों में तो आगे रहे, वहीं वार्षिक परीक्षा परिणाम में जमा दो कक्षा की कला संकाय की गिरिजा शेखर शर्मा ने बोर्ड की मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने एसएमसी की नवनियुक्त प्रधान को बधाई दी। प्रधान रजनी देवी ने सभी को विश्वास दिलाया कि वह स्कूल के विकास के लिए पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।

### छात्रों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ बिताए सुनहरे पल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के विद्यार्थी परिषद के 15 छात्रों ने अध्यापकों डॉ. नीता सिंह, विनीता राणा, शिल्पा ठाकुर व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण के साथ वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र गांधी गौण हमीरपुर का भ्रमण किया। छात्रों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ म्यूजिकल कोल, कैरम बोर्ड खेल के साथ-साथ पहाड़ी गानों का भी लुत्फ उठाया। घर में बने व्यंजनों एवं फलों का वरिष्ठ नागरिकों छात्रों एवं अध्यापकों ने एक साथ स्वाद चखा। इस मौके पर डॉ. वीनस ने वरिष्ठ नागरिकों का मेडिकल चेकअप कर दवाइयां भी वितरित कीं। छात्रों ने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों से प्रश्न के उत्तर भी किए। वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र के मैनेजर अमरजीत व वरिद्र नारायण सेवा ट्रस्ट प्रधान मिलाप चंद ने इस सराहनीय कार्य के लिए स्कूल व बच्चों की प्रशंसा की। प्राचार्य शशि वाला ने कहा कि छात्रों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना भी नितांत आवश्यक है।

### त्रिशा कॉलेज में कल होगी पीटीएम की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा शिक्षा महाविद्यालय जोलसप्पड़ में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में अध्यापक अभिभावक बैठक 24 मई को सुबह 10 बजे होगी। बैठक में कई विद्यार्थियों के भविष्य संबंधी कई विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी अभिभावकों इस बैठक में उपस्थिति दर्ज करवाने की अपील की गई है।

### भाजपा समीरपुर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भारतीय जनता पार्टी समीरपुर मंडल द्वारा भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में अवाहदेवी बाजार में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे देशभक्ति के नारों से पूरे बाजार गूंज उठा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान व कमलेश कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों और उनके ठिकानों को तबाह कर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे देश की सुरक्षा के लिए निर्णायक बताया। मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से जनमानस में अपार उत्साह है और यह भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री एडवोकेट संजीव कुमार, मीडिया प्रभारी अनीश ठाकुर, महिला मोर्चा से अनीता गठानिया, नीलम अरोड़ा, मीना प्रेमी, कैप्टन मनमोहन सिंह, कैप्टन ध्यान सिंह, सूबेदार जोगिंदर सिंह सहित कई पूर्व सैनिकों और महिला मंडलों की अध्यक्षों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### विधायक कै. रणजीत कर रहे गांवों का दौरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक लगातार क्षेत्र का दौरा करके लोगों की समस्याओं को जानकर और उनके हल करवाने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाकर और पूरी जानकारियां इकट्ठी करवा कर बजट का प्रावधान करके लोगों को सुविधा प्रदान कर रहे हैं। कक्कड़ पंचायत में लोगों ने विधायक से बिजली की समस्या को लेकर अवगत करवाया था। उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि शीघ्र ही बिजली की समस्या को सुलझाने के लिए उचित कदम उठाएं, यदि बजट की समस्या है तो मैं अपने विधायक निधि से खर्च करने के लिए तैयार हूं। लोगों ने बताया कि आजादी के बाद पहला विधायक सुजानपुर से बना है, जो खुद लोगों की समस्याओं को जानकर उन्हें हल करवाने के लिए क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। स्थानीय विधायक रणजीत सिंह राणा ने बताया कि लोगों की समस्याओं को हल करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

### प्रशिक्षुओं ने पहचान स्पेशल स्कूल में किया सर्वे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन रामनगर के बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, उनकी जरूरतों का पता लगाने हेतु पहचान स्पेशल स्कूल का सर्वे किया। इस सर्वे के अंतर्गत प्रशिक्षुओं ने जाना कि अक्षम बच्चों को सक्षम बनाने में पहचान स्पेशल स्कूल कैसे मदद कर रहा है और मानसिक रूप से बीमार, मानसिक रूप से मंद, दृष्टि, श्रव्य तथा वाक विकलांगता के शिकार बच्चों को किस प्रकार से सामान्य शिक्षा प्रदान की जा रही है। उनकी दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे की जा सकती है। इसके बारे में जानकारी एकत्रित की। साथ ही पहचान स्कूल की प्रधानाचार्य चेतना शर्मा ने बताया कि स्कूल में ही यदि बच्चे की समस्या को एक अध्यापक समझ जाए और उसकी तरफ ध्यान दे तो बच्चे को स्कूल में ही सुधारा जा सकता है। उसे विशेष स्कूल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

# ट्रांसफर शिक्षक नहीं लगा पा रहे हाजिरी

## स्विफ्ट चैट बॉट ऐप से परेशान, तबादले के बाद भी पुराने स्कूल में ही चल रहे शिक्षकों के नाम

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** विद्या समीक्षा केंद्र द्वारा शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हेतु संचालित स्विफ्ट चैट बॉट एप से शिक्षक परेशान हो रहे हैं। इस ऐप में शिक्षक स्कूल कोड और शिक्षक के अपने राष्ट्रीय कोड से लॉग इन करते हैं, मगर शिक्षकों का तबादला होने पर यह ऐप त्वरित कार्य नहीं करती है।

8 मई को रिलीव ज्वाइन किए गए शिक्षकों का डाटा आज तक अपडेट नहीं हुआ है। विद्या समीक्षा केंद्र ने ट्रांसफर हुए शिक्षकों का गूगल शीट पर विवरण लिया और यू डाइज प्लस पोर्टल पर शिक्षकों को ऑनलाइन दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। शिक्षकों ने ये निर्देश भी पूरे कर यू डाइज प्लस में अपना नाम नए स्कूल में शिफ्ट कर दिया। इसके बाद डाटा सिंक होने की प्रक्रिया इतनी धीमी है कि पिछले 11 दिनों से यह डाटा ऑनलाइन अपडेट होकर सिंक करने में स्विफ्ट चैट ऐप सफल नहीं हो रही है। नतीजा यह है कि ट्रांसफर हुए शिक्षक का नाम स्विफ्ट चैट में अभी तक पिछले स्कूल में ही दिखाई दे रहा है और नए स्कूल में वे रोजाना अनिवार्य किया गया चेक इन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में इस समस्या का समाधान करने की अपील राजकीय टीजीटी कला संघ ने स्कूल शिक्षा निदेशक और समग्र शिक्षा अभियान निदेशक से की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर सहित समूची प्रदेश कार्यकारिणी ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति में शिक्षक के शिफ्ट होने की प्रक्रिया को सरल बनाना होगा और उसके लिए अलग टैब इसी ऐप में बनाना होगा(

इसमें रिलीविंग और ज्वाइनिंग की स्कैन कॉपी संबंधित स्कूल मुखिया तत्काल अपलोड करें और पीएमआईएस में भी अपडेट करें। संबंधित मुखिया के अप्रूवल उपरांत शिक्षक को राष्ट्रीय कोड अनुसार शिफ्ट करने की प्रक्रिया ऑनलाइन होनी चाहिए ताकि ट्रांसफर शिक्षक विभाग के रिकॉर्ड से कई दिनों तक बिना किसी वजह अनुपस्थित नहीं दिखें।

रोजाना चेक इन की शर्त के चलते यह सुधार अपेक्षित है। ऐसे में उपस्थिति रजिस्टर ही एकमात्र विश्वसनीय विकल्प साबित हो रहा है जहां शिक्षकों की उपस्थिति इन स्थितियों भी लग रही है।

### संघ ने ट्रांसफर प्रक्रिया सरल बनाने के लिए जताया आभार

टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री के अप्रूवल बाद एक दिन में ट्रांसफर की व्यवस्था की। संघ ने यह मांग 20 मई को मुख्यमंत्री के समक्ष सचिवालय में रखी थी क्योंकि तबादलों की जटिल प्रक्रिया में समायोजन और आदेश निकलवाना एक सप्ताह से लंबा समय ले रहा था। कई जगह शिक्षकों को ज्वाइन नहीं किया जा रहा था, जबकि उनके ट्रांसफर आदेश मुख्यमंत्री ने दिए थे।

### बदारन स्कूल के शिक्षकों ने अपनाया ड्रेस कोड



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरदीप ठाकुर एवं अन्य शिक्षकों ने स्वेच्छा से स्कूल में डीसेंट ड्रेस कोड अपना लिया है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक बच्चों के लिए आदर्श होते हैं, जो कि देश के निर्माता माने जाते हैं। शिक्षकों का ऐसा पहनावा बच्चों के समक्ष शिक्षक की मर्यादा, सादगी , शिष्टता और सम्मान का प्रतीक भी माना जाता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्कूल में यह ड्रेस कोड लागू किया है एवं उनके इस फैसले का स्कूल प्रशासन ने भी पूरा समर्थन किया है।

# नेरी इकाई ने 'पंछी हमारे मित्र' अभियान चलाया, पक्षियों को मिलेगा जल और भोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के द्वारा पंछी हमारे मित्र अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए स्वच्छ जल पात्र व खाद्य सामग्री रखकर पुण्य का काम करेंगे।

आज उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी में भीषण गर्मी का मौसम देखते हुए परिषद व एसएफडी के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा पक्षियों के लिए शीतल जल के पात्र महाविद्यालय परिसर में रखे गए। इकाई अध्यक्ष उज्जवल व सचिन अनीश का कहना है कि हमें केवल मानव के लिए ही नहीं अपितु संसार के समस्त जीव जंतुओं के लिए प्रेम, दया और सद्भावना रखनी चाहिए। प्रकृति में सभी जीवों का अपना-अपना महत्व है, इसलिए प्रकृति की रक्षा के लिए हम सबको हमेशा तत्पर रहना चाहिए और मानव का स्वभाव दयालु व सहयोगी भाव का होना चाहिए।

विद्यार्थी परिषद नेरी इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ जल पात्र व पक्षियों के लिए भोजन रखा जाएगा तथा इकाई के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने इसकी जिम्मेदारी ली है। इस मौके पर उज्जवल चोपड़ा, अनीश डडवाल, अनीश ठाकुर, कृष्ण कांत, कार्तिक रघुवंशी, सूर्यांश गुप्ता, शिवांश, वीरेन, निशांत, अनमोल, अर्णव, शिवांक, इशिता, स्नेहा, तान्या, काव्य चक्षु, अभिषेक, गौरव, कृतिका, तन्वी, अभिनाश चौधरी मौजूद रहे।



गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

# झनिक्कर में मिला गला-सड़ा शव जांच रिपोर्ट के बाद होगा क्लियर

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** टौणी देवी पुलिस चौकी के तहत पंचायत बारी के झनिक्कर गांव के रेन शेल्टर के नीचे एक गला-सड़ा शव मिला है। मौके पर पुलिस और पंचायत प्रधान पहुंच गए हैं। रेन शेल्टर की नीचे की ओर गहरी खाई है। बदबू फैलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। शव की हालत इतनी खराब हो गई है कि उसकी शिनाख्त करने में काफी वक्त लग गया।

शव की पहचान कश्मीर सिंह पुत्र अमर सिंह उम्र 39 साल गांव अमरोह तहसील भोरंज के रूप में हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि यह शव यहां कब से पड़ा हुआ है। जैसे ही झनिक्कर में शव मिलने की खबर फैली, स्थानीय वार्ड सदस्य पूनम , पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर तथा टौणी देवी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इस व्यक्ति को गांव में नहीं देखा। यह भी सवाल खड़ा हो गया है कि शव वहां कैसे पहुंचा।

पुलिस के अनुसार, अब तक किसी भी व्यक्ति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है, जिससे मामला और जटिल बन गया है। फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत प्राकृतिक थी या फिर किसी अपराध का शिकार हुआ था, जांच के नतीजे आने के बाद ही और स्पष्टता होगी।

# आग से वनों की सुरक्षा के लिए निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में हंस फाउंडेशन के सहयोग से आग से वनों की सुरक्षा हेतु जागरूकता के लिए एक गेस्ट लैक्चर व रैली का आयोजन किया गया।

इस गेस्ट लेक्चर के मुख्य अतिथि हंस फाउंडेशन नादौन की ब्लॉक समन्वयक कुमारी सीमा वांगना तथा उनके सहयोगी आयुष, ईशा चंदेल, अंकित शर्मा, उज्जवल, वन सुरक्षा कर्मी राम कुमार राणा तथा वन मित्र रिशु भारती व पायल शर्मा उपस्थित रहे।

# पंचायतों के क्लस्टर वाइज 24 से लगेंगे शिविर

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** प्रदेश सरकार द्वारा आदेशित वन अधिकारों के विषय में लोगों को जागरूक करने बारे उपमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एसडीएम नादौन के सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राकेश शर्मा ने की। इसमें खंड विकास अधिकारी नादौन, तहसीलदार नादौन, तहसीलदार गलोड़, वन परिक्षेत्र अधिकारी नादौन व गलोड़, नायब तहसीलदार कांगू, नायब तहसीलदार गलोड़, पंचायत समिति सदस्य, एसडीएम नादौन एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय नादौन के अधिकारी व कर्मचार आदि शामिल रहे। वन अधिकार अधिनियम (2006) के बारे में उपमंडल नादौन की प्रत्येक पंचायत के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन मई माह में संपन्न किया जाएगा। इसके लिए खंड विकास अधिकारी नादौन द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

कलस्टर वाईज लगाए जाने वाले शिविरों की जानकारी देते हुए बीडीओ निशांत शर्मा ने बताया कि क्लस्टर गलोड़ का शिविर 24 मई को पंचायत गलोड़ में 10.30 बजे होगा जिसमें पंचायत गाहली, गोईस, उट्टप, लहड़ा, कश्मीर, हड़ेटा, फाहल, सरेड़ी, गलोड़ खास, मैड़, पनयाली, मनसाई, बेहरड़जसाई भाग लेंगी।

26 मई को क्लस्टर मालग के अंतर्गत पंचायत बटराण, घलूं, बढेड़ा, सनाही, बूनी, मालग, मझेली, रंगस, जोल सप्पड़, पनसाई, हथोल , भदरूं, दंगड़ी व नौंहगी का शिविर पंचायत घर मालग में होगा।

27 मई को क्लस्टर भूंपल के अंतर्गत आने वाली पंचायत जलाड़ी, लाहड़ कोटलू, कोटला चिल्लियां, भूंपल, मण, कमलाह, मोहला, धनेटा, ग्वालपत्थर, बदारन, झलान, जीहण, बड़ा, चोड़ू,फस्टे व कलूर पंचायतों का शिविर ब्लॉक हेडक्वाटर में आयोजित किया जाएगा। 30 मई को क्लस्टर गौना के अंतर्गत आने वाली पंचायत गौना, बेला, भरमोटी खुर्द, बसारल, भदरोल, किटपल, अमलैहड़, मंझियार, करौर, बलडूहक, सपड़ोह, रैल, पुतड़ियाल, कंडरोला प्लासी व वरध्याड़ पंचायतों का शिविर ब्लॉक हेडक्वार्टर में आयोजित किया जाएगा।

# हिम अकादमी स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर ने सब-जूनियर राज्य वुशू चैंपियनशिप में अपने होनहार खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाया। कक्षा 9 की आहना और कक्षा 8 की नीतिका ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 7 के आरव ने रजत पदक और कक्षा 9 के समर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस गौरव में और वृद्धि करते हुए, आहना, नीतिका और सोमांश का चयन सब जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम में हुआ है।

यह प्रतियोगिता तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि को सम्मानित करने हेतु 22 मई को एक विशेष प्रात:कालीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अकादमिक प्राचार्या डॉ. हिमांशु, डी.एस.डब्ल्यू. संजीव ठाकुर, समन्वयिका विनिता गुप्ता, कंचन लखनपाल एवं मनीषा मारवाह और स्पोर्टर्स के एचओडी पीयूष ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यह अद्वितीय सफलता विद्यालय की खेल संस्कृति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाती है।

विद्यालय प्रबंधन ने विजयी छात्रों को बधाई दी और कोच विपिन कुमार तथा कमल सिंह का उनके मार्गदर्शन और समर्पित प्रशिक्षण के लिए आभार प्रकट किया।




वुशू प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया।

# आस्था अस्पताल में दंपती को 11 वर्ष बाद आईवीएफ से जुड़वां बच्चे मिले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



ग्यारह वर्षों से संतान की प्रतीक्षा कर रहे एक दंपती को यहां स्थित आस्था अस्पताल में इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) तकनीक के माध्यम से जुड़वां बच्चों का सुख प्राप्त हुआ है। एक पुत्र और एक पुत्री का सफलतापूर्वक जन्म डॉक्ट क्रांति और उनकी कुशल टीम की देखरेख में हुआ। यह सफलता न केवल चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धि है, बल्कि उन दंपतियों के लिए भी आशा की किरण है जो वर्षों से संतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मां और दोनों नवजात स्वस्थ हैं तथा चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

डॉ. क्रांति ने बताया कि यह परिणाम आधुनिक तकनीक, सही समय पर उपचार और दंपती के धैर्य का मिला-जुला फल है।

उन्होंने कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान में ऐसे अनेक विकल्प मौजूद हैं जो निसंतानता की समस्या को दूर कर सकते हैं। डॉ क्रांति ने बताया कि नवजात दोनों शिशु डॉक्टरों की निगरानी में हैं और स्वस्थ हैं।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ के चुनाव 27 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम ने कहा कि हमीरपुर जिले का सत्र 2025-27 के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 मई को पेंशनर भवन, हमीरपुर में करवाया जाना सुनिश्चित है।

जिला प्रधान केसी गौतम ने समस्त खंड इकाइयों से आग्रह किया है कि चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खंड में सक्रिय सदस्यों की सूची, चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने हेतु डेलीगेट्स के नामों 20 सक्रिय सदस्यों पर एक डेलीगेट की सूची तथा जिला व राज्य शुल्क शेयर की राशि जिला इकाई के पास जमा करवाएं। समस्त पदाधिकारियों, डेलीगेट्स व सदस्यों से अपील है कि वे 27 मई को 10 बजे प्रात: पेंशनर भवन, हमीरपुर में अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें।

# कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर शुक्रवार को हमीरपुर स्थित बोर्ड के मुख्यालय में श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही 14 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

बैठक में बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ सभी जिलों के श्रमिक कल्याण अधिकारी भी भाग लेंगे और अध्यक्ष को प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी कल्याणकारी योजनाओं की ताजा स्थिति से अवगत करवाएंगे।

# एडीसी ने संपर्क फाउंडेशन के डिजिटाइज्ड शैक्षणिक कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडीसी अभिषेक गर्ग ने वीरवार को यहां शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) में समग्र शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित किए जा रहे संपर्क फाउंडेशन के डिजिटाइज्ड शैक्षणिक कार्यक्रम 'संपर्क' के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार की दिशा में यह अत्याधुनिक सुविधा काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसमें विद्यार्थी विभिन्न विषयों को ऑडियो-विजुअल के माध्यम से बड़ी आसानी से समझ सकते हैं।

इससे शिक्षकों को भी अध्यापन में काफी आसानी होगी। एडीसी ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर दें, ताकि वे विभिन्न विषयों को गहराई से समझ सकें और इन्हें वास्तविक जीवन में आत्मसात कर सकें। अभिषेक गर्ग ने संपर्क फाउंडेशन के अधिकारियों से कहा कि अभी संपर्क ऐप में केवल विज्ञान के विषय ही पढ़ाए जा रहे हैं। इनमें अन्य विषय भी शामिल किए जाने चाहिए।

उन्होंने दो माह के भीतर इस ऐप में अन्य विषय शामिल करने तथा अंग्रेजी माध्यम भी शुरू करने के निर्देश दिए। एडीसी ने शिक्षा विभाग के उपनिदेशकों और संपर्क फाउंडेशन के जिला समन्वयक को विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की मासिक रिपोर्ट तैयार करने तथा ऐप को विद्यार्थियों की जरुरत के अनुसार नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्कूल की विभिन्न कक्षाओं में जाकर संपर्क ऐप के माध्यम से किए जा रहे अध्यापन कार्यों का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से बातचीत करके ऐप के बारे में फीडबैक भी लिया।

संपर्क फाउंडेशन के जिला समन्वयक तन्मय कुमार ने एडीसी और अन्य अधिकारियों को संपर्क ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती, प्रधानाचार्य मुश्ताक मुहम्मद और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।



विज्ञान के साथ-साथ अन्य विषयों तथा अंग्रेजी माध्यम शुरू करने के दिए निर्देश।

**मंथन** कमेटी की नई चयनित जगह पर लगेगा इस बार का भौदूशाह मेला

# मेले के उत्थान के लिए व्यापारियों की नहीं कटेगी पर्ची

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में 28 मई को आयोजित होने बाले मेला भौदूशाह के संदर्भ में आज बाबा भौदूशाह प्रबंधन एवं मेला कमेटी की बैठक कमेटी के अध्यक्ष संजीव जरियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में फैसला लिया गया कि 28 मई को कस्बा बड़ा में फकीर बाबा भौदूशाह की यादगार में आयोजित किए जाने बाले मेले की झंडा रस्म 27 मई को शाम 5 बजे निभाई जाएगी।

कमेटी के प्रधान ने बताया कि भौदूशाह कमेटी की हुई इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि फकीर बाबा भौदूशाह की यादगार में मनाए जाने वाले इस मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कमेटी द्वारा कुछ अहम फैसले लिए गए हैं, जिसमें से मेले का आयोजन स्थल से सबंधित फैसला मुख्य हैं।

कमेटी प्रधान ने बताया कि स्थानीय व्यापारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए मेले के आयोजन के लिए इस बार नए स्थान का चयन किया गया हैं। इस नए चयनित स्थान में मेले में बाहर से आने वाले व्यापारियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

मेला प्रबंधन कमेटी ने इस बार यें भी फैसला लिया है, कमेटी द्वारा जिस नई चयनित जगह में मेला आयोजित किया जाएगा, बहां बाहर से आने बाले व्यापारियों की कोई भी पर्ची नहीं काटी जाएगी एवं व्यापारियों को पानी की व्यवस्था एवं बिजली की व्यवस्था का भी पूरा प्रबंध. किया जाएगा ताकि बाहर से आने वाले व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

कमेटी ने मेले में बाहर से आने वाले सभी व्यापारी बंधुओं से निवेदन है कि दुकान लगाने से पहले वे एक बार कमेटी से इन नंबर 9736962306 और 9805484927 पर अवश्य संपर्क कर लें ताकि मेले की व्यवस्था सुचारुरूप से हो सके तथा व्यापारियों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।



बैठक में उपस्थित भौदूशाह मेला कमेटी के सदस्य।

# समिति ने बाल आश्रम की सुविधाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

बाल आश्रम सुजानपुर के त्रैमासिक निरीक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने एडीसी अभिषेक गर्ग की अगुवाई में आश्रम का दौरा करके विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। एडीसी ने आश्रम में बच्चों के रहने, खाने-पीने, पढ़ाई-लिखाई, मनोरंजन और शौचालय इत्यादि सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने संचालकों से कहा कि किशोर न्याय अधिनियम-2015 के तहत आश्रम में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, जिसमें किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। गर्ग ने बच्चों की डॉरमैट्री, किचन, स्टडी एवं कंप्यूटर रूम, शौचालय और राशन स्टोर में जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की तथा विभिन्न सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। एडीसी ने इन बच्चों को पढ़ाने के लिए ट्यूटर की व्यवस्था के बारे में भी संचालकों के साथ चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आश्रम के परिसर में विभिन्न कार्यों के लिए 15 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया है, जिसका जल्द ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य, मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. देसराज शर्मा, जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

|| जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा ||

|| ॐ श्री गणेशाय नमः ||



वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरुमे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

# विशाल कुश्ती दंगल मंदोली



आपको यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि
हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी

## 23–24–25 मई 2025 को



पीर बाबा मन्दोली, तह. इन्दौरा, जिला कांगड़ा का वार्षिक मेला बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा है।

**23 मई 2025**

को पंजाब के मशहूर गायक **कंवर ग्रेवाल**

प्रात 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक अपनी मधुर आवाज से मनोरंजन करेंगे।





एवं दोपहर 3.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक
**अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों**
की कुश्तियां करवाई जाएंगी।



**इंशात भारद्वाज**

**24 मई 2025**

हिमाचल के मशहूर गायक

प्रात 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम वेला पर प्रस्तुति देंगे।



एवं दोपहर 3.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक
**हिमाचली बच्चों के टाईटल**

जिला स्तरीय Under-19, 23 में भाग ले चुके बच्चों के टाईटल करवाए जाएंगे। आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

**25 मई 2025**

**महादंगल**

प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
कबालियों का कार्यक्रम होगा तद्पश्चात
जिसमें देश और विदेश के पहलवान अपनी कला का जौहर दिखाएंगे।

पीर बाबा जी का **लंगर** अटूट चलेगा।

नोट :- 25 मई को केवल बुलाए हुए पहलवानों की ही कुश्तियां होगी। बिन बुलाए पहलवानों की कुश्ती किसी भी सूरतेहाल पर नहीं करवाई जाएंगी। अत: अपना तथा कमेटी का समय बर्बाद न करें।

**दंगल कमेटी मंदोली की आप सभी को सादर आमंत्रित करती है।**

(M) : 94184-13003, 98574-70002, 9418144111, 8894898186, 9805116329, 7973369892, 8278829475

**जारीकर्ता:-** अमित शर्मा, डीएफओ वन विभाग मंडल नूरपुर एवं समस्त सरकारी ठेकेदार वन विभाग (इन्दौरा)

|| जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा || || जय पीर बाबा ||

## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी ने विमल नेगी की रहस्यमयी मौत पर मांगी सीबीआई जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मृत्यु ने प्रदेशभर में चिंता और आक्रोश का माहौल उत्पन्न कर दिया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने संवेदनशील और उच्च स्तरीय पद पर कार्यरत अधिकारी की मौत के पीछे लगातार नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं, किंतु अब तक कोई स्पष्ट निष्कर्ष सामने नहीं आया है। नैंसी ने कहा कि इस पूरे मामले में प्रदेश के डीजीपी और संबंधित एसपी शिमला के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह स्थिति राज्य की कानून व्यवस्था और जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।



### कमल चौहान बने हिमाचल आउटसोर्स महासंघ के नए प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल आउटसोर्स महासंघ की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की नई राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। महासंघ का गठन पूर्व कार्यकारिणी द्वारा हाल ही में सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के कारण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कमल चौहान को प्रदेशाध्यक्ष और धर्मेंद्र शर्मा को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने और कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। कमल चौहान ने कहा कि कार्यकारिणी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा, जिसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से भेंट कर राज्य में आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को सरकार के समक्ष प्रेषित करेगा।



### शिक्षा बोर्ड की लापरवाही ने मासूम छात्रों की ली जान: दिशांत जरयाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में हाल ही में हुए कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों को लेकर जो घटनाएं सामने आई हैं, वे अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। परीक्षा परिणाम जारी करने में हुई चूक और शिक्षा बोर्ड की लापरवाही के कारण प्रदेश के दो छात्र जीवन से हार मानकर आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाने को मजबूर हुए। यह न केवल शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह है। प्रदेश सह मंत्री दिशांत जरयाल ने कहा कि एक ओर जहां विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष मेहनत से पढ़ाई कर परीक्षा दी। वहीं दूसरी ओर शिक्षा बोर्ड ने परिणाम जारी करते समय आवश्यक सावधानी नहीं बरती। पहले 17 मई को घोषित परिणामों में अनेक कमियां पाई गईं, जिन्हें सुधारते हुए 21 मई को पुनः संशोधित परिणाम जारी करने पड़े।

प्रदेशभर का जो परिणाम 17 मई को 83.16 प्रतिशत था, वही परिणाम 21 मई को बढ़कर 88.64 प्रतिशत किया गया। दुर्भाग्यवश, इस बीच कुछ विद्यार्थियों को गलत तरीके से फेल घोषित कर दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ा और उन विद्यार्थियों ने न केवल अपनी जान गंवाई, साथ ही अपने परिवार के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस त्रुटि के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।



# हिमाचल प्रदेश में पोस्ट वार सुक्खू सरकार अब आर या पार!

## कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन बना टेढ़ी खीर, नए अध्यक्ष को लेकर भी मचा बवाल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोशल नेटवर्किंग साइटों पर पोस्ट वार जारी है। एक के बाद एक पोस्टें सामने आ रही हैं। इशारों की भाषा में निशाने लगाए जा रहे हैं। सुक्खू सरकार में यह पोस्ट वार सुर्खियों में है। उनके वरिष्ठ और कनिष्ठ मंत्री पोस्ट वार में कूद पड़े हैं।

सरकार के नजदीक कुछ एक अधिकारी भी पोस्ट वार में अपनी वफादारी निभाने में लगे हैं। यह सिलसिला पिछले तीन माह से यूं ही चल रहा है। प्रत्यक्ष तौर पर फिलहाल नाराजगी जैसी बात नहीं दिखती। मगर, अप्रत्यक्ष तौर पर नुकीले तीर छोड़ने की कोशिशें जरूर हो रही है।

यह बात जगजाहिर है कि कांग्रेस पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है, ये बातें लगातार सामने आ रही है और कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित वन मंत्री चंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपने-अपने तर्कों के साथ संगठन की कमजोरी का बखान कर चुके हैं। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी को भंग हुए छह माह से ज्यादा का समय हो गया है, मगर कांग्रेस हाईकमान अभी तक नई कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाया है और न ही नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर किसी नतीजे पर पहुंच पाया है।

कांग्रेस व सरकार के भीतर तालमेल न होने पर विपक्षी पार्टी बीजेपी खूब हो-हल्ला मचा चुकी है, मगर उसके खुद के दामन में भी नुकीले कांटे सहज ही नजर आते हैं। भाजपा पार्टी में भी कई गुट एक साथ काम कर रहे हैं, जो अपने-अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ते नजर आते हैं। यह पार्टी भी अभी तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर पाई है।

ऐसे में सत्तासीन कांग्रेस पार्टी के अंदर ताजा बवाल शांत माने जाने वाले ग्रामीण एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के पोस्ट वार से सामने आया है, जिनका यह वार नवनियुक्त होने वाले नए कांग्रेस अध्यक्ष सहित संगठन की गठित होने वाली नई कार्यकारिणी को लेकर हो सकता है।

### अनिरुद्ध सिंह दबाव बनाने की रणनीति पर कर रहे काम



**समझा** जा रहा है कि अनिरुद्ध सिंह भी दबाव बनाने की रणनीति पर काम करते दिख रहे हैं। संभवतः उनका नाम भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर आगे चल रहा है, जिस पर वे काबिज नहीं होना चाहते हैं, हालांकि इस तरह की दबाव की यह राजनीति डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सहित लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सीधे तौर पर कर चुके हैं, मगर उनका विरोध सोशल नेटवर्किंग साइटों तक ही सीमित रहा।

### अगले दो से चार दिन में पटाक्षेप होने की उम्मीद

**जाहिर** तौर पर ऐसी पोस्टें चलती रहती हैं। ऐसे में ताजातरीन मामला भी इसी संदर्भ में देखा जा सकता है, जहां पर हल्के-फुल्के दबाव के दर्शन स्पष्ट रूप में दिख रहे हैं, फिर भी यह जो कुछ दिख रहा है, उसका कारण भी कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन को लेकर मचा घमासान हो सकता है। वर्तमान स्थिति हालांकि जरूर हैरान करती है, मगर अगले दो से चार रोज के बीच इसका पटाक्षेप जाहिर तौर पर होने की पूरी उम्मीद है।

**सीएम सहित अन्य मंत्री दिल्ली में डटे**

**सीएम** सहित अन्य मंत्री भी इसी संदर्भ में दिल्ली पहुंच चुके हैं, जहां पर वह आलाकमान के साथ बैठक करेंगे। माना जा रहा है कि इस बार कांग्रेस को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है, साथ ही कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए आदर्श उप नियम जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन और स्वच्छता को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने आदर्श उप नियम-2025 जारी किए हैं। ये उप नियम हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 188 के तहत जारी किए गए हैं। राज्य की सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले 6 महीनों के भीतर इन उपविधियों/बाय-लॉ को अपनाएं।

ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से जानकारी दी गई है कि इन उप नियमों के तहत सभी घरों और संस्थानों पर ही पृथक करना, घर-घर कचरा संग्रहण, नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और स्वच्छता शुल्क की वसूली अनिवार्य होगी। एकत्रित धनराशि का उपयोग स्वच्छता सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और कचरा संग्रहण के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति पर किया जाएगा। ग्राम पंचायतें स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार स्वच्छता शुल्क और जुर्मानों की दरों में संशोधन करने के लिए स्वतंत्र होंगी।

ये उप नियम राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती ठोस कचरा समस्या से निपटने के लिए तैयार किए गए हैं। इससे पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जाएगा और नागरिकों को इन सेवाओं की मांग करने का अधिकार भी मिलेगा। साथ ही पंचायतों को राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान का उचित उपयोग सुनिश्चित होगा।

## सीएम ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर सिंह जसवाल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के सायरी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर सिंह जसवाल (83) के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका वीरवार सुबह उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। सीएम ने कहा कि जसवाल ने खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य और ग्राम पंचायत सायरी के प्रधान के रूप में लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## शिक्षा बोर्ड की लापरवाही ने छात्रा को पहुंचा दिया जिंदगी और मौत की दहलीज पर

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की एक लापरवाही की वजह से एक छात्रा जिंदगी और मौत से लड़ने को मजबूर हो चुकी है। बोर्ड की लापरवाही का खामियाजा छात्रा अस्पताल में मौत से लड़ते हुए भुगत रही है। बोर्ड की लापरवाही को लेकर लोगों में बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति भारी आक्रोश पैदा हो गया है तथा जनता अब दोषियों को सलाखों के पीछे धकेलने की मांग कर रही है।

पालमपुर की 12वीं की स्टूडेंट को बोर्ड ने 17 मई को जारी रिजल्ट में दो विषयों में फेल कर दिया था तथा कथित तौर पर इससे तनाव में आकर स्टूडेंट ने कीटनाशक पी लिया। स्टूडेंट को अंग्रेजी और राजनीति शास्त्र में फेल दिखाया गया था। कीटनाशक पीने के बाद उसे पहले पालमपुर अस्पताल ले जाया गया। बाद में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अब छात्रा की दोनों किडनियां खराब हो गई हैं। छात्रा के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। शिक्षा बोर्ड ने बीते दिनों स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रिजल्ट में संशोधन कर सुधार किया है तो छात्रा को पास घोषित कर दिया गया है।

**लंबे समय से बोर्ड के चेयरमैन का पद खाली:** शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन का पद लंबे समय से खाली चला हुआ है। वर्तमान में आईएएस अधिकारी हेमराज बैरवा के पास बोर्ड चेयरमैन का अतिरिक्त कार्यभार है। प्रदेश सरकार ने बीते माह बोर्ड सचिव का तबादला कर दिया था, लेकिन बाद में सरकार ने आदेश रद्द कर दिए थे। अब सवाल यह है कि बोर्ड की चूक के कारण जो छात्रा जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है, उसके दोषियों को सरकार सजा दे पाएगी?

## शिक्षा निदेशालय तय करे वर्दी का रंग : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूरे शिक्षक वर्ग ने फॉर्मल ड्रैस का स्वागत किया है।



और पूरा शिक्षक वर्ग फॉर्मल ड्रैस में अपनी सेवाएं दे रहा हैं, जबकि शिक्षा सचिव ने इसे मेंडेटरी नहीं बताया था, फिर भी शिक्षक फॉर्मल ड्रैस में स्कूल पहुंच रहे हैं। अब एक दूसरा फरमान विभाग की तरफ से आया है कि स्कूलों के हैडमास्टर व प्रिंसिपल स्कूलों में वर्दी का रंग स्वयं चूज कर लें। न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि ड्रैस कोड का हम स्वागत करते हैं, परंतु यह मांग करते हैं कि वर्दी का रंग शिक्षा निदेशालय तय करे, ताकि पूरे प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में एक ही रंग की वर्दियां शिक्षक वर्ग को मिले। संघ ने कहा कि शिक्षकों की वर्दी को छोड़कर पहले रिक्त अध्यापकों के पदों को भरा जाए और साथ ही अर्थव्यस्था के विकास के लिए इनके रोके हुए भत्ते दिए जाएं।

## पांगी घाटी को प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्राकृतिक खेती के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर मंथन।

हिमाचल दिवस के अवसर सीएम सुक्खू द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप पांगी घाटी को प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। पांगी क्षेत्र में उत्पादित जौ को 60 रुपए प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों का आर्थिकी में सुधार आने की उम्मीद है।

जानकारी मिली है कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक समिति का गठन किया गया, जिसने पांगी क्षेत्र की 3 पंचायतों शौर, पुर्थी और रई का दौरा किया। इस समिति ने पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय किसानों से बातचीत कर प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी साझा की।

किलाड़ में भी इस समिति की आवासीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक की गई, जिसमें प्राकृतिक खेती को अपनाने, इसके क्षेत्रवार क्रियान्वयन और पंचायतवार सुझावों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। आवासीय आयुक्त ने पंचायतीराज प्रतिनिधियों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इसके अलावा, शिमला से आए विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने भी प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

## एक विधवा न्याय मांग रही है और सुक्खू सरकार कर रही राजनीति : बिक्रम ठाकुर

### कहा-सरकार गुटबाजी, प्रशासनिक अराजकता और राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश आज एक संवेदनशील और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। राज्य के लोग संस्थानों से विशेषकर पुलिस व्यवस्था और मुख्यमंत्री कार्यालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं से अपना विश्वास खोते जा रहे हैं। सुक्खू सरकार ने शासन को गुटबाजी, प्रशासनिक अराजकता और राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा बना दिया है। मुख्य अभियंता स्व. विमल नेगी की दुखद और रहस्यमयी मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

यह पहली बार है जब माननीय उच्च न्यायालय को पुलिस को यह निर्देश देना पड़ा कि उनके अनुमति के बिना मामले में चार्जशीट दाखिल न की जाए और जांच पर सीधी निगरानी रखी जाए। यह इस बात का संकेत है कि जांच को प्रभावित करने की कोशिशें हो रही थीं और न्यायपालिका को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। अधिक चिंताजनक यह है कि पुलिस विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारी एसपी शिमला और डीजीपी अदालत में अलग-अलग पक्षों में खड़े नजर आए। यह किसी भी सरकार के प्रशासनिक चरित्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। कांग्रेस पार्टी की अंदरुनी गुटबाजी अब केवल पार्टी तक सीमित नहीं रही, बल्कि शासन के हर स्तर तक इसका असर पहुंच चुका है। 'एक पीड़ित महिला, एक विधवा' अपने दिवंगत पति के लिए न्याय की गुहार लगा रही है और सरकार की एजेंसियां राजनीति में उलझकर उसकी आवाज को दबाने में लगी हैं। यह न केवल नैतिक पतन है, बल्कि लोकतंत्र और मानवता के प्रति अपराध भी है।

### सरकार ने हिमाचल को नेतृत्वहीनता और असमर्थता की ओर धकेला



मैं पहले भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर हुए जंगलों की अवैध कटान के मुद्दे को उजागर कर चुका हूं। मेरे द्वारा यह मामला उठाए जाने के कुछ ही दिन बाद मंडी जिले में कांग्रेस के एक विधायक पर इसी तरह के गंभीर आरोप सामने आए। यह भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक संरक्षण की त्रासदी का स्पष्ट प्रमाण है। हिमाचल में शासन और न्याय व्यवस्था को जो ठेस पहुंची है, वह एक व्यक्ति विशेष को मुख्यमंत्री बनाने की भूल का परिणाम है। कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को नेतृत्वहीनता और असमर्थता की ओर धकेल दिया है।

## सुक्खू सरकार के नेता गुंडागर्दी और तानाशाही पर उतरे : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर विश्व चक्षु ने सुक्खू सरकार व कांग्रेस नेताओं पर तानाशाही और गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिमला सचिवालय में एक सुरक्षाकर्मी को कांग्रेस नेता की ओर से थप्पड़ मारना गुंडागर्दी का एक उदाहरण सामने आया है। सचिवालय व सरकार की सुरक्षा में खड़े सुरक्षाकर्मी का बस यही कसूर था कि उसने सचिवालय के भीतर जाने पर कांग्रेस नेता से पास दिखाने को कहा? हालांकि सरकारी दबाव के चलते इस मामले को थाना में रफादफा कर दिया है।, जबकि सुक्खू सरकार को थप्पड़ मारे वाले कांग्रेस नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश जारी करने चाहिए थे। सुक्खू सरकार की व्यवस्था परिवर्तन को पूरे प्रदेश की जनता देख ही है। किस प्रकार से निर्दोष कर्मचारियों को थप्पड़ मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के हिटलरशाही का अंत अब करीब है। चक्षु ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है और उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। सत्ता सुख भोगने में व्यवस्थ सुक्खू सरकार के कार्यकाल में चेहतों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि प्रदेश भर में विकास ठप पड़ा हुआ है।



## बच्चों ने नारा लेखन से बताए डायरिया रोकथाम के उपाय



जिया स्कूल में बच्चों को डायरिया के बारे में जागरूक किया गया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जिया में बच्चों को डायरिया के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने भाषण, चित्रकला और नारा लेखन की ओर से डायरिया फैलने और उसकी रोकथाम के उपायों के बारे में बताया गया।

विद्यालय के अध्यापक मनोज कुमार तथा गौरव सूद ने बच्चों को अच्छे से हाथ धोने तथा साफ-सफाई की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया।

**स्वस्थ खान-पान की दी महत्वपूर्ण जानकारी**

प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन ने बच्चों को डायरिया से बचने के विषय में व स्वस्थ खान-पान व जीवन शैली के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी अध्यापकों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं खरीदेगी सरकार

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** प्रदेश सरकार की ओर से किसानों की आर्थिकी मजबूत करने व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं जा रही हैं। नगरोटा बगवां ब्लॉक की तकनीकी मैनेजर प्रियंका ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ना देने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में सरकार की ओर से कृषि विभाग आत्मा परियोजना के विकास खंड नगरोटा बगवां के सिविल सप्लाई ऑफिस में बैजनाथ, पंचरुखी, भवारना लंबागांव, भेड़ूमहादेव, धर्मशाला, रैत, कांगड़ा, बड़ोह, नगरोटा बगवां ब्लॉक के किसानों की ओर से प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार की गेहूं 26 मई से 60 रुपए प्रतिकिलो के समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। इसके अलावा किसानों को 2 रुपए प्रतिकिलो का परिवहन किराया भी दिया जाएगा।

## डाडासीबा में स्टूडेंट्स को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**पिंकी, अनंत ज्ञान,** डाडासीबा। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में वीरवार को प्रधानाचार्य सुर्दशन कुमार की अध्यक्षता में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डाडासीबा के डीएसपी राजकुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान थाना प्रभारी मदन मोहन उपस्थित रहे। डीएसपी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया और मुहिम में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति की सेहत को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक स्थिति को बर्बाद कर देता है। युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को जड़ से खत्म करने में पुलिस का सहयोग करें। हिमाचल में बढ़ रही चिट्टा तस्करी पर चिंता जताई। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे किसी भी दवा का सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। यदि कोई छात्र या नागरिक नशा बेचते या करते हुए किसी को देखें, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## अरुण शर्मा ने संभाला नूरपुर एसडीएम का कार्यभार



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** उपमंडल नूरपुर में वीरवार को अरुण शर्मा ने बतौर उपमंडलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पूर्व चंबा एसडीएम के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि उपमंडल नूरपुर में राजस्व विभाग से संबंधित पेंडिंग कार्यों को गति दी जाएगी। फोरलेन निर्माण कार्य को गति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जनता को होने वाली समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल की आखिरी सीमा पर बसे प्रत्येक लाभार्थी तक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जाएगा, ताकि प्रत्येक लाभार्थी सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

## सहायता: गत वर्ष कांगड़ा जिले में 640 कामगारों के बच्चों को मुहैया करवाई 1.75 करोड़ की मदद

# कामगारों के बच्चों का उच्च शिक्षा का सपना साकार

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** सुख सरकार ने कामगारों के नौनिहालों की खुशी में उज्जवल भविष्य के रंग भर दिए हैं। कभी अपने परिजनों के साथ मेहनत मजदूरी में हाथ बंटाते इन नौनिहालों को उच्च शिक्षा हासिल करना महज एक सपना प्रतीत होता था, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने कामगारों के बच्चों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर सपने को न सिर्फ हकीकत में बदला, बल्कि उनके नौनिहालों को आत्मनिर्भर बनने की राह पर भी आगे बढ़ाया।

धर्मशाला तहसील के नरवाणा खास गांव के लखबीर सिंह, लेखराज, जवाली की रेणु देवी जैसे कई कामगारों ने कामगार कल्याण बोर्ड से वित्तीय मदद मिलने बाद अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवरते हुए देखा है। लखबीर सिंह की दो बेटियों को पढ़ाई के लिए 72,000 हजार रुपए की वित्तीय मदद मिली है, जिसमें एक बेटी ईशा सैणी एमएससी प्रथम वर्ष और दूसरी बेटी वंशिक जमा दो की पढ़ाई कर रही है। इसी तरह से लेखराम की बेटी जमा एक की पढ़ाई कर रही है, इन्हें 12000 की वित्तीय सहायता मिली है। रेणु देवी की दोनों बेटियों को 96000 की वित्तीय मदद मुहैया करवाई गई हैं, उनकी एक बेटी एमए तथा दूसरी बेटी बीए की पढ़ाई कर रही है। कांगड़ा जिले में गत एक वर्ष में कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से 160 कामगारों के बच्चों को शिक्षा के लिए एक करोड़ 17 लाख की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई है। लेबर कल्याण अधिकारी लोकेश ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो किसी भवन या निर्माण कार्य में कुशल, अर्द्धकुशल के रूप में या मैनुअल, लिपिकीय कार्य, सुपरवाइजर या तकनीकी, वेतन या पारिश्रमिक के लिए कार्य करते हैं। मिस्त्री, पेंटर, प्लंबर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, मजदूर व हेल्पर आदि कामगार की श्रेणी में आते हैं और हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से उन्हें पहली से पीएचडी तक पढ़ाई के लिए 8400 से लेकर एक लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राज्य सरकार ऐसे श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बोर्ड के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को समय-समय पर आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।



फाइल फोटो।

> **मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि कोई भी होनहार बच्चा केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे। कामगार कल्याण बोर्ड जैसे प्रयास इसी दिशा में एक मजबूत कड़ी है, जो राज्य के निर्माण में लगे मजदूरों को सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, सम्मान और संभावनाओं से भरा भविष्य भी देते हैं।
>
> **-नरदेव कंवर, अध्यक्ष, कामगार कल्याण बोर्ड।**

## हर बात की एक सीमा होती, जब सीमाएं टूट जाएं तो दिल पत्थराने लगता : शांता कुमार



**अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हर बात की सीमा होती है। सीमा की भी सीमा होती है। जब सब सीमाएं टूट जाएं, तो दिल पत्थराने लगता है और चिल्लाने लगता है। यही हाल कई वर्षों से अखबार में दो समाचार पढ़ते-पढ़ते मेरी तरह लाखों पाठकों का हो गया होगा। उन्होंने कहा कि आज के अखबार के पूरे पृष्ठ के 'शीर्षक में एक समाचार है। टांडा में 6 माह में 51 मौतें, चारों एक्स-रे मशीनें खराब, जरूरी टेस्ट एमआरआई व सीटी स्कैन के लिए 2 माह की लंबी तारीख। शांता ने कहा कि हिमाचल में कई दवाइओं के सैंपल फेल। दूसरे समाचार में अभी के टेस्ट में हिमाचल में बनी 57 दवाइयां फेल हो गईं। इससे पहले हिमाचल में अप्रैल माह में 32, मार्च माह में 38 और जनवरी माह में 28 सैंपल फेल हुए थे। हिमाचल में देश की 30 प्रतिशत दवाइयां का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि यह दो समाचार एक बार नहीं, बार-बार अखबारों में पढ़-पढ़कर मैं बहुत परेशान हो गया हूं। प्रदेश की महत्वपूर्ण इन दो बातों को पढ़कर बहुत दुखी हूं। आज कुछ भी कहने को मेरे पास नहीं है, केवल सरकार को एक उर्दू की कविता की ये पंक्तियां कह रहा हूं।

जनाजा है कोई कुर्सी तो नहीं, कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते।

## बल्लाह स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं व बारहवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम सराहनीय रहा। बारहवीं कक्षा में पीयूष डढवाल ने विज्ञान संकाय में 500 में से 450 अंक प्राप्त कर प्रथम, सागर ने 429 अंक लेकर द्वितीय तथा वंशिका ने 382 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। कला संकाय में महक ने 500 में से 444 अंक प्राप्त कर प्रथम, मुस्कान ने 409 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सक्षम चौधरी ने 400 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में आशिमा ने 500 में से 418 अंक, पल्लवी ने 404 तथा आंचल और कृष ने 373, 373 अंक हासिल किए। वहीं, दसवीं कक्षा में आकांक्षा चौधरी व नैंसी कपूर ने 700 में से 593, 593 अंक लेकर प्रथम, पारुल ने 587 अंक लेकर द्वितीय तथा दिव्यांशी ने 583 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या उर्वशी कटोच ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## भक्ति की रसधारा में डूबा नौशहरा गांव

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ लक्ष्मी नारायण मंदिर नौशहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गांव भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा की सरिता में डूबा रहा। मंदिर पुजारी संत बाबा कृष्ण गिरि जी महाराज और मंदिर समिति के सौजन्य से श्रीमदभागवत कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर जी ने अपने ओजस्वी और हृदयस्पर्शी शैली में सती चरित्र, कपिल भगवान की शिक्षाएं और बालक ध्रुव की भक्ति का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने सती माता के समर्पण, कपिल भगवान के तत्वज्ञान और ध्रुव की अडिग आस्था के माध्यम से जीवन में धर्म, संयम और भक्ति के महत्व को सरलता से समझाया। दूरदराज से आए भक्तों और स्थानीय ग्रामीणों ने भक्ति रस का भरपूर आस्वादन करते हुए इस अनोखी आध्यात्मिक यात्रा का आनंद लिया।

# भारत माता की जय के नारों से गूंजा पालमपुर



पालमपुर में भाजपा तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** भाजपा ने वीरवार को पालमपुर में तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें पालमपुर विधानसभा के सैकड़ों रिटायर्ड फौजियों ने मेडल लगाकर यात्रा में भाग लिया, जिससे तिरंगा यात्रा में अलग ही जोश देखने को मिला और इंडियन आर्मी के जयकारों से पूरा पालमपुर गूंज उठा।

प्रदेश महामंत्री त्रिलोक ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, उससे पूरी दुनिया में भारत की शान बड़ी है। उन्होंने कहा कि यह पुराना भारत नहीं, बल्कि मोदी का भारत है, अगर किसी ने हमारे देश से छेड़ने की कोशिश की, तो भारत छोड़ेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की कमान संभाली है, उनका स्टैंड पूरी दुनिया में क्लीयर है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखेगा। इस अवसर पालमपुर शहरी मंडल के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, ग्रामीण के सुरेश पठानिया, जिला महामंत्री राजेश राणु, अभिमन्यु भट्ट, शहरी मंडल प्रभारी विजय भट्ट, ग्रामीण सुरेंद्र ठाकुर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर सेना के शौर्य और पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक : रविंद्र धीमान

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**आलमपुर** से जांगल बाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य सफलता को आम जनमानस तक पहुंचाना और भारतीय सेना के साहस को नमन करना था। इस दौरान पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तनु भारती, रिटायर्ड कैप्टन दिलेर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और तिरंगे झंडे के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लिए युवाओं और बुजुर्गों ने भारत के गौरव और संप्रभुता को दर्शाया। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत अब केवल सहने वाला देश नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। तीन दिन में पाकिस्तान के 11 वायुसेना अड्डे नष्ट किए गए और सैकड़ों आतंकवादियों का सफाया किया गया। यह हमारी सेना की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रबल नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत की वायुरक्षा प्रणाली इतनी सुदृढ़ हो चुकी है कि पाकिस्तान की कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारतीय सीमा में घुसने में सफल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की रक्षा और अखंडता के प्रति सजग और समर्पित रहे। तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे स्वाभिमान, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा मंडल आलमपुर के अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र जोली सिंह, विनीत भारती, आलमपुर पंचायत प्रधान शकुंतला देवी, प्रधान विनता कटोच, प्रधान सुनीता धीमान, अंजू चौधरी, शिवा कटोच, योगेश कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



आलमपुर से जांगल बाजार तक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के साहस को नमन किया।

## हैप्पी बर्थडे



टक्का (ऊना) के अनुज शारदा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



घाटी बिलवां के राजकुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जोगिंद्रनगर के राजीव बहल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### रोलर स्केटिंग स्पर्धा में जीते 9 गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 19 से 22 मई तक स्टेयर्स युवा राष्ट्रीय खेल और पहले स्टेयर्स स्कूल खेल का आयोजन किया गया। हिमाचल की तरफ से राहुल स्केटिंग अकादमी कांगड़ा और राहुल स्केटिंग अकादमी धर्मशाला की तरफ से बच्चों ने रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। राहुल स्केटिंग अकादमी प्रथम, जिसमें बच्चों ने 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज प्राप्त किए। इस सफलता पर स्टेट हेड पवन अग्रवाल, जिला हेड राहुल, कोच कपिल महाजन, कोच शीतल और ऑफिशल सुमित कौंडल ने प्रदेशवासियों को बधाई दी। स्टेट हेड पवन अग्रवाल और जिला हेड राहुल ने कहा कि 9 जून से 13 जून तक गुरुग्राम में आइस स्केटिंग कैंप लगाय जाएगा। इसके बाद ये बच्चे नेपाल थाईलैंड, बैंकॉक और दुबई के लिए चयनित होंगे।

### गाहलियां स्कूल का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा कांगड़ा स्थित धर्मशाला अजय सम्बंयाल ने वीरवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ उप जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी भट्ट, सहायक निदेशक संजय ठाकुर भी मौजूद रहे। उप निदेशक अजय सम्बंयाल ने बच्चों को संबोधित किया। अध्यापकों तथा प्रधानाचार्य गुलशन अवस्थी को 10वीं तथा 12वीं के अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी। स्कूल के हिंदी अध्यापक राजीव डोगरा ने उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा कांगड़ा अजय सम्बंयाल को अपनी पहली पुस्तक 'अनकहे जज्बात' भेंट की।

### शीला चौक, धर्मशाला में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 24 मई को 11 केवी धर्मशाला फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों क्लब महिंद्रा, धर्मशाला पैराडाइस, पेट्रोल पंप, शीला चौक आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम कार्य की समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### मिनर्वा के बच्चों ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** मिनर्वा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर (ठाकुरद्वारा) के पांच बच्चों पलक, अवंतिका, अवनी, मेहुल व आस्था ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास करके इलाके का नाम रोशन किया है। सात बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिनमें पांच ने परीक्षा पास की है। प्रधानाचार्य रोजी राणा ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है । स्कूल अध्यक्ष दीक्षा राणा ने बताया कि बच्चों की सफलता के पीछे बच्चों व स्टाफ की कड़ी मेहनत है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी इस संस्थान के चार बच्चों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की थी और एक बच्चे ने नवोदय में प्रवेश पाया था। प्रधानाचार्य रोजी राणा और स्कूल स्टाफ ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है ।

### बिजली उपभोक्ता 31 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर-2 के सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि कोहाला, मटौर, अनसोली, झियोल, मसरेहड़, सुक्कड़, त्रैम्बलू, मंदल, मनेड, बनवाला, चैतड़, बगली, कंद्रेहड़, गंगभैरो, सकोह, चेलियां, जवाहरनगर, दाड़ी, बरोल, सुधेड़, सराह, शीला, पास्सू आदि स्थानों के लोगों ने पंचायत स्तर पर लगाए शिविरों में बिजली सब्सिडी से संबंधित ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को पहुंचकर 31 मई तक ई-केवाईसी करवा लें। उपभोक्ता जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बिजली बिल और अपना मोबाइल जो आधार कार्ड से जुड़ा हो साथ में लेकर आएं।

### शहीद नवीन कुमार के परिजनों से मिले परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल पंचायत के वीर सपूत सिपाही नवीन कुमार देश सेवा करते हुए कारगिल में भू-स्खलन की चपेट में आने से शहीद हो गए। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने वीरवार को शहीद के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवारजनों के साथ अपनी सवेंदनाएं व्यक्त कीं। परमार ने कहा कि मां भारती की सीमाओं की रक्षा के लिए उन्होंने वीरता का परिचय दिया है, देश उनके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। भगवान शोकग्रस्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### संशोधित परिणाम में खबली स्कूल के होनहार छाए

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** प्रदेश शिक्षा बोर्ड की ओर से प्लस टू कक्षा के अंग्रेजी विषय में बुधवार को किए गए संशोधन ने देहरा के खबली स्कूल के विद्यार्थियों की मेहनत को नई उड़ान दे दी। 37 विद्यार्थियों में से अधिकांश को 8 से 17 अंकों तक का लाभ मिला है, जिससे मेरिट में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। खबली स्कूल की प्रधानाचार्या रमा सिंह ने बताया कि संशोधित परिणाम में 13 छात्र-छात्राओं को 15 से 17 अंक तक का लाभ मिला है, जबकि बाकी विद्यार्थियों को 8 से 13 अंकों की बढ़ोतरी मिली है।

### नगरोटा सूरियां में लगे वंदे भारत के नारे

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** ऑपरेशन सिंदूर में मां भारती की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय जवानों को नमन कर नगरोटा सूरियां में भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जवाली भाजपा नेता संजय गुलेरिया की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा तीन बोटु से मुख्य बाजार से होते हुए बस स्टैंड तक भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ निकाली गई। तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिकों ने पूरे जोश से यात्रा में नारों संग हिस्सा लेकर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

### स्टूडेंट्स को दी नशे से दूर रहने की सीख

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णनगर में वीरवार को प्रातःकालीन सत्र में भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला के सौजन्य से 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रीतम भारती, संस्कार संयोजक विपिन भारद्वाज, सुरिंद्र धीमान, शाखा महासचिव अनुज आचार्य, उदय सिंह राणा और हरीश अरोड़ा ने विद्यार्थियों को समय की पाबंदी, अनुशासन, चरित्र निर्माण जैसे गुणों को अपनाने, बड़ों का सम्मान करने की सलाह दी। क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया और बुरी संगत एवं नशे से दूर रहने की सीख दी।

## बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन पर वीर सैनिकों की फोटो गैलरी स्थापित

### सांसद राजीव भारद्वाज और इंदु गोस्वामी ने किया लोकार्पण

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन के पुनः निर्माण के उद्घाटन के अवसर पर भारतीय रेलवे की ओर से सैनिकों के प्रति सम्मान को दर्शाती हुई फोटो गैलरी स्थापित की। इसमें प्रदेश के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर मेजर सोमनाथ, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन सौरभ कालिया सहित कई वीर सैनिकों के चित्र स्थापित किया। इसका लोकार्पण कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज और इंदु गोस्वामी ने किया।



परमवीर चक्र विजेता मेजर मेजर सोमनाथ, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन सौरभ कालिया सहित कई वीर सैनिकों के चित्र स्थापित किए।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और रेल मंडल जम्मू के प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि भारतीय रेलवे हमेशा ही सैन्य और अर्धसैनिक बलों के प्रति सम्मान की वचनबद्धता को निभाती आई है। जम्मू रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक उचित सिंघल बाकायदा दर्शकों को वीर सैनिकों की बहादुरी और शौर्य का बखान नजर करते आए। रेलवे विभाग ने रेलवे स्टेशन में वीर सैनिकों के लिए अलग से बैठने के लिए बेंच लगाए गए। वहीं, बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के मौके पर विधायक किशोरी लाल और पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी एक ही सोफे पर विराजमान हुए। आपस में बातचीत भी करते नजर आए। किशोरी लाल ने कहा कि राजनीति में मतभेद होना एक संभाविक प्रक्रिया है, लेकिन विकास के मामलों और सामाजिक जीवन में मनभेद नहीं होने चाहिए।

## गिरते पर्यटन कारोबार को लेकर होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन की बढ़ी चिंता

# पर्यटक बिना किसी डर के आएं हिमाचल : अश्वनी

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला ने लगातार गिरते पर्यटन उद्योग को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस मामले में सरकार से निर्णायक कदम उठाने की मांग की है।



पत्रकारों को संबोधित करते होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांवा।

धर्मशाला में वीरवार को पत्रकार वार्ता के दौरान होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कड़े शब्दों में कहा कि पर्यटन सीजन चला हुआ है, मगर पर्यटक गायब हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पर्यटकों की ओर से एडवांस में करवाई बुकिंग को रद्द करवाया जा रहा है, जिससे होटल व्यवसायियों को भारी नुकसान उठाना पड़ गया है। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांवा ने कहा कि हाल ही में पहलगाम हत्याकांड के पीड़ितों के प्रति हम अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम हिंसा के इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं, जिसने देश और विदेश में यात्रियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। घटना और दोनों देशों के बीच चल रही शत्रुता के मद्देनजर, हिमाचल प्रदेश सहित कई क्षेत्रों में पर्यटन अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ है। हालांकि, हम सभी पर्यटकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि धर्मशाला और पूरा हिमाचल क्षेत्र पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुरक्षित है।

राज्य में कोई सुरक्षा खतरा या गड़बड़ी नहीं हुई है। हिमाचल का भारत के सबसे शांत और पर्यटक-अनुकूल स्थलों में से एक होने का गौरवपूर्ण रिकॉर्ड है। हिमाचल प्रदेश सरकार, स्थानीय अधिकारी और आतिथ्य प्रदाता सुरक्षा और सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखना जारी रखते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पर्यटक सोच रहे हैं कि हिमाचल भी सुरक्षित नहीं है, जबकि प्रदेश पूरी तरह से सुरक्षित है। पर्यटकों के लिए होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन होटलों में 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया है, ताकि पर्यटक बिना किसी डर के हिमाचल आ सकें। उन्होंने पर्यटकों से निवेदन किया है वे अपनी बुकिंग को कैंसिल न करवाएं। उन्होंने जून व जुलाई में अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि हम भारत और विदेशों से आने वाले पर्यटकों से आग्रह करते हैं कि वे डर के कारण अपनी योजनाएं रद्द न करें।

## विधायक किशोरी ने किया उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने गदियाड़ा पंचायत में उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन किया। किशोरी लाल ने कहा कि इस उचित मूल्य की दुकान की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों को सेवाएं दी जाएंगी तथा क्षेत्रवासियों को खाद्यान्न, चीनी आदि आवश्यक वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने दोहराया कि इस से सभी राशन कार्डधारकों को समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी व उन्हें राशन लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं को सुना। इस अवसर प्रधान ग्राम पंचायत गदियाड़ा भावना देवी, उपप्रधान ग्राम पंचायत गदियाड़ा अनिल अवस्थी, अध्यक्ष युवा कांग्रेस बैजनाथ अतुल चौधरी, रवि स्याल सहित सभी वार्डों के सदस्यगण व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री देवी भागवत महापुराण कथा एवं यज्ञ पूर्णाहुति का धार्मिक समापन समारोह भक्ति भाव से संपन्न



श्री देवी भागवत महापुराण कथा के समापन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व अन्य।

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**बंदाहू** पंचायत के शांतल मंदिर में आयोजित श्री देवी भागवत महापुराण कथा एवं यज्ञ पूर्णाहुति का समापन समारोह भक्ति भाव से संपन्न हुआ। यह आयोजन महंत श्री कृष्णापुरी जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, बीडीसी चेयरमैन कुलवंत सिंह राणा और भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विपिन सिंह परमार ने कहा कि श्री देवी भागवत जैसी दिव्य कथाएं केवल धार्मिक आयोजन नहीं होतीं, ये आत्मिक उत्थान का माध्यम होती हैं। यह आयोजन हम सबके लिए एक आध्यात्मिक पुनर्जागरण है। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि ऐसी धार्मिक परंपराएं गांवों में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखती हैं। इससे भाईचारे की भावना प्रबल होती है। कुलवंत सिंह राणा ने कहा कि यह स्थल भविष्य में धार्मिक पर्यटन के रूप में उभर सकता है, जिससे क्षेत्र को आध्यात्मिक ही नहीं, आर्थिक लाभ भी मिल सकता है। देवेंद्र ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि गांव की एकता और संस्कृति का जीवंत उदाहरण भी बना। यह मिसाल है कि जब पूरा गांव एकजुट होता है, तो हर आयोजन सफल होता है। महंत श्री कृष्णापुरी जी महाराज ने सभी भक्तों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि धर्म की भावना से किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है। ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना बनाए रखते हैं और आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# जैव विविधता के संरक्षण के लिए बनेगा प्लान : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**सभी विकास खंडों में गठित होंगी जैव विविधता प्रबंधन समितियां**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले के सभी विकास खंडों में जैव विविधता प्रबंधन समितियां गठित की जाएंगी। इसमें युवाओं, स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं और ग्रामीण समुदायों को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा, ताकि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकें। डीसी बैरवा ने जैव विविधता प्रबंधन समितियों को पुनः सक्रिय करने के लिए विशेष जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि मिशन का उद्देश्य जैव विविधता प्रबंधन समितियों की भूमिका को फिर से सशक्त बनाना है, ताकि वे जलवायु परिवर्तन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन 2025 की थीम के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

उन्होंने बताया कि यह जिम्मेदारी जिला आपदा प्रबंधन के जिला इंटरेजेंसी ग्रुप के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के परामर्श से जन जैव विविधता रजिस्टर (पीबीआर) तैयार किया जाएगा व स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता, उपयोग और उनसे जुड़े पारंपरिक ज्ञान के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी, ताकि ग्रामीण स्तर पर जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्लान तैयार किया जा सके।

इस पहल के तहत वीरवार को डीआरडीए हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एनजीओ, नागरिक समाज संगठनों और स्थानीय संस्थाओं की जैव विविधता संरक्षण में भूमिका पर चर्चा की गई। सम्मेलन में वक्ताओं ने सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने, स्थानीय पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण पर बल दिया। इससे पहले कन्वीनर, जिला इंटरएजेंसी ग्रुप हरजीत भूलर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जैव विविधता प्रबंधन समितियां की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी प्रोजेक्ट डीआरडीए चंद्रबीर सिंह, डॉ. अंजन कालिया, डॉक्टर अशोक कुमार सोमल, एसएस बेनस, अनीता कुमारी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 6.78 करोड़ से बनेगी ठठड त्रिपल-मेवा सड़क : कमलेश



लोगों की समस्याओं को सुनतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विधानसभा क्षेत्र देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने त्रिपल पंचायत में विधायक गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों से मिलीं और जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि 6.78 करोड़ की लागत से नाबार्ड के अंतर्गत ठठड-त्रिपल-मेवा सड़क का निर्माण कार्य होगा और इसी सड़क पर 23 लाख रुपए की लागत से 10 मीटर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। रानीताल-लुनसू वाया त्रिपल सड़क पर नागनी खड्ड में 50 हजार रुपए से पुल का निर्माण होगा। 5.50 लाख रुपए त्रिपल पंचायत में रास्ते, रिटेनिंगवॉल जैसे विकास कार्यों के लिए खर्च किए जा रहे हैं। कमलेश ने कहा कि प्रदेश सरकार 2 हजार पद टीमेट और मल्टीटास्क वर्कर्स बिजली विभाग में जल्द भरने जा रही है। त्रिपल के नजदीक बनखंडी में चिड़ियाघर बनने जा रहा है, जिससे पर्यटन के साथ-साथ इलाके के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को मां बगलामुखी की फोटो भेंट की।

## पालमपुर नगर निगम की पहल लाई रंग, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 17 ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पालमपुर नगर निगम और हिम विद्यार्थी फाउंडेशन राजपुर के संयुक्त प्रयासों से संचालित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा कोचिंग कार्यक्रम ने असाधारण सफलता हासिल की है। इस पहल के तहत कुल 22 छात्रों में से 20 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी और उनमें से 17 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है और योग्यता सूची में अपना स्थान पक्का किया है।

यह कोचिंग कार्यक्रम जनवरी 2025 में शुरू किया गया था। इस पूरी परियोजना की परिकल्पना विधायक आशीष बुटेल ने की थी। इस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन और छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा सुनिश्चित करने में हिम विद्यार्थी फाउंडेशन राजपुर के प्रबंध निदेशक अभयजीत सिंह अकेला का नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। इस पूरे कार्यक्रम की निगरानी पालमपुर नगर निगम के आयुक्त आशीष शर्मा और महापौर गोपाल नाग ने की । उन्होंने नियमित रूप से कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की, छात्रों और प्रशिक्षकों की जरूरतों को समझा, और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

पालमपुर नगर निगम अपने निवासियों के कल्याण और युवा पीढ़ी के भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, सशक्त नेतृत्व, पर्याप्त संसाधन और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ, हमारे बच्चे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। नगर निगम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सफल हुए 17 छात्रों ने न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे पालमपुर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है, उन्हें अब सैनिक स्कूल में प्रवेश का मौका मिलेगा, जहां वे एक अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को आकार दे सकेंगे।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मनाया जैव विविधता दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला ने वीरवार को बोर्ड की स्वर्ण जयंती वर्ष (21 दिसंबर 2024 से 21 दिसंबर 2025) के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एचआईईटी) में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने भाग लिया।

**पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की सभी से की अपील**

इस उपलक्ष्य पर बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ई. बरुण गुप्ता, ई. रजत कुमार, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं रमन कास्था, अध्यक्ष, डा. नरेश शर्मा, डीन एकेडिमिक, एचआईईटी ने सभी से पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की तथा पर्यावरण नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

## विधायक मलेंद्र ने सुनीं समस्याएं विकास कार्यों का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान, इंदौरा

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने वीरवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की गगवाल पंचायत में 5 लाख रुपए की दो विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। 2 लाख रुपए की लागत से गगवाल में सड़क से लेकर श्मशानघाट तक संपर्क मार्ग निर्माण और 3 लाख रुपए की लागत से हगवाल गांव में लेहर सिंह के घर से पवन सिंह के घर तक रास्ता निर्माण कार्य शामिल हैं।

**विधायक ने सुनी जनसमस्याएं**

विधायक ने कहा कि रास्तों के बनने से लोगों की लंबे समय की मांग पूरी होगी। विधानसभा क्षेत्र में 3.80 करोड़ की लागत से 3 ट्यूबवेल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1.15 करोड़ की लागत से एक ट्यूबेल का निर्माण गगवाल पंचायत में ही किया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। विधायक मलेंद्र राजन ने वन विश्राम गृह इंदौरा में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर अपने सुझाव व शिकायतें रखीं। विधायक ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इंदौरा क्षेत्र में जलापूर्ति से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी गांव या क्षेत्र में पानी की समस्या न उत्पन्न हो।

# मीरथल में पंजाब पुलिस पर फायरिंग, सभी आरोपी गिरफ्तार



पुलिस के साथ आरोपी।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** हिमाचल-पंजाब सीमा पर स्थित मीरथल में पंजाब पुलिस पर कुछ लोगों ने फायरिंग और फरार हो गए। हिमाचल पुलिस की मदद से सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

मीरथल में पंजाब पुलिस की सीआईए स्टाफ वाहनों में कुछ संदिग्ध होने की सूचना मिली थी और जब पंजाब पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया तो वाहन सवार लोगों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कारवाई में पंजाब पुलिस ने भी वाहन पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया, लेकिन वे मौका से वाहन से फरार होकर सिविल अस्पताल इंदौरा पहुंचे। जहां चिकित्सा अधिकारी ने इंदौरा पुलिस को उक्त व्यक्ति को गोली लगने से घायल होने की सूचना दी गई। इंदौरा पुलिस अस्पताल पहुंची व घायल व्यक्ति के साथी को हिरासत में ले लिया। घायल को गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। हमलावर इतने शातिर थे कि उनके साथी ने दो लोगों को अस्पताल में छोड़कर वाहन को छिपा दिया और एक अन्य वाहन लेकर फरार हो गए। एसडीपीओ इंदौरा संजीव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने जिस गाड़ी पर गोली चली थी, उसे इंदौरा थाना क्षेत्र के एक स्थान से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी व फरार दो लोगों को वाहन सहित कंडवाल से गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली बच्चे डाकघर में जीरो बैलेंस से खोलें खाता

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी डाकघरों में जीरो बैलेंस से अपने खाते खोल सकते हैं जिससे सरकार द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली राशि की आसानी से निकासी की जा सकती है। यह जानकारी अधीक्षक डाकघर मंडल सोलन संदीप धर्मानी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दी गई। संदीप धर्माणी ने कहा कि डाकघर की सुविधा ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध होने से लोगों को डाकघर के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं अब घरद्वार पर उपलब्ध हो रही है। कार्यकारी प्रधानाचार्य देविंदा चौहान ने पाठशाला में शिविर लगाने के लिए डाकघर विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### सुन्नी में तिरंगा यात्रा से बढ़ाया सेना का मनोबल



**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** देश की सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए गुरुवार को सुन्नी में स्थानीय लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेला मैदान सुन्नी से आरंभ हुई यह तिरंगा यात्रा बीबीएमबी कॉलोनी के प्रवेश द्वार से सुन्नी बाजार और हनुमान मंदिर से होते हुए सुन्नी मुख्य चौक पर पहुंची। इसी कड़ी में उपमंडल सुन्नी के मुख्यालय में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

### नाथपा बांध से छोड़ा जा रहा पानी, लोग रहें दूर

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उप-मंडलाधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि एनजेएचपीएस नाथपा से प्राप्त सूचना के अनुसार नाथपा बांध में आने वाला डिस्चार्ज लगातार बढ़ रहा है। इसलिए गुरुवार सुबह से रेडियल गेट के माध्यम से लगभग 50 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। नाथपा बांध के बहाव में कुल सम्भावित डिस्चार्ज करीब 124 क्यूमेक्स होगा। उप-मंडलाधिकारी रामपुर ने खंड विकास, पुलिस, राजस्व, राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वें लोगों को सचेत करें कि लोग सतलुज के आस पास न जाएं क्योंकि नाथपा बांध से अतिरिक्त पानी को छोड़ने पर नदी का जलस्तर बढ़ सकता है और जान माल का नुक्सान हो सकता है।

### कांग्रेस ने मतदाताओं का किया अपमान : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने भाजपा नेता चेतन बरागटा पर बेबुनियाद टिप्पणियां कर जुब्बल-कोटखाई के मतदाताओं का अपमान किया है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र चौहान, यशवीर जस्टा, अशोक जस्टा, रिंकू घालटा, सुशांत बसोली, सुनील चौहान, अभिषेक बरागटा और सतीश हिमटा ने कहा कि शायद कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा का मानसिक संतुलन खो गया है, इसलिए वो आजकल बहकी-बहकी बाते करने लगे है। रोहित ठाकुर हर जनसभा मे जुब्बल नावर कोटखाई में जिन 120 सड़कों की पासिंग की बात करते है, उन सभी सड़कों के लिए बजट का प्रावधान पूर्व मंत्री दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा ने किया था।

### कांग्रेस पदाधिकारियों के बयान शर्मनाक : उमेश



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री के गृहक्षेत्र जुब्बल-नावर-कोटखाई की सरकारी स्कूलों में दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की वास्तविकता को सामने ला खड़ा किया है। उमेश ने बताया कि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा चेतन बरागटा के प्रति की गई टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गैर जिम्मेदाराना है। एक जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिक के नाते चेतन बरागटा ने जब शिक्षा मंत्री से उनके क्षेत्र की विफलता पर सवाल किया, तो कांग्रेस नेताओं ने जवाब देने की बजाय व्यक्तिगत आरोपों का सहारा लिया।

# जिले में कुत्तों का आतंक पैदल चलना हुआ मुश्किल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान



**शिमला।** राजधानी शिमला में लावारिस कुत्ते आम आदमी की परेशानी का सबब बनने लगे हैं। हर रोज कुत्तों के काटने से दर्जनों लोग अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। हाल ही में एक ही दिन में कुत्तों ने शहर में 11 लोगों को काट लिया था। पीड़ित लोग आनन-फानन में आईजीएमसी और डीडीयू में उपचार के लिए पहुंचे, इनमें से दो लोगों को कुत्तों ने बुरी तरह से काट डाला था। शहर के पाश इलाके ताराहॉल स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत सुरेश लखनपाल अपनी बेटी को लेकर स्कूल की ओर जा रहे थे, सुबह करीब 7:25 बजे जैसे ही कार्टरोड पर सब्जी मंडी सड़क के पास पहुंचे, तो अचानक तीन-चार कुत्तों ने उनकी बेटी पर हमला कर दिया।

पीड़ित छात्रा के पिता लखनपाल सहित मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने डंडों और पत्थर लेकर कुत्तों को यहां से भगाने में सफलता पाई।

इसके बाद सीएस पद पर विधानसभा में तैनात कर्मचारी उमेश शर्मा पर सुबह 9:00 बजे लावारिस कुत्तों ने हमला कर दिया। वार्ड पार्षद आशा शर्मा ने कहा है कि दो दिन पहले भी इन कुत्तों ने दो बच्चों को काटा था। नगर निगम इन्हें पकड़े ताकि, लोगों को बचाया जा सके। अन्य मामले शहर के पंथाघाटी, मैहली, टुटू आदि क्षेत्रों से आए हैं।

कुत्तों के हमले से जख्मी हुए शिक्षक सुरेश लखनपाल ने कहा कि शहर में रोज कुत्ते लोगों को लहूलुहान कर रहे हैं। आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा, मगर अब स्थितियां बर्दाश्त से बाहर हो गई है वे कोर्ट जाकर ही अब इसका समाधान ढूंढेंगे।

### कुत्तों की नसबंदी के लिए नियमित चिकित्सक तैनात



**शिमला** की डिप्टी मेयर उमा कौशल ने बताया अब लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कुत्तों की नसबंदी के लिए नियमित चिकित्सक तैनात कर दिया है। उन्होंने ज्वाइन करते ही अपना काम भी शुरू कर दिया है और वे अपने टीम के साथ आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करा रहे हैं।

### डॉग हाउस में छोड़े जाएंगे कुत्ते

**उमा** कौशल ने बताया कि कुत्तों को डॉग हाउस में छोड़ा जाएगा। डिप्टी मेयर ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है इन आवारा कुत्तों का समाधान अगले दो माह में हो जाएगा और इनका पूरी तरह से सफाया करने में वे कामयाब होंगे।

### चरस सहित एक व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने पुलिस चौकी खदराला के अंतर्गत ग्राम पंचायत खंगटेड़ी निवासी एक नेपाली मूल के व्यक्ति को 404 ग्राम चरस रखने के अपराध में पकड़ा है। जिस पर पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आगामी छानबीन जारी है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### 150 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, शिमला देवेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटिड सिक्योरिटी झबोला तहसील झंडुता जिला बिलासपुर के लिए जिला शिमला में सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 150 पद के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

उम्मीदवार दस्तावेजों सहित 26 को उप-रोजगार कार्यालय ठियोग, 27 मई, 2025 को उप-रोजगार कार्यालय जुब्बल तथा 28 मई, 2025 को रामपुर में पहुंचे।

## एबीवीपी नेरवा इकाई ने चलाया विद्यालय सदस्यता अभियान

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेरवा इकाई द्वारा विद्यालय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को संगठन से जोड़ना, उनमें राष्ट्रभावना जागृत करना, और छात्रहितों के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्रों को एबीवीपी की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत करवाया गया। इस दौरान महाविद्यालय में आने वाले छात्रों को बताया गया कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो शिक्षा, सेवा और संस्कार के माध्यम से छात्रहित और समाजहित के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

एबीवीपी के अयाम 'स्टूडेंट्स फॉर सेवा' (एसएफडी) के माध्यम से परिषद द्वारा समाज सेवा के विभिन्न कार्य किए जा रहे है। 'बस्ती की पाठशाला' चलाई जाती है, जहां जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## जुब्बल-कोटखाई के दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत पराली के मुंडाधार (ड़ीम) गांव से संबंध रखने वाले भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता बाल चंद, निखिल जिल्टा व मुकेश ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

ग्राम पंचायत पराली के ड़ीम गांव के निवासी चेतन बंटा व ग्राम पंचायत गुम्मा के हुल्ली निवासी सदीक मोहम्मद ने कांग्रेस में घर वापिसी की। सदीक मोहम्मद व चेतन बंटा ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी को और अधिक मज़बूत करने के लिए कार्य करेंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल होने पर स्वागत किया।

## 20 घंटे तक बिजली गुल रहने से पीरन में नहीं बन सके आधारकार्ड

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

केवल ट्रॉस्फार्मर का फ्यूज उड़ने से पीरन में बीते 20 घंटे तक बिजली गुल रही जिससे आधारकार्ड बनाने के लिए कैंप में आए करीब एक 100 लोगों को वापस निराश होकर लौटना पड़ा।

सबसे अहम बात यह है कि 20 घंटे बाद कर्मचारियों ने नहीं बल्कि स्थानीय लोगों ने जान जोखिम में डालकर फ्यूज लगाकर बिजली बहाल की गई। बता दें विद्युत बोर्ड के कर्मचारी कोटी बैठते हैं जोकि इस क्षेत्र से करीब 34 किलोमीटर की दूरी पर है।

बिजली लाइनों में छुटपुट खराबी आने पर कर्मचारी को कोटी से आना पड़ता है जिसके लिए बोर्ड ने कोई वाहन सुविधा नहीं दी गई है। पंचायत प्रधान पीरन किरण शर्मा ने बताया कि लोगों की मांग पर पीरन में डाक विभाग ने आधारकार्ड बनाने हेतू शिविर लगाया गया था जिसमें समूची पंचायत के 100 से अधिक लोग अपने छोटे बच्चों सहित कैंप में पहुंचे परंतु दिन में करीब 2 बजे के उपरांत बिजली गुल होने से लोगों के आधारकार्ड नहीं बन सके। किरण शर्मा ने बताया कि बिजली की लाइनों के रखरखाव के अभाव में पीरन पंचायत में अक्सर बिजली गुल रहती है।

एसडीओ विद्युत उपमंडल जुन्गा यशंवत सिंह ने बताया कि पीरन में किसी कर्मचारी को स्थायी रूप से तैनात करने बारे उच्चाधिकारियों के साथ बात की जाएगी।

### इंदिरा गांधी खेल परिसर में होगी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इस अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान होने वाली टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिला शिमला के दूरदराज के जनजातीय क्षेत्र डोडरा क्वार के बच्चे हिस्सा लेंगे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता की तैयारियों लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 55 स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जिसमें 35 सरकारी स्कूल और 20 निजी स्कूल होंगे। प्रतियोगिता 2 जून से 4 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी। पहली बार डोडरा क्वार क्षेत्र के बच्चों को टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बुलाया जा रहा है।

## नंद लाल ने विधायक निधि से बांटी 48 लाख की राहत राशि



राहत राशि बांटते विधायक नंदलाल।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** पिछले वर्ष पहली अगस्त को समेज व गानवी में आए बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आज अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य वित्तायोग एवं स्थानीय विधायक नंदलाल ने सरपारा के समेज में सरपारा पंचायत के 32 प्रभावित परिवार व गानवी क्षेत्र के 18 परिवारों को मकान निर्माण के लिए विधायक निधि से 47 लाख 90 हजार रुपए की राहत प्रदान की गई। 47 आपदा प्रभावित परिवारों को एक-एक लाख रूपए व तीन गानवी के परिवारों को मकान का कम नुकसान पर मरम्मत के लिए 30-30 हजार रुपए राहत राशि प्रदान की गई।

विधायक ने सरपारा पंचायत में पिछले वर्ष बाढ. में क्षति ग्रस्त हुए पैदल रास्ते को ठीक करने के लिए 3 लाख देने की भी घोषणा की।

### बस किराये में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीपीएम लोकल कमेटी की फैसला लिया गया कि सरकार द्वारा बस किराए में की गई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ 23 मई को प्रबंध निदेशक पथ परिवहन निगम के कार्यालय पुराना बस स्टैंड में 11:30 बजे प्रदर्शन किया जाएगा।

सीपीएम ने आरोप लगाया कि पहले ही प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। दूसरी तरफ सरकार बस किराया में भारी वृद्धि करके महंगाई को बढ़ावा देकर जनता पर भारी आर्थिक बोझ डाल रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्य में पहली बार न्यूनतम किराए में 100 फीसदी वृद्धि की गई है, जहां पहले 5 रुपए किराया लगता था ,अब 10 रुपए किराया लिया जा रहा है।

# बिलासपुर के कुठेड़ा में निकाली तिरंगा यात्रा

## त्रिलोक जम्वाल बोले- अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई, देश है तभी हम देशवासी हैं

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**




भाजपा बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में कुठेड़ा में 'तिरंगा यात्रा' निकालते सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व अन्य नेता।

**बिलासपुर।** भाजपा बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में कुठेड़ा में वीरवार को 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी का श्रेय मोदी सरकार और भारतीय सेना के साथ देश की जनता को जाता है। पहलगाम की तरह आतंकी हमला मुंबई में भी हुआ था, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। हालांकि, भारतीय सेना तब भी इतनी ही पराक्रमी थी, लेकिन उस समय न तो दिल्ली में मजबूत नेतृत्व था और न ही उसमें साहसिक निर्णय लेने की क्षमता थी।

अब देशवासियों की ओर से राष्ट्रवादी विचार के साथ काम करने वाली भाजपा को देश की कमान सौंपने से ही यह संभव हो पाया है। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। देश है, तभी देशवासी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी से काम करें।

### कांग्रेस के कुछ लोग मांग रहे सबूत

त्रिलोक ने कहा कि आदत से मजबूर कांग्रेस के कुछ लोग 'ऑपरेशन सिंदूर' को छोटा मामला बताने के साथ ही सबूत भी मांग रहे हैं। यह कोई कंप्यूटर या मोबाइल गेम नहीं थी, बल्कि असली लड़ाई थी। रूस-यूक्रेन में लगभग 3 वर्षों से युद्ध जारी है। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के जवानों ने अपने शौर्य और पराक्रम से महज 23 मिनट में ही पाकिस्तान में तबाही मचा दी। 11 एयरबेस तबाह करने के साथ ही सारे ड्रोन व मिसाइलें भी भारत में पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दीं। पाकिस्तान को समझ आ गया है कि भारतीय शूरवीर क्या कर सकते हैं, लेकिन लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। पाकिस्तान समेत कई देश चाहते हैं कि भारत शक्तिशाली न बने। उनके नापाक मंसूबों पर पानी फेरने के लिए राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाना और इसे मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव व बूथ स्तर तक इस विचारधारा को बढ़ाने के लिए जी-जान से प्रयास करें।

### बरठीं और झंडूता बाजार में लगे देशभक्ति के नारे

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बरठीं और झंडूता बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका उद्देश्य भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक जीत का सम्मान करना था। इस यात्रा का नेतृत्व विधायक जीत राम कटवाल ने किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है। तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सलाम करने के लिए किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए और सेना के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। यह यात्रा झंडूता और बरठीं बाजार के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसने राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को मजबूत किया।

### ढिंगू जंगल में मॉकड्रिल के बाद वन विभाग ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के झंडूता क्षेत्र के तहत आने वाले ढिंगू जंगल में हाल ही में वन अग्नि प्रबंधन को लेकर एक मॉकड्रिल का आयोजन किया था। इस मॉकड्रिल के बाद वीरवार को वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएफओ विकल्प यादव, एसीएफ सहित अन्य वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीएफओ विकल्प यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले ढिंगू जंगल में एक मॉकड्रिल आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य जंगल में आग लगने की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना था। मॉकड्रिल के तहत 2 बीघा जमीन पर नियंत्रित रूप से आग लगाई गई थी, ताकि विभागीय कर्मचारी आग बुझाने की प्रक्रिया का अभ्यास कर सकें। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल पूरी तरह से वन विभाग के नियमानुसार और सुरक्षा उपायों के तहत की गई थी। इस अभ्यास में वन विभाग की किसी भी भूमि को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### प्रैक्टिकल ज्ञान भी अति आवश्यक: कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विभाग की ओर से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें इलेक्ट्रॉनिक के उपकरणों को बनाना सिखाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर कॉलेज के विद्यार्थियों को इस तरह के नव अचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में किताबी ज्ञान के साथ प्रैक्टिकल ज्ञान भी अति आवश्यक है। कार्यशाला में भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरजीत चंदेल, डॉ. मोनिका, डॉ. घनश्याम और प्रोफेसर शीतल ने भाग लिया। डॉ. अरुण मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।

### सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण पर डाला प्रकाश



**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में वीरवार को एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत बिशन सिंह एवं अजय कुमार ने विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सौर ऊर्जा के उपयोग, उसके लाभ, पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका तथा भविष्य में इसकी संभावनाओं पर गहन प्रकाश डाला। बलदेव धीमान कार्यकारी प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि सौर ऊर्जा एक स्वच्छ (क्लीन) ऊर्जा है, जो न केवल पर्यावरण के लिए हितकारी है, बल्कि सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### सतलुज नदी में बहे युवकों की तलाश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सतलुज नदी में सोमवार शाम नहाने गए पांच युवकों में से दो मिलन बुद्धा (देहरादून, उत्तराखंड) और सुशील खत्री (जिला रुकुम, नेपाल) तेज बहाव में बह गए। एसडीएम डॉ. राजदीप खैरा ने बताया कि रेस्क्यू अभियान पिछले 3 दिन से लगातार जारी है। पुलिस और बीबीएमबी के गोताखोर नदी के हर हिस्से में तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिला है। एनटीपीसी ने पावर हॉउस का पानी रोका था, ताकि पानी में भी युवकों का पता लग सके। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें।

### जिला परिषद सदस्य प्रोमिला ने झंडूता स्कूल में लगाया वाटर कूलर



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैरहना ब्राह्मणा की जिला परिषद सदस्य प्रोमिला वसु ने क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर 20 वाटर कूलर स्थापित किए हैं। अधिकांश वाटर कूलर सरकारी स्कूलों में लगाए गए हैं, ताकि छात्रों को शुद्ध और ठंडा पानी मिल सके। इसी कड़ी में प्रोमिला वसु ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में एक वाटर कूलर स्थापित करवाया। प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने प्रोमिला वसु का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें प्रोमिला वसु की ओर से वाटर कूलर प्रदान किया गया है। प्रोमिला वसु ने बताया कि अब तक 20 वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं और जल्द ही चार से पांच और वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे। इस मौके पर जन संबल प्रकृति हिताय समिति झंडूता के अध्यक्ष रमेश राजपूत, शिवम शर्मा, गोल्डी, जगदीश, शशिकांत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राईया पुल के पास तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग से टकराई, चालक घायल

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश में कई फोरलेन का निर्माण किया जा रहा, जिनमें किरतपुर-नेरचौक फोरलेन भी शामिल है। हालांकि, इस फोरलेन के निर्माण से यात्रियों को सुविधा मिली है। वहीं, दूसरी ओर सड़क हादसों की संख्या में भी चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार सुबह एक और दर्दनाक हादसा भगेड़ के समीप राईया पुल के पास सामने आया, जिसने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने घायल को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया, जिससे उसकी जान बच पाई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके।



### लोग बोले- फोरलेन के निर्माण के बाद हादसे में वृद्धि

**लोगों** का कहना है कि जबसे फोरलेन का निर्माण हुआ है, तब से लेकर अब तक दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खासकर राईया पुल के आसपास कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं। लोगों का आरोप है कि फोरलेन के निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिससे वाहन चालकों को मोड़ों और ढलानों पर समस्याएं होती हैं। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं। इनमें स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक, सड़क के किनारे रिफ्लेक्टर और सीसीटीवी कैमरे जैसे उपाय शामिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा, ट्रैफिक पुलिस की नियमित गश्त और वाहन चालकों के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी आवश्यकता है।

### हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के एक प्रोफेसर पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय से आदेश आने के बाद कॉलेज में जांच टीम गठित की है। कॉलेज प्रशासन और शिक्षा निदेशालय में एक पत्र पहुंचा था, जिसमें भेजने वाले का नाम पता नहीं था। पत्र में आरोप लगाए गए हैं कि हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टाफ सदस्य छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं। वहीं, एक प्रोफेसर जो संस्थान के अधिकारी वर्ग में आता है, वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें भी करता है। शिकायत की जांच के लिए गठित की गई तीन सदस्यीय टीम के प्रमुख डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। कमेटी की ओर से तीन दिन में जांच रिपोर्ट दे दी जाएगी।

# बिलासपुर में हिमाचल के पहले स्टेट लेवल यूनिफाइड गेम्स शुरू

## मंत्री राजेश धर्माणी ने किया शुभारंभ, 300 से अधिक एथलीट्स ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




कहलूर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 25 मई तक होगा यूनिफाइड गेम्स का आयोजन।

हिमाचल प्रदेश के पहले राज्य स्तरीय यूनिफाइड गेम्स 2024-25 का आयोजन बिलासपुर के कहलूर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किया जा रहा है। नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए तीन दिवसीय यूनिफाइड गेम्स 2024-25 का उद्घाटन किया।

22 से 25 मई तक आयोजित होने वाले इन यूनिफाइड गेम्स का आयोजन समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश की ओर से स्पेशल ओलंपिक्स भारत के सहयोग से किया गया है। प्रदेश के 10 जिलों से 300 से अधिक एथलीट्स भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताएं बैडमिंटन, फुटबाल, बॉचे, बास्केटबाल और एथलेटिक्स जैसे खेलों में आयोजित की जा रही हैं। धर्माणी ने कहा कि यह आयोजन विशेष बच्चों को आत्मविश्वास और पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेश सरकार समावेशी शिक्षा और खेलों को प्राथमिकता दे रही है और विशेष सक्षम बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि घुमारवीं में डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, स्किल एंड वोकेशनल स्टडीज की स्थापना की जाएगी। यह यूनिवर्सिटी छात्रों को नवीनतम तकनीकों, स्टार्टअप संस्कृति और उद्योग आधारित कौशल से लैस करेगी। यह पहल ग्रामीण और शहरी छात्रों को समान अवसर प्रदान करेगी और रोजगार के नए रास्ते खोलेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, हिमुडा के डायरेक्टर जितेंद्र चंदेल, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, एडीसी उमाकांत ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को दिखाया उज्ज्वल भविष्य का रास्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रधानमंत्री श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सरोल में गुरुवार को एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'वर्तमान समय में करियर विकल्पों की विविधता एवं कौशल विकास का महत्व'। इस सत्र में बतौर मुख्य वक्ता जिला रोजगार अधिकारी ने युवाओं को आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में कैरियर निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्रों को न केवल पारंपरिक करियर विकल्पों की जानकारी दी गई, बल्कि नई और उभरती हुई इंडस्ट्रीज में रोजगार के अवसरों, तकनीकी दक्षताओं की आवश्यकता, और स्किल अपग्रेडेशन के महत्व पर भी गहराई से प्रकाश डाला गया। जिला रोजगार अधिकारी ने छात्रों को बताया कि आज केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और नवाचार की सोच ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विक्रम सचदेव, उप-प्राचार्य विनोद त्रिपाठी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### तिरंगा यात्रा से तिरंगे के रंग में रंगा सलूणी



**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक डीएस ठाकुर के नेतृत्व में सलूणी में एक ऐतिहासिक और देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए गए सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' की गौरवशाली उपलब्धि को समर्पित थी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक, युवा, महिला मंडल, पूर्व सैनिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए शामिल हुए। पूरा सलूणी तिरंगे के रंग में रंगा हुआ नजर आया। भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह मां भारती के मान, स्वाभिमान और सुरक्षा के लिए लिया गया संकल्प है, जो भारतीय सेना के पराक्रम से ऐतिहासिक विजय में बदला। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता देशवासियों के हौसले को नई ऊंचाई देती है और देश की अखंडता व सुरक्षा के प्रति हमारी एकजुटता का प्रतीक है। विधायक ठाकुर ने समस्त प्रदेशवासियों की ओर से भारतीय सेना को वीरता की इस अद्भुत मिसाल के लिए नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया, जिनके मजबूत नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ यह निर्णायक कार्रवाई संभव हो सकी। इस तिरंगा यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा दी और हर वर्ग के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेकर यह संदेश दिया कि राष्ट्र की रक्षा में पूरा देश एकजुट है। यह आयोजन न केवल सलूणी, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गया।

### वित्तीय साक्षरता पर लगाया जागरूकता शिविर

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** ग्राम पंचायत खारला में वित्तीय साक्षरता जागरूकता के तहत वित्तीय धोखाधड़ी व साइबर क्राइम के लिए शिविर आयोजित किया गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वधान व यूको बैंक के संचालन और अरावली (एनजीओ) के सहयोग से वित्तीय साक्षरता केंद्र रोहड़ू के द्वारा रोहड़ू ब्लाक की ग्राम पंचायत खारला में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका विषय वित्तीय धोखाधड़ी व साइबर क्राइम से कैसे बचे। इस जागरूकता शिविर में एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान, थाना प्रभारी कमल देव पुलिस थाना रोहड़ू, शाखा प्रबंधक वतन कोशल पुजरली- 4, प्रधान ग्राम पंचायत खारला बलवीर धरेत, प्रधान ग्राम पंचायत धराडा गीता झरेट व प्रबंधक वित्तीय साक्षरता केंद्र रोहड़ू राजेश झामटा मौजूद रहे! शिविर के दौरान एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने शिविर में मौजूद लोगों से आग्रह किया कि पैसा बहुत कीमती है। खून पसीने की कमाई से कमाए गए पैसे को बैंक में बचाकर रखें। यदि किसी भी व्यक्ति के खाते को साइबर अपराधी अपनी पकड़ में ले तो बिना घबराहट के तुरंत साइबर पुलिस में शिकायत करें।

### एसएसआरबी ककीरा में पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का किया शुभारंभ

# एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा ( ककीरा )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज ककीरा स्थित स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती (एसएसआरबी) नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान में पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। यह संस्थान स्वामी श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संस्थान की पहल की सराहना की और क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का भरोसा दिलाया।

पठानिया ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के शुभारंभ से जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) डिप्लोमा धारक प्रशिक्षणार्थियों को दो वर्षीय बीएससी नर्सिंग की डिग्री प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्थान में वर्ष 2023 से बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम पहले से ही संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में संस्थान में एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में एक उत्कृष्ट चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि ककीरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्तरोन्नत किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भटियात क्षेत्र में एक स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की योजना का भी संकेत दिया। श्री पठानिया ने कहा कि संस्थान के माध्यम से नर्सिंग के क्षेत्र में न केवल गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि प्रशिक्षणार्थियों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट भी सुनिश्चित हो रहा है, जिससे संस्थान की प्रतिष्ठा देशभर में बढ़ी है।

इससे पूर्व संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती कांता अजय कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक योगराज चंदेल, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, परियोजना वन मंडल अधिकारी राम पॉल, अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाम लाल सहित स्वामी श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य गोविंद भाई ओझा, भरत भाई, रवि भाई, यशवंत भाई मोदी, ओंकार सिंह राठौर, संजीव वत्स, मनोज वत्स, देवेंद्र राज महाजन, तरुण मल्होत्रा, संस्थान के प्रशिक्षु एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का शुभारंभ करते कुलदीप पठानिया व (नीचे) सम्मान करते।

# श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट जनसेवा के पथ पर कर रहा कार्य : पठानिया



**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**ककीरा।** स्वामी श्री हरिगिरी संन्यास आश्रम ककीरा में चल रहे पांच दिवसीय श्री महारूद्र यज्ञ महोत्सव के पूर्ण आहुति समारोह में आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने पूरे श्रद्धाभाव से यज्ञ में आहुति अर्पित की और आयोजन की दिव्यता में सहभागी बने।

इस मौके पर पठानिया ने कहा कि स्वामी श्री हरिगिरी महाराज द्वारा स्थापित यह आश्रम न केवल आध्यात्मिकता का केंद्र रहा है, बल्कि जन कल्याण के क्षेत्र में भी इसका अमूल्य योगदान है। उन्होंने बताया कि इस परंपरा को स्वामी राजेश्वरानंद भारती ने आगे बढ़ाया और आज श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट जनसेवा के पथ पर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बीते 57 वर्षों से संन्यास आश्रम ककीरा के तत्वावधान में श्री महारूद्र यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो समाज में सद्भाव, शांति, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है।

उन्होंने चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण के कार्यों की सराहना की।

समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी महासचिव राजीव कौशल, ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य गोविंद भाई ओझा, भरत भाई, रसि भाई, यशवंत भाई मोदी, ओंकार सिंह राठौर, संजीव वत्स, मनोज वत्स, देवेंद्र राज महाजन, तरुण मल्होत्रा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यज्ञ महोत्सव की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

# केंद्रीय मंत्री कमलेश करेंगे विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी/चंबा**



जिला चंबा आगामी 23 मई को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधि का साक्षी बनने जा रहा है, जब केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान अपने एक दिवसीय दौरे पर चंबा पहुंचेंगे। उनके इस प्रवास को ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा और आमजन से सीधे संवाद के रूप में देखा जा रहा है। विभागीय प्रवक्ता के अनुसार, केंद्रीय मंत्री 23 मई को शाम 4:30 बजे डलहौज़ी के सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम के पश्चात 24 मई को दिन भर की व्यस्त गतिविधियों की शुरुआत होगी। उसी दिन दोपहर 12:00 बजे, मंत्री महोदय जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा आदि की समीक्षा की जाएगी। अपने व्यस्त प्रवास के उपरांत, मंत्री कमलेश पासवान 25 मई को सुबह 8:00 बजे डलहौज़ी से धर्मशाला (जिला कांगड़ा) के लिए रवाना होंगे।

# शाहीन इलेवन ने जीती क्रिकेट मैच की ट्रॉफी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**भांदल, सलूणी।** उपमंडल सलूणी की भांदल पंचायत में मोहम्मद एहसान मालिक मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का शानदार आयोजन हुआ, जिसने क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और जोश भर दिया। इस अवसर पर रामलीला क्लब और छीज़ मेला कमेटी के अध्यक्ष रणधीर चंदेल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला शाहीन इलेवन और थथी इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें शाहीन इलेवन ने अपने जबरदस्त खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए थथी इलेवन को हराकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्यातिथि रणधीर चंदेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खेलकूद केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त बनाए रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने इस तरह के ग्रामीण आयोजनों को युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सुनहरा मंच बताया और आयोजकों को अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। यह जीत केवल कुछ खिलाड़ियों की नहीं बल्कि पूरी टीम की एकजुटता, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका निभाई और खासतौर पर 'कांडी भाई' ने अपने उम्र में जो अद्वितीय एथलेटिसिज्म दिखाया, वह सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।



# कुफरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा । मार्च 2025 में ली गई बोर्ड की परीक्षा में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 18 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता जीत राम कश्यप ने बताया कि अमन ने 465 अर्थात 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि देवयांशी से 447 अंक प्राप्त कर द्वितीय और जतिन चौहान 428 अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान हसिल किया। स्कूल प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बधाई दी। जीत राम प्रवक्ता हिंदी ने बताया कि इसका श्रेय बच्चों के साथ शिक्षकों को जाता है।

# पांगी की बेटियों ने थामा स्वरोजगार का झंडा

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** पांगी घाटी की दुर्गम पहाड़ियों से अब सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की गूंज भी सुनाई दे रही है। यहां की साहसी महिलाओं ने मिलकर एक नई राह बनाई है। वन उत्पादों पर आधारित महिला स्वावलंबन कंपनी 'पीर पंजाल', जो न केवल स्थानीय संसाधनों का दोहन कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नया प्राण फूंक रही है।

इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. जनक राज ने कंपनी के पदाधिकारियों से विशेष भेंट की। उन्होंने महिलाओं के इस प्रयास को 'उद्यमिता की दिशा में ऐतिहासिक कदम' बताया। उन्होंने यह भी वादा किया कि सरकार की ओर से जितनी भी सहायता संभव होगी, वह दिलाई जाएगी, चाहे वह प्रशिक्षण हो, विपणन की सुविधा हो या संसाधनों की उपलब्धता।



### वन उत्पाद कंपनी 'पीर पंजाल' बनी सशक्तिकरण की मिसाल

'पीर पंजाल' अब केवल एक कंपनी नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है, जिसमें महिला नेतृत्व, स्थानीय संसाधन, और आत्मनिर्भरता की त्रिवेणी बह रही है। यह पांगी घाटी की उन महिलाओं की जीत है, जिन्होंने चुप्पी तोड़कर अपने हुनर से विकास की इबारत लिखनी शुरू की है।

### सूडोकु नवताल- 7438

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7437 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को दिया बल : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संचालित विद्यालय सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिला चंबा के सैकड़ों विद्यार्थियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जो युवाओं में राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी सोच और समरसता की भावना को बल देने वाला एक सशक्त कदम है।

सदस्यता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उद्देश्यों, कार्यशैली और शिक्षा व राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका से अवगत कराया गया। अभियान के माध्यम से युवाओं को न केवल संगठन से जोड़ा गया, बल्कि उन्हें स्व-पहचान, शैक्षणिक जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक मूल्यों की अहमियत भी समझाई गई। यह मंत्र युवाओं के मन में देश के प्रति समर्पण और चरित्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है। विद्यालय सदस्यता अभियान विद्यार्थी परिषद की वह पहल है जो देशभर के स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रवादी विचारधारा और नैतिक शिक्षा को मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से चलाई जाती है। चंबा जिले में इस अभियान को भारी समर्थन मिला और छात्रों ने जोश व उत्साह से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस सदस्यता अभियान ने एक बार फिर सिद्ध किया कि जब उद्देश्य राष्ट्रहित हो, तो युवा शक्ति हर मोर्चे पर तैयार रहती है।

### युवा शक्ति हर मोर्चे पर रहती है तैयार

# विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक मुक्त भविष्य का संकल्प

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**चुवाड़ी ।** शिक्षा खंड चुवाड़ी के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रायपुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के इको क्लब द्वारा 'अवशिष्ट प्रबंधन अभियान' के तहत पॉलिथीन एकत्रीकरण का सशक्त आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने उत्साह, जागरूकता और समर्पण से न केवल विद्यालय परिसर बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छता का संदेश दिया।

छात्रों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में गांव-गांव जाकर प्लास्टिक एवं पॉलिथीन कचरे को एकत्रित किया और लगभग 104 किलोग्राम पॉलिथीन को संग्रह कर स्थानीय पंचायत कार्यालय में विधिवत रूप से जमा करवाया। इस प्रयास ने न केवल प्लास्टिक उन्मूलन के प्रति चेतना जागृत की, बल्कि ग्रामीण समुदाय को भी पर्यावरणीय जिम्मेदारी का बोध कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, कि पॉलिथीन हमारे पर्यावरण, जल, मृदा और जैवविविधता के लिए एक गंभीर खतरा है। इस तरह के अभियानों से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय नैतिकता का विकास होता है, जो एक स्वस्थ व स्वच्छ भारत के निर्माण की नींव है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय समाज को जागरूक करने के लिए इसी प्रकार के सार्थक कदम उठाता रहेगा।



इस प्रेरणादायक अभियान के सफल संचालन में इको क्लब प्रभारी श्री राजीव कुमार, विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। इस पहल ने यह सिद्ध कर दिया कि जब युवा जागते हैं, तो बदलाव निश्चित होता है।

# घरयाणा में दी वन अधिकार अधिनियम की जानकारी

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** तहसीलदार सुन्नी चंद्रमोहन ठाकुर की अध्यक्षता में गुरुवार को वन अधिकार अधिनियम को लेकर एक बैठक व प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पंचायत घर घरयाणा में किया गया। बीडीओ बसंतपुर स्पर्श शर्मा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी देवी सिंह भी मौजूद रहे ।

कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम के तहत उपमंडल सुन्नी की पंचायत जूनी, मंडोरघाट तथा घरयाणा के तहत आने वाली वन अधिकार समिति (एफआरसी) के प्रधान, सचिव व सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में तहसीलदार ने लोगों के साथ वन अधिकार अधिनियम के पहलुओं पर चर्चा कर उनकी शंकाओं को भी दूर किया। इस दौरान वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत व सामाजिक दावों को पेश करने के लिए भरे जाने वाले फॉर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दावेदार का कब्जा इस भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पुश्तों तक होना चाहिए।

# प्राकृतिक हल्दी की खरीद शुरू किसानों को मिलेगा बेहद लाभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के उपमंडल मुख्यालय चुवाड़ी में आज से प्राकृतिक खेती से तैयार की गई हल्दी की खरीद प्रक्रिया आरंभ हो गई है। पहले ही दिन क्षेत्र के पांच किसानों से कुल 12 क्विंटल हल्दी खरीदी गई, जिसके लिए किसानों को 90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से भुगतान किया जाएगा। यह जानकारी आत्मा परियोजना चंबा के निदेशक डॉ. ज्योति रंजन कालिया ने दी।

डॉ. कालिया ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। इस पहल के अंतर्गत आत्मा परियोजना द्वारा 22 से 25 मई तक चुवाड़ी में किसानों से हल्दी की खरीद की जा रही है। खरीद प्रक्रिया कृषि कार्यालय परिसर चुवाड़ी में संचालित की जा रही है। खरीद केवल उन्हीं किसानों से की जा रही है, जो पिछले एक वर्ष या उससे अधिक समय से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं और सितारा प्रमाणन प्राप्त कर चुके हैं।

डॉ. कालिया ने आगे बताया कि खरीदी गई हल्दी का लगभग आधा हिस्सा 'जायका परियोजना' के अंतर्गत एफपीसी कंपनी भवारना को प्रोसेसिंग के लिए भेजा जाएगा, जबकि शेष हिस्से का उपयोग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों द्वारा प्रदर्शन प्लांट स्थापित करने में किया जाएगा।

उन्होंने किसानों और आम जन से आह्वान किया कि प्राकृतिक खेती व फसलों की बिक्री से संबंधित जानकारी के लिए वे खंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) और सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) से संपर्क कर सकते हैं।


अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम


### आज का पंचांग

23 मई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : ज्येष्ठ, **तिथि** एकादशी (22:30): **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा (16:02), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : प्रीति (18:36) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:50-12:45), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

**विशेष दिन**

- 23 मई : आज रखेगा अपरा एकादशी व्रत।
- 23 मई : जलक्रीड़ा- भद्रकाली एकादशी आज।

**मेषः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृषभः** बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुनः** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्कः** मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा योग हैं।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**तुलाः** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिकः** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। कार्य को समय पर बना लें ।

**धनुः** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें।

**कुंभ** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य पूरे होते रहेंगे।

**मीन** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नांडी**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नांडी विकास खण्ड गोहर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष 2025-26 कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 01-06-2025 अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 02-06-2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। **सामग्री का विवरण:**-1. रेत खड्ड/नदी (प्रति घन मीटर) 2. रेत क्रशर (प्रति घन मीटर) 3. बजरी खड्ड/नदी 20,40एमएम (प्रति घन मीटर) 4. पत्थर कट स्टोन -प्रति पत्थर, 5. बोल्डर पत्थर (प्रति घन मीटर) 6. लकड़ी इमारती (प्रति घन फुट)7. इंटे (प्रति 1000) 8. टाइलें दीवार तथा फर्श (प्रति पेटी) 9. सरियां 8,10,12,16एमएम इत्यादि (प्रति किलो) 10. शटरिंग (प्रति वर्ग फुट) 11. सीमेंट ढलवान चैल-चौक से नांडी (प्रति बैग) 12. मिक्कर (प्रति दिन) 13. जेसीबी मशीन द्वारा कटिंग कार्य (प्रति घंटा) 14. साईन बोर्ड तथा बोर्ड लिखाई का (प्रति बोर्ड/प्रति शब्द/अक्षर)15. बेल्डर (प्रति किलो) 16. छत की चदरें तथा अन्य हार्ड वेयर का सामान (प्रति किलो) 17. जीआई पाईप 1/2 इंच, पौना इंच, एक इंच, 1.5 इंच 2, इंच, 3 इंच, 4 इंच, 5 इंच तथा 6 इंच इत्यादि (प्रति पाईप)18. एंगल लोहा 1.5 इंच 2, इंच 4, इंच इत्यादि (प्रति किलो) 19. सीमेंट पाईप 1 फुट, 2 फुट, 3 फुट इत्यादि (प्रति किलो) 20. बजरी क्रशर 20 एमएम तथा 40 एमएम (प्रति घन मीटर) 21. जेसीबरी जैक हैम्बर सहित (प्रति घंटा) 22. कम्प्रेशर (प्रति दिन) 23. प्लास्टिक पाईप 1 इंच, 2 इंच, 3 इंच, 4 इंच, 5 इंच तथा 6 इंच इत्यादि। (प्रति पाईप) **नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होगी-** 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगे। एम फार्म (एम फार्म) उपलब्ध हो । 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 5. निविदा दाता को 30,000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 6. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 7. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 9. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 10. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी 11 निविदाएँ पंचायत पदाधिकारियों के निजी सगे सम्बन्धी न दे।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नांडी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**



**व अदालत सहायक समाहर्ता एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा हि.प्र.।**

मिसल नम्बर 7 तहसील/रीडर/2024
तारीख पेशी 20-6-2025

सुशील कुमार पुत्र श्रीमति प्रेमलता निवासी मुहल्ला/गाँव मुगला परगना पंजला तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) ...प्रार्थी

**वनाम**

(1) सिखनु पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत प राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) (2) नरेण दास पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) (3) प्रकाश पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)। (4) मनोहर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी गाँव/ मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)(5) दौलत राम पुत्र नंदू निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)। ....प्रतिवादीगण

**अनुवान मुकद्दमा :-** दरखास्त तकसीम भूमि जेर धारा 123 हि. प्र. भू-राजस्व अधिनियम 1954 वावत खाता/खतौनी नम्बर 186/219 खसरा नम्बर 1059/6, 294, 312 किता 3 रक्वा तादादी 01-01-00 वीघा वाकया मुहाल राजपुरा परगना राजनगर तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि.प्र.)।

उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में आवेदक श्री सुशील कुमार पुत्र श्रीमति प्रेमलता निवासी मुहल्ला/गाँव मुगला परगना पंजला तहसील सदर चम्बा ने वाक्या मुहाल चम्बा राजपुरा के खाता खतौनी नम्बर 186/219 खसरा नम्बर 1059/6, 294, 312 किला 3 रक्वा तादादी 01-01-00 वीधा मुश्तरका भूमि की तकसीम वारा आवेदन किया है, जो की इस अदालत में विचाराधीन है। प्रतिवादीगण क्रम संख्या (5) दौलत राम पुत्र नंदू को इस न्यायालय के द्वारा वार-वार समन जारी करने उपरान्त भी नियमानुसार समन की तामील न हो रही है। अदालत को यकीन हो चुका है कि, उक्त प्रतिवादीगण को साधारण तरीके से समन की तामील होना संभव न है।

अतः प्रतिवादीगण क्रम संख्या (5) दौलत राम पुत्र नंदू को वजरिया ईश्तहार अखवारी आर्डर 5. रुल 20 जावता दीवानी सूचित किया जाता है कि, दरखास्त तकसीम में कोई उजर व एतराज हो तो यह असाललन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में दिनांक 16-6-2025 को सुबहः 10-00 बजे पेश कर सकता है। वसूरत गैर हाजरी हस्व जावता कार्यवाही अम्ल में लाई जायेगी । आज दिनांक 20-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।

**सहायक समाहर्ता प्रथम-श्रेणी सदर चंबा जिला चम्बा हि. प्र.।**

क्रोध को प्यार से, बुराई को अच्छाई से, स्वार्थी को उदारता से और झूठे व्यक्ति को सच्चाई से जीता जा सकता है। -महात्मा गौतम बुद्ध

## संपादकीय

# नशा तस्करों पर शिकंजा

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ जारी लड़ाई अब बेहतर परिणाम देने लगी है। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसने का जो संकल्प लिया है, वह अब धरातल पर भी दिखने लगा है। चिट्टा यानी सिंथेटिक ड्रग्स के धंधे में संलिप्त तस्करों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई से सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति अब सुरक्षित नहीं रहेगी। पुलिस ने कांगड़ा जिले में तीन तस्करों की 2.65 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर इसी दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इससे पहले भी 51 लाख की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। हालांकि, लड़ाई लंबी है और यह स्वीकार करना होगा कि चिट्टे की तस्करी खत्म नहीं हुई है, लेकिन इन कार्रवाइयों से एक सख्त संदेश जरूर गया है। अब आवश्यकता है कि सरकार और पुलिस प्रशासन इस मुहिम को और अधिक ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ाए। आने वाले समय में चिट्टा तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए ड्रग नेटवर्क की जड़ तक पहुंचना होगा। सिर्फ छोटे-मोटे तस्करों को पकड़ना समस्या का समाधान नहीं है। असली चुनौती है इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना, जो सीमावर्ती राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के बीच सक्रिय है।

पुलिस को इंटरस्टेट इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करना होगा और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाना होगा, ताकि सप्लाई चेन को जड़ से खत्म किया जा सके। चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में तकनीकी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। चिट्टा तस्कर आज हाईटेक हो चुके हैं। वे सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड चैट ऐप्स और डिजिटल ट्रांजैक्शंस का भरपूर इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में पुलिस को भी साइबर क्राइम विशेषज्ञों की मदद लेनी होगी। स्पेशल टास्क फोर्स को डिजिटल जासूसी, डाटा एनालिटिक्स और ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर से लैस करना होगा। चिट्टा मुख्य रूप से युवाओं को निशाना बना रहा है, खासतौर से स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को। शिक्षा विभाग और पुलिस को मिलकर शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने होंगे। नशा विरोधी क्लब बनाए जाएं, छात्रों को मेंटरशिप मिले और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय किए जाएं। जिन युवाओं का जीवन नशे की गिरफ्त में आ चुका है, उन्हें मुख्यधारा में लाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला स्तर पर सरकारी और गैर-सरकारी पुनर्वास केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, परामर्शदाताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इसमें जोड़ा जाए। इस काम में गांव स्तर पर निगरानी तंत्र विकसित करना होगा। चिट्टे की तस्करी अब शहरों ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों तक फैल चुकी है। हर गांव में पंचायत स्तर पर नशा निगरानी समिति बनाई जा सकती है, जो संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाए। इसके लिए आम नागरिकों को प्रशिक्षित और प्रोत्साहित करना जरूरी होगा। पुलिस सूचना देने वाले नागरिकों को इनाम देना श्रेयस्कर होगा। अक्सर लोग डर के कारण नशा तस्करों की जानकारी नहीं देते हैं। यदि पुलिस ऐसे लोगों की पहचान गोपनीय रखे और उन्हें उचित इनाम दे, तो सूचना तंत्र मजबूत हो सकता है। इससे आम नागरिक भी इस मुहिम में भागीदार बनेंगे। सीमा क्षेत्रों पर सख्त निगरानी जारी रखनी होगी। हिमाचल की सीमाएं पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड से मिलती हैं, जहां से ड्रग्स की तस्करी होती है। सीमा क्षेत्रों पर चेक पोस्ट बढ़ाकर, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन सर्विलांस और नारकोटिक सेल को एक्टिव करना होगा। साथ ही, पंजाब पुलिस के साथ समन्वय और संयुक्त कार्रवाई बढ़ानी होगी। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी चिट्टा तस्करी को रोकने में अहम साबित हो सकती है।

नशे के खिलाफ जनजागरूकता के लिए मीडिया एक सशक्त माध्यम है। स्थानीय अखबार, एफएम रेडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियमित रूप से अभियान चलाए जाएं। ऐसे पीड़ित युवाओं की कहानियां साझा की जाएं जो पुनर्वास के बाद सफल जीवन जी रहे हैं। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस यानी एनडीपीएस एक्ट के तहत कई बार दोषियों को सजा मिलने में देरी होती है। सरकार को विशेष अदालतें स्थापित कर तेज सुनवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही, न्यायपालिका को भी नशे के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने की व्यवस्था करनी होगी। हिमाचल में चिट्टे की बढ़ती समस्या समाज के ताने-बाने को खोखला कर रही है। हालांकि, सुक्खू सरकार के कदम प्रशंसनीय हैं, लेकिन यह लड़ाई अकेले सरकार या पुलिस की नहीं है। नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम में सहभागिता निभाना हर नागरिक और हर संस्था की जिम्मेदारी है। यदि सरकार, प्रशासन और आम जनता मिलकर एकजुट हो जाएं, तो निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में हिमाचल को नशा मुक्त प्रदेश बनाया जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### जयपुर राजघराने की शान

**महारानी** गायत्री देवी जयपुर राजघराने की राजमाता थी। यह दुनिया की दस सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक थीं। सन् 1939 से 1970 तक गायत्री देवी जयपुर की महारानी बनी रहीं। सवाई मानसिंह द्वितीय भी गायत्री देवी की खूबसूरती, बहादुरी व उनकी अदाओं के मुरीद होकर उन्हें अपना दिल दे बैठे थे। वे जब-जब भी लंदन जाते, तब-तब अपनी इस प्रेमिका से मुलाकात करते। महाराज और महारानी दोनों ही घुड़सवारी व पोलो के शौकीन थे। जब मुलाकातें बढ़ने लगी तो धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार भी बढ़ने लगा और यह प्यार इस हद तक बढ़ा कि सवाई मानसिंह द्वितीय ने गायत्री देवी से विवाह कर लिया। 9 मई, 1940 को जयपुर के अंतिम महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय ने गायत्री देवी से विवाह कर उन्हें अपनी तीसरी धर्मपत्नी का दर्जा दिया। बहुत कम लोगों को मालूम है कि उन्हें रसोई से भी बहुत प्रेम था। राजकुमारी या राजमाता होने के साथ आखिर गायत्री देवी भी एक भारतीय बहू थीं। जयपुर के राजमहल की रसोई से उन्हें काफी लगाव था। गायत्री देवी केवल जयपुर की महारानी ही नहीं थीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय शख्सियत थीं। उनकी 'ए प्रिंसेस रिमेंबर्स' तथा 'ए गवर्नमेंट्स गेट वे' नामक पुस्तकें अंग्रेजी में प्रकाशित हो चुकी हैं। ■



**महारानी गायत्री देवी**
**जन्म :** 23 मई, 1919
**मृत्यु :** 29 जुलाई, 2009



गीत

## जंग


राकेश, 'रुखसार' केसीसी बैंक, थुरल

*दुनिया भी एक रंगदारी है, जिधर देखिए जंग जारी है।*
*खुद के मकानों में अपनों से, जहन में बिखरते सपनों से।*
*गजब की यह खुमारी है, जिधर देखिए जंग जारी है।*
*सरहद पर सीना ताने, देखो खड़े हैं बीर मस्ताने,*
*दिलों में जलती चिंगारी है,*
*जिधर देखिए जंग जारी है।*
*मजहब के नाम पर खून बहाना,*
*बेगुनाहों के माथे का सिंदूर मिटाना।*
*जेहाद नहीं यह गद्दारी है, जिधर देखिए जंग जारी है।*
*पाक देख ली तेरी नापाकी सारी,*
*लोमड़ी के जैसी चालाकी सारी।*
*करतूत तेरी आबाम पर भारी है,*
*जिधर देखिए जंग जारी है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# फैक्टरी की तरह कृषक को हो फसली मूल्य निर्धारण का अधिकार

उपभोक्ता के मनोविज्ञान को ध्यान में रखकर उत्पादन व व्यापार की रणनीति अब विश्व के विभिन्न देशों के उद्योगपति बनाने में लग गए है जिससे उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को पसंद आ जाते और बिक्री भी तेजी से बढ़े जिससे हम बाजार में अपनी पकड़ को मजबूत करें लाभ कमाए। यह अब नए विश्व बाजार में बदलाव देखने को मिल रहा है यह हम विश्व के कृषि क्षेत्रों में भी देख रहे हैं परंतु अभी कृषि क्षेत्रों में उपभोक्ता के मनों विज्ञान को अच्छी तरह से हम नहीं पढ़ पाए है कि आखिर कृषि का उत्पाद किस रूप में बाजार में लाया जाए की लाभ मिले।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

कृषि में एक उत्पाद वह है जो एक दिन दो दिन के बाद सही भंडारण व सही रखाव के अभाव में बहुत जल्दी खराब हो जाता है जिसे हम पेरिसेबुल उत्पाद कहते हैं। खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं चावल दालें यह वर्षों तक भंडार में सुरक्षित रखा जाता है पर फल सब्जियों को अधिक दिनों तक नहीं रख सकते हैं, परंतु फैक्टरी के उत्पाद छह माह से साल भर तक रखकर व्यापार होता रहता है। यही अंतर है फैक्टरी के उत्पाद व कृषि के उत्पाद में अंतर बहुत है कृषि उत्पाद का बाजार मूल्य बाजार के लोग तय करते हैं न कि किसान जबकि फैक्टरी के हर उत्पाद का मूल्य कंपनी लाभ को रखकर मूल्य तय करती है। आज विश्व का बाजार उपभोक्ता के मनोविज्ञान से तय हो रहा क्या उत्पादन करना है क्या बेचना कैसे बेचना है यह सब उपभोक्ता की मानसिकता का और उसके जेब का गहन अध्यन करके वस्तुओं का उत्पादन व वितरण हो रहा है। बस यह बात कहीं नहीं लागू होता है तो वह कृषि के उत्पाद पर ही है। बाकी हर उत्पाद पर उपभोक्ता की आर्थिक स्थिति और मनोदशा का गहरा असर होता है।

भारत में कंप्यूटर क्रांति आने से पहले वही खाता हाथ से मुनीम द्वारा लिखा जाता था। जिसमें आय व्यय का ही हिसाब होता था। व्यापार के आंकड़े वही खातों में होते थे। कंप्यूटर क्रांति आने के बाद व्यापार के क्षेत्र में एक नई क्रांति आ गई है। हर व्यापारी अब हर तरह का आंकड़ा चाहता है कि उपभोक्ता क्या चाहता है।



उसकी क्या पसंद है और किस मात्रा में चीजों को खरीदना चाहता है। उसी के अनुरूप उत्पादन और पैकिंग की जाए जिससे उपभोक्ता आसानी से खरीद ले। अब तो व्यापारी अपने उत्पाद की मांग का अनुसंधान बाजार में करवाता है कि हमारे उत्पाद का उपभोक्ता कौन है मध्यम श्रेणी निचले स्तर के लोग या अति धनाढ्य इन तीनों की मनोविज्ञान को देखकर ही उत्पाद बाजार में लाया जा रहा है हर व्यापारी के पास आंकड़ा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में साल में कितने त्योहार कब किस महीने में मनाया जाता है उस महीने में अपने उत्पाद को बाजार में लाते हैं और त्योहार से पहले बाजार भर देते हैं उत्पाद की तीन तरह की पैकिंग तैयार है ग्रामीण उत्पादकों के लिए के लिए अलग तरह की पैकिंग और शहरी तथा महानगरों की उपभोक्ताओं के लिए अलग तरह की पैकिंग है। बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों में ₹5 का बिस्कुट नमकीन तो शहरों में बड़ी-बड़ी पैकिंग शहरों में गरीब मध्यम वर्ग के लिए वही छोटी पैकिंग ही उपलब्ध है। बाजार आज राजनीतिक और सामाजिक घटनाओं से प्रभावित हो रहा है चुनाव व मेले दोनों बाजार को प्रभावित करते हैं इनको भी ध्यान में रखकर उत्पादन हो रहा है। व्यापारियों के पास जैसे-जैसे जानकारी होती है कि आपदा आने वाली है, वह सामान से बाजार भर देते हैं। अब त्योहार पर छूट देकर एक अलग तरह का व्यापार शुरू हो गया है। व्यापारी उपभोक्ता की मनो दशा को समझ गया है और त्योहार पर उत्पाद का मांग बढ़ने के लिए अनेक तरह की छूट की भरमार हो जाती है।

एक खरीदों एक मुक्त योजना गाड़ियों पर छूट भी होने लगी है। मनोविज्ञान उपभोक्ता का देखकर बाजार में होड लगी है। महानगरों में धनी वर्ग कभी ₹5 का बिस्किट नहीं लेते उन्हें पैसा बड़ा गिफ्ट वाला चाहिए उनकी मनोवैज्ञानिकता गांव के लोगों व मध्यम वर्गी परिवारों से भिन्न है। उसको देखकर उत्पाद बाजार में आ रहा है सब बिक रहा है, परंतु यह तरीका किसान और कृषि के क्षेत्र में अभी नहीं हो पा रहा है कुछ उत्पाद जैसे ग्रीन टी टोमैटो कैच अप अप लहसुन अदरक पेस्ट आदि अब बाजार में है। गांव के करीब टोमैटो कैचअप आधा लीटर नहीं खरीद सकता है, परंतु व्यापारियों ने गरीबों की मनोदशा और विज्ञान को ध्यान से पढ़ा और ग्रामीण बाजारों में ₹10 के टमाटर की चटनी, चिप्स, बिस्किट नमकीन से भर दिया। व्यापारी वर्ग धनाढ्य वर्ग के मानसिकता को ध्यान में रखते हुए मोटे अनाजों जैसे बाजार आदि के नमकीन शहरों में उतर दिया है। मोटे अनाज की नमकीन कभी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं बिकेगी पर शहरों में उसकी मांग है।

जैसे गांव में गाने का रस नहीं बिकेगा पर शहर महानगरों में यह एक व्यापार का जरिया बन गया है। कंपनियां अब हर समय उपभोक्ताओं के मनोदशा पर ध्यान दे रही है। आज के इस डिजिटल युग में उपभोक्ता को क्या चाहिए वहीं कंपनियां उत्पाद बाजार में लेकर आ रही है। यह लालच का बाजार बनाया जा रहा है कि लालच दो और बिक्री बढ़ा दो उपभोक्ता आज तक किसी कंपनी के उत्पाद का असली मूल्य नहीं जान पाया है न कभी जान पाएगा कारण कि कोई भी कंपनी किसी उत्पाद पर कितना मुनाफा ले रही है। अब विश्व के देश भी भारतीय उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को समझ गए हो और उसी के अनुरूप ही उत्पाद भारत में आ रहा है। भारत में बहुत उपभोक्ता हैं इसी कारण चीन अमेरिका जापान जर्मनी आदि देश भारत में व्यापार करने को उत्सुक रहते हैं कि भारत में हर तरह का उपभोक्ता हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अस्पताल बेशुमार, सुविधाएं हुईं दरकिनार

हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों के कुछेक कर्मचारियों द्वारा आए दिन मरीजों के तमीरदारों के साथ बदतमीजी किए जाने के बीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। सुख की सरकार गैर जिम्मेदारी से कार्य करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के बजाए मूकदर्शक बनी हुई है। सरकारी कर्मचारियों की जनता के प्रति क्या जिम्मेदारियां है राज्य सरकारों ने कभी उन्हें इस बात का आभास करवाना जरूरी नहीं समझा है। हैरानी की बात यह कि डाक्टरों द्वारा मुंह से रक्त बहने वाले मरीजों को समयसारिणी का हवाला देकर टालने की कोशिश सार्वजनिक हो चुकी है। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को इंजेक्शन समय पर न लगने के कारण उसकी मौत हो जाने की सूरत में सुख सरकार की खिल्ली तक उड़ चुकी है। आपातकाल स्थिति में अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए स्टॉफ को समयसारिणी नजर अंदाज करके उसकी जान बचाने पर फोकस किए जाना जरूरी समझना चाहिए। कुल मिलाकर कहा जाए, तो आपातकाल स्थिति में आने वाले मरीजों की परवाह स्टॉफ को सर्व प्रथम करनी चाहिए। गैर जिम्मेदार स्टॉफ की ऐसी कार्यप्रणाली से ऐसा लगता मानों उनकी सवेदनाएं मर चुकी हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

किसी की लाचारी देखकर भी अगर अस्पताल स्टॉफ का मन न पसीजे तो समझना होगा मानवता खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी है। डॉक्टर को जनता कभी भगवान का दूसरा रूप मानती थी। डॉक्टर रूपी भगवान की कार्यप्रणाली अब पूर्व की भांति में न रहने कारण जनता असहाय, हताश और निराश है। अस्पताल बिना बीमारी कारण कोई नहीं आना चाहता है। अस्पताल स्टॉफ को मरीज, उसके तामीरदारों प्रति अपनापन, सहानुभूति बहुत अधिक रखने की जरूरत है। अस्पताल कर्मचारियों की नकारात्मक कार्यप्रणाली के कारण जनता का विश्वास सरकारी अस्पतालों के प्रति उठता जा रहा है। आजकल सरकारी अस्पतालों का स्टॉफ मरीज, उसके तामीरदारों को अपनी सेवाओं से संतुष्ट करवाने में नाकाम हैं।



चिकित्सक मरीज को उसकी बीमारी का नाम बताने तक सक्षम नहीं हैं। मरीज की फाइल देखकर स्टॉफ आपस में इंग्लिश में वार्ता करके चलते बनते हैं। जिला स्तर के सरकारी अस्पताल सिर्फ ट्रेनिंग सेंटर बनकर रह गए ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी चलते नौसीखिया स्टॉफ ही आपातकाल स्थिति में आने वाले मरीजों की देखभाल कर रहा है। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को कई टेस्ट करवाने के लिए उपर, नीचे की लेव में धक्के खाने के लिए मजबूर किया जाता है। मरीज से अधिक उसके तामीरदार कई टेस्ट करवाने के चक्कर में थकहार जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में ओपी डी पर्ची बनवाने के लिए जनता को कई घंटे कतारों में खड़े होने के लिए बाध्य होना पड़े, तो वहां की व्यवस्थाओं का आलम स्वयं ही समझ में आता है। चिकित्सक से लेकर आउटसोर्स तक अधिकतर स्टॉफ नेताओं की सिफारिशों के आधार पर अस्पतालों में तैनात है।

प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड से लेकर स्टॉफ नर्स तक अपने चहेतों को लाइन में सर्व प्रथम लगवाने की फिराक में रहता है। ऐसे हालात में आम जनमानस को सरकारी अस्पतालों में सिवाए प्रताड़ना के कुछ नहीं मिल रहा है। प्रयोगशाला में लगी मशीनें इतनी पुरानी की अत्यधिक लोड पढ़ने कारण वह भी हांफ जाती हैं। किसी अस्पताल में स्टॉफ तो वहां पर्याप्त मशीनरी की सुविधा नहीं है।

अगर मशीनरी अस्पताल में मौजूद तो उसे चलाने वाले रेडियोग्राफर की दरकार है। आजकल रक्तदान किए जाने को लेकर पूरे जोर शोर से प्रचार प्रसार चल रहा है। सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों से लिए जाने वाला रक्त कितने लोगों को जरूरत पढ़ने पर मिल रहा बड़ा सवाल बन चुका है। अस्पतालों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ब्लडबैंक रक्त उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। आजकल स्वास्थ्य रूपी धन पाने में बहुत अधिक जनता पीछे रहकर बीमार बनकर अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़ी होने के लिए मजबूर है। गलत खान, पान के कारण आजकल बहुत अधिक गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। आम आदमी भोजन की भांति दवाइयां खाने के लिए आखिर क्यों मजबूर हुआ चिंतन का विषय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**दो** देशों भारत और अमरीका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता वार्ता के बीच ट्रंप ने यह दावा करके सबको चकित कर दिया है कि भारत अमरीकी सामानों पर जीरो टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। भारत की सरकार ने इस तरह की किसी भी आधिकारिक पेशकश से इनकार किया गया है, परंतु ट्रंप के इस बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मुद्दे को भारत पर दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारतीय किसानों, घरेलू उद्योगों और रोजगार पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर गंभीर चिंता है। जीरो टैरिफ का सबसे बड़ा खतरा देश के किसान वर्ग के लिए है। अमरीका देश में कृषि उद्योग को भारी सबसिडी मिलती है, जिससे वहां अनाज और अन्य कृषि उत्पादन सस्ते में होता है। वही उत्पाद जब भारत में सस्ते में बिकेंगे तो भारतीय किसान प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएंगे। भारत सरकार को इस तरह के व्यापारिक सौदे में सतर्कता बरतने की जरूरत है।

**राजेश पांडे, पुराना मटौर**

# डिजिटल युग में धुंधली हो रही पारंपरिक सृजनात्मकता

आज का युग तकनीक और आधुनिकता का है, जहां समय की रफ्तार इतनी तेज है कि इंसान स्वयं को भी पीछे छोड़ता जा रहा है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सहज बनाया है, वहीं हमारी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक सृजनात्मकता को धीरे-धीरे धुंधला भी कर दिया है। किसी पुराने घर की जीर्ण दीवारों में एक लकड़ी की फट्टी के ऊपर टिकाई हुई या घर के स्टोर रूम में लकड़ी की फ्रेम में मढ़ी हुई कुछ ऐसी तस्वीरें मिल जाएंगी जो मानों पुराने समय में किसी लड़की या महिला के द्वारा हासिल की गई डिग्री या सर्टिफिकेट हों। धूल फांक रही इन तस्वीरों को जब कोई प्रशंसा की दृष्टि से देखता है तो इनको काढ़ने वाली बुजुर्ग अम्मा की अंदर धंसी आंखें एकदम चमक उठती हैं, समय की सुई ने अनुभव के धागों से जो चेहरे पर बारीक, मोटी लकीरें उकेरीं हैं वे होंठों की मुस्कान से उभर आतीं हैं और वे खुरदरे झुर्रीदार हाथ अनायास ही आशीर्वाद देने के लिए उठ जाते हैं। एक जमाना था जब घर की बहू के रूप में एक सुंदर सुशील, गृहकार्य दक्ष कन्या को पसंद किया जाता था। स्त्री शिक्षा पर निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों में ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। अगर लड़कियों को शिक्षित भी किया जाता था तो मात्र इतना कर ही कि या तो धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन कर सकें या खत लिख सकें।



लेखिका : आशा देवी
जोगिंद्रनगर, हिमाचल प्रदेश

उस समय लड़कियों को बचपन से ही कुशलता से घर गृहस्थी चलाने के गुर सिखाए जाते थे। एक मां भी अपनी बेटी में संस्कारों की शिक्षा के साथ-साथ घर के सारे काम सिखाने की कोशिश करती थी, ताकि ससुराल में उसकी बेटी को पूरा मान सम्मान मिले और उसकी परवरिश पर भी कोई सवाल न उठे। एक लड़की का बचपन से लेकर किशोरावस्था का समय अपनी मां, चाची, ताई व कुछ सखियों के इर्द-गिर्द ही बीत जाता था। लड़की की शादी तय होने से पहले ही दाज, दहेज जोड़ने सहेजने का काम शुरू हो जाता था। दहेज में हाथ की कढ़ाई के मेजपोश चादरें, कढ़ाई की हुई तस्वीरें फ्रेम करवा कर दी जाती थीं। क्रोशिए से बुने हुए थाली पोश, पंखे का कवर, सुसज्जित हाथों की पक्खी, बैठकू, बिन्ने और भी न जाने क्या-क्या हाथ का बना हुआ सामान दहेज में दिया जाता था। इस तरह का जितना सामान किसी लड़की को दहेज में दिया जाता था उसी से उसकी गृह कार्य कुशलता व सिलाई कढ़ाई के कार्यों में दक्ष होने का अंदाजा लगाया जाता था।



दसूती की कढ़ाई का कोई जवाब नहीं होता। दसूती का कपड़ा बहुत ही बारीक ताने-बाने में बुना सूती कपड़ा होता है, जिसके तंद हल्के से उभरे हुए होते हैं। इस कपड़े पर जो भी डिजाइन बनाना होता था पहले उसे ट्रेस कर लिया जाता था। उसके बाद फिर रंग-बिरंगे धागों से क्रॉस स्टिच से उस आकृति को उकेरा जाता था। पशु-पक्षियों की तस्वीरें, कोई प्राकृतिक दृश्य, देवी-देवताओं के फोटो, कोई सुंदर सी इमारत, दुल्हन की तस्वीर इत्यादि को कढ़ाई से उकेरा जाता था। यह काम इतना भी आसान नहीं था। कई दिन लग जाते थे एक तस्वीर काढ़ने में, लेकिन उसे समय की लड़कियों के लिए यह कार्य अपने सपनों में रंग भरने जैसा लगता था। सखियों की टोली में जब यह कार्य सामूहिक रूप से किए जाते थे। एक-दूसरे से पूछना, सीखना बीच-बीच में हल्का-फुल्का मजाक इस कार्य को बहुत ही रोचक बना देता था।

प्रकृति का नियम है कि हर निर्माण के साथ विध्वंस जुड़ा होता है। जहां एक ओर तकनीक ने नए द्वार खोले हैं, वहीं दूसरी ओर इसने हमारी परंपरागत सृजनात्मक गतिविधियों को पीछे धकेल दिया है। आज की पीढ़ी शिक्षा में आगे बढ़ रही है, परंतु यह सोचने का विषय है कि पढ़ाई के अलावा वह किस प्रकार के रचनात्मक कार्यों में संलग्न है? क्या उनकी कल्पनाशक्ति मोबाइल स्क्रीन तक ही सीमित रह गई है?

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# कागज का है लिबास, चिरागों का शहर, चलना संभलकर

जी हां, सबसे पहले शैतान सेना के बड़े गुलाम पाकिस्तान जैसे नापाक और दुष्ट देश को यही कहना - बताना अनिवार्य हो जाता है, कि कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो। जहां तक भारत के अपने आंतरिक मामलों का संबंध है, तो ठीक ही तो है, प्रतिपक्ष में होने के नाते हम भारत सरकार से बहस करेंगे और पूरा हिसाब-किताब भी मांगेगे, लेकिन जब हमारे देश भारत की सुरक्षा और समृद्धि की बात आएगी, तो हम सभी एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक एकता के अटूट बंधन से बंधे रहे हैं और हमेशा ऐसे ही रहेंगे। दुनियाभर में भारत के लगभग सभी ही राजनीतिक दलों के राज्यसभा व लोकसभा के सदस्यों को विशेष प्रतिनिधि बनाकर भेजने के विषय में हाल ही में कुछ अवांछित संशय तथा वाद-विवाद की स्थितियां उत्पन्न हो गई थीं। ये भी हमारे देश का सर्वथा आंतरिक मामला ही है और अब हम सभी ने मिलकर संवाद करते हुए सब कुछ भारत के पक्ष में दुरुस्त कर लिया है।



लेखक : करतार ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

ये सब भारत के आंतरिक मामलों और हमारी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के विषय हैं। हम सभी भारतीय आपस में मिलकर हर समस्या का समाधान निकाल ही लेते हैं। तुर्की, अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे बहुत बड़े स्वार्थी और धोखेबाज देश किसी भी भ्रम में कभी न रहें कि वे भारत में किसी भी उपद्रव और अस्थिरता पैदा करने में सफल रहेंगे। विश्व की कुछ कथित महाशक्तियां भारत की आर्थिक और वैज्ञानिक प्रगति से जल-भुन गई हैं, इसीलिए दुनिया के कुछ देश हमारे भारत की उन्नति को रोकने के लिए पाकिस्तान जैसे देशों को भीख और उधार के टुकड़े डालते रहते हैं।



हम हिंदुस्तानी हिंसा और युद्ध नहीं चाहते, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा, तो हम छोड़ेंगे नहीं। फिलहाल कूटनीतिक और शांतिपूर्ण प्रयास करते हुए, भारत से विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल जा रहे हैं और हर अनिवार्य जगहों, देशों में जाकर ठोस और स्पष्ट रूप से भारत का पक्ष रखेंगे। अब अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। भारत से सात प्रतिनिधिमंडल दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण देशों में ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में भारत का ठोस और सशक्त पक्ष उनके सामने रखेंगे। विभिन्न राजनीतिक दलों के 51 सदस्यों तथा आठ राजदूतों ने ये बहुत बड़ा दायित्व ले लिया है। इन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करते हुए भारत के बड़े नेता शशि थरूर, रवि शंकर प्रसाद, संजय कुमार झा, कनिमोई, करुणानिधि, बैज्यंत पांडा, सुप्रिया सुले और श्रीकांत, एकनाथ शिंदे अपने सभी सदस्य साथियों सहित विश्व के 30 से भी अधिक देशों में जाकर पाकिस्तानियों के इरादों को बेनकाब करते हुए, 140 करोड़ हिंदुस्तानी नागरिकों का मत रखकर हमारी शुभ नीतियों के विषय में सारी दुनिया को अवगत कराएंगे।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और यूरोपीएन यूनियन के साथ भी विशेष चर्चा - परिचर्चा की जाएगी। ऐसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के विषय में किसी भी भारतीय नागरिक को कोई भी नकारात्मक सोच या धारणा नहीं रखनी चाहिए। विश्व शांति और समृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, यद्यपि पाकिस्तान के उग्रवादी सेना, आईएसआई और नेताओं के विरुद्ध होने वाला ये युद्ध अभी सिर्फ थमा है, समाप्त नहीं हुआ, फिर भी अंतिम और निर्णायक युद्ध तो सबसे ही अंतिम विकल्प होता है। पाकिस्तान तो पहले ही ये देखकर अधमरा हो चुका है कि विशिष्ट एकता में बंधकर 140 करोड़ की जनसंख्या वाला राष्ट्र भारत एक हो चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। स्थानीय संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नगारवी में शिव महापुराण कथा संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बलद्वाड़ा के गांव नगारवी में शिवमहापुराण की कथा की पूर्णाहुति हुई, जिसमें कथा व्यास आचार्य पंकज शर्मा (टुंडवी वाले) के द्वारा अपने मुखारविंद से शिवमहापुराण के प्रवचनों से लोगों के जीवन को धन्य किया। इसमें शिवस्वरूप से लेकर द्वादश ज्योर्तिलिंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया एवं जीवन के आदर्शों का समन्वय किया गया। इसमें भागवत कमेटी के प्रधान सोहन लाल, उप प्रधान जोगिंदर शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार बेसरिया राम, कोषाध्यक्ष कै. अमरनाथ शर्मा, सचिव इंद्र प्रकाश, सह सचिव जीवानंद शर्मा, मुख्य कार्यकर्ता मोनू एवं शास्त्री विजय और गांव के सभी लोगों ने भाग लिया।

### नशे के खिलाफ 25 को दौड़ेंगे स्कूली बच्चे : रणताज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति तथा धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति द्वारा नशा भगाओ युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत युवाओं को शारीरिक रूप में फिट रखने और नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत 25 मई को सुबह साढ़े सात बजे सजाओपीपलू स्कूल मैदान से जोढन तक चार किलोमीटर की सड़क दौड़ आयोजित की जा रही है, जो 14 से 16 तथा 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों के लिए होगी। दौड़ को हरी झंडी दिखाने व पुरस्कार वितरण समारोह में सजाओपीपलु से ही संबंध रखने वाली सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य प्रो. विना राठौर मुख्यातिथि होंगी। रणताज राणा ने बताया कि 25 मई को ही क्षेत्रीय कमेटी का विस्तार किया जाएगा, जिसमें सजाओ क्षेत्र में आने वाली सात ग्राम पंचायतों के सभी गांवों से एक या दो सदस्य कमेटी में शामिल किए जाएंगे और उसके बाद सभी पंचायतों में नशा मुक्ति अभियान समितियां गठित की जाएंगी।

### नाले में गिरी गाय को दमकल विभाग ने किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील मुख्यालय लडभड़ोल के समीप स्थित कतकल नाला में वीरवार सुबह एक गाय गिर गई, जिसे दमकल विभाग जोगिंद्रनगर की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार संजय कुमार, निवासी कुणी लडभड़ोल, अपनी गाय को चराने के लिए गांव से कुछ दूरी पर कतकल क्षेत्र में ले गए थे। इस दौरान गाय का पांव फिसल गया और वह नाले में जा गिरी। संजय कुमार ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए दमकल विभाग जोगिंद्रनगर को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग जोगिंद्रनगर के प्रभारी लेख राम भारद्वाज अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गाय को सुरक्षित पाकर संजय ने राहत की सांस ली।

### ज्योतिरादित्य पीजीआई में बनी डॉक्टर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के गडुही गांव की बेटी ज्योतिरादित्य ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ज्योतिरादित्य ने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान पीजीआई (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च), चंडीगढ़ में डाक्टर पद पर कार्यभार संभाल लिया है। ज्योतिरादित्य जोगिंद्रनगर के समाजसेवी संजीव भंडारी की बड़ी बेटी की बड़ी बेटी हैं। बेटी की उपलब्धि पर समाजसेवी संजीव ने कहा कि यह उनकी बेटी की मेहनत और लगन का नतीजा है।

### एक ही रात में तीन घरों में सेंधमारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बीती रात टिकरी मुशेहरा गांव में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी सुखराम किसी समारोह में शामिल होने गए थे, इसी दौरान चोरों ने उनके घर की खिड़की उखाड़कर घर में घुसपैठ की और नवविवाहिता बहू के लगभग पांच लाख रुपये के गहने चुरा लिए। इसी तरह, शंकर कुमार के घर में उस समय उनकी वृद्ध माता अकेली थीं। चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए वहां से भी गहने व नकदी चुरा ली। तीसरे घर में चोरों को सफलता नहीं मिली क्योंकि घरवालों ने पहले ही अपने गहने बैंक लॉकर में सुरक्षित रख दिए थे। घटनाओं की सूचना मिलते ही चौंतड़ा पुलिस चौकी के प्रभारी अतुल रैना मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

### इंजीनियर रोहित बने मुख्य अभियंता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जल शक्ति विभाग सर्किल सुंदरनगर के अधीक्षण अभियंता



इंजीनियर रोहित दुबे मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति हो गए हैं। अब वे मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर में बतौर मुख्य अभियंता अपनी सेवाएं देंगे। रोहित दुबे के नेतृत्व में विभाग ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता डिजाइन चीफ ऑफिस मंडी इंजी. हेमंत पुरी, अधिशाषी अभियंता सुंदर नगर इंजी. रजत गर्ग, अधिशाषी अभियंता डिजाइन इंजीनियर सत्य शर्मा, अधिशाषी अभियंता मंडी राजकुमार सैनी, अधिशाषी अभियंता पधर अरविंद वर्मा व अधिशाषी अभियंता बग्गी संदीप चौधरी, सहायक अभियंता सुशील व पूनम सैनी सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने इंजीनियर रोहित दुबे को पदोन्नति की बधाई दी। इस अवसर पर सहायक अभियंता सुंदर नगर दिनेश राणा,सहायक अभियंता निहरी शौर्य ठाकुर व सहायक अभियंता अलंकृत आदि मौजूद रहे।

### घाटी में मिलजुल कर कार्य करने की परंपरा कायम

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी में आज भी लोगों में एक-दूसरे का मिलजुल कर सहयोग करना व सामूहिक रूप से श्रम दान करने की परम्परा कायम है। चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के झरवाड़ गांव के लोगों की बात की जाए तो 28 फरवरी को मुसलाधार बारिश से झरवाड़-बरोट पैदल चलने वाला रास्ता फेही रे ढग के पास ऊपर से भारी चट्टान के गिरने से अवरुद्ध हो गया था, जिसे वीरवार के दिन झरवाड़ गांवों के पुरूषों व महिलाओं ने बड़ी मशक्कत के बाद चट्टान व मलबे को हटाकर झरवाड़ बरोट तक पैदल चलने वाले रास्ते को पूर्ण रूप से ठीक कर आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। ग्राम सुधार कमेटी बडी झरवाड़ की पूर्व सचिव इंद्र सिह ने बताया कि बुधवार की शाम को ग्राम सुधार कमेटी बड़ी झरवाड़ की एक अहम बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि फेही रे ढग के पास झरवाड़ व बरोट गांव को पैदल जाने वाला रास्ता अवरुद्ध है उस रास्ते को सब लोग मिलकर श्रमदान कर खोलेंगे। वीरवार की सुबह ग्राम सुधार कमेटी झरवाड़ के प्रधान भागमल सहित गांवों के गुलंबत, डागी राम, सर्वदयाल, शांता कुमार, गोपाल सिंह, इंद्र सिंह, सूख राम, अमर सिंह, वेद प्रकाश, जयपाल, डागी राम, राजकुमार, वीरी सिंह, बार्ड सदस्य निर्मला देवी, नारकली, सैना देवी, प्रताप सिंह, काहन चंद, इंद्र सिंह, पुरुषोत्तम, त्रिलोक चंद, गोविंद राम, विपन, जय सिंह, देवी सिंह, प्रेम सिंह, शेर सिंह आदि ने भारी भरकम चट्टान व मलबे को हटाकर पैदल चलने वाले अवरुद्ध हुए झरवाड़ -बरोट रास्ते को खोल दिया।

# श्री गंगा दशहरा पर्व 5 जून को, कमेटी ने की बैठक

देशराज, अनंत ज्ञान

**धर्मपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीगंगा दशहरा का पावन पर्व 5 जून 2025 को नीलकंठ महादेव लघु हरिद्वार कांडापतन में मनाया जा रहा है। मंगलवार को उप मंडलाधिकारी नागरिक धर्मपुर के कार्यालय में एसडीएम स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीगंगा दशहरा के आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

बता दें कि 4 जून शाम को जागरण का आयोजन होगा और 5 जून सुबह श्रीगंगा दशहरा का पावन स्नान होगा। इस बीच गंगा दशहरा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर कमेटी द्वारा 27 मई से 4 जून तक

**मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा के लोग भी भरते हैं अपनी हाजरी**

श्रीराम कथा का आयोजन भी करने जा रही है। कहना जरूरी होगा कि इस धार्मिक पर्व में धर्मपुर ही नहीं अपितु जिला मंडी, बिलासपुर हमीरपुर और कांगड़ा के लोग भी अपनी हाजरी भरते हैं।

एसडीएम स्वाति डोगरा ने श्रीगंगा दशहरा के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार धर्मपुर रमेश चंद, विभागों के कर्मचारी अधिकारी व मंदिर कमेटी के गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# फोरलेन पुल का फुटपाथ धंसा

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह के सात मील ब्यास व्यू होटल के साथ निर्माणाधीन फोरलेन पुल का फुटपाथ वाले पूरे हिस्से का लेंटर डालने के कुछ ही घंटों में जमींदोज हो गया, लगभग 100 मीटर का यह हिस्सा पूरा धंस गया।

इसके साथ ही स्टील का पुरा जाला ही टेढ़ा हो गया। हालांकि पुल के पिलर व फाउंडेशन को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं है।

मगर पूल का एक हिस्से चाहे वह फुटपाथ ही क्यों न हो, का धंसना-टूटना निर्माण कंपनी की लापरवाही को दर्शाता है। यह प्रमाणित करता है कि इस निर्माण में प्रयोग की गई निर्माण सामग्री निम्न स्तर की है। इस कार्य में जुटे इंजीनियर की कार्यकुशलता पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं। इस घटना से एनएचएआई भी लोगों की रडार पर आ गई।

क्योंकि एनएचएआई की देखरेख यानी इंस्पेक्शन पर ही फोरलेन का कार्य होता है। ऐसे में इस निर्माण कार्य में निर्माण कंपनी के साथ एनएचएआई भी संलिप्त हैं।

बता दें कि केएमसी निर्माण कंपनी कार्य शुरू होते ही लोगों की नजरों में खटकने लगी थी। जसका मुख्य कारण कंपनी की निम्न स्तर की कार्यप्रणाली, घटिया मटेरियल और अवैज्ञानिक कटिंग रहा है।




बनाते समय धंसा हुआ फोरलेन पुल के फुटपाथ का हिस्सा।

**गुणवत्ता से हो रहा खिलवाड़ लोगों ने कार्रवाई की उठाई मांग**

### लोगों की जान से खेलना बर्दाश्त नहीं : देशराज

स्थानीय व्यवसाई देशराज ठाकुर ने कहा कि पूल का एक हिस्सा टूटना व भी बिना किसी व्यक्ति अथवा गाड़ी के नाम चलने से दर्शाता है कि कंपनी लोगों की जान माल से खेल रही है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जबकि पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भी इस घटना के लिए केएमसी कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है और उन्होंने भी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### घटिया सामग्री से हो रहा निर्माण

**हैरत** की बात है कि विवादों में घिरने के बाद भी कंपनी जिला प्रशासन की लाडली कंपनी बनी रही है। आज तक कोई कार्रवाई कंपनी के खिलाफ नहीं हो सकी, जिससे कंपनी के हौसले बुलंद होते रहे और वे घटिया से भी घटिया निर्माण सामग्री बिना किसी डर के युज करते रहे।

### केएमसी कंपनी ने मानी हलकी सी गलती

**जबकि** केएमसी कंपनी के सीनियर क्वालिटी हेड विवेकानंद झा ने इस घटना पर कैमरे के सामने कहा कि यह हल्की सी गलती हमारे वर्कर्स के कारण पेश आई है। उन्होंने इस पर लोहड ज्यादा डाल दिया और कंक्रीट नीचे गिर गई। यह केवल मकान का छज्जा जितना है और कुछ भी नहीं। जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। पूल को या इसकी फाउंडेशन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुल बहुत मजबूत है।

# अहिल्याबाई होलकर का जीवन प्रेरणादायक : जयराम ठाकुर




तिरंगा यात्रा में शामिल होने के दौरान मौजूद जयराम व अन्य।

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बल्ह में आयोजित रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान में कहा कि हमें जीवन में अच्छे और बुरे दोनों कार्यों को हमेशा याद रखना चाहिये। इतिहास ऐसी कई घटनाओं का गवाह रहा है जहां कई समाज सुधारकों ने खुद पर आए कई संकटों के बाबजूद समाज को नई राह दिखाई है।

ऐसा ही एक नाम अहल्याबाई होलकर जी का है जो तीन शताब्दी तक हम अधिकांश भारतीयों के लिए गुमनाम ही रही लेकिन हमारी पार्टी ने तय किया कि ऐसी महान शख्सियत के बारे आज की पीढ़ी को जानकारी हो इसलिये ऐसे कार्यक्रम किए जाएं ताकि हमारी युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज, जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई जी का जीवन आदर्श बनकर हमारे सामने खड़ा होता है।

### गलत परिणाम जारी करने की जिम्मेदारी ले सरकार

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सरकार हर चीज को बहुत हल्के में ले रही है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गलत तरीके से रिजल्ट निकालना हल्केपन वाले उसी नजरिए का परिणाम है। सरकार के इस कदम का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? सरकार इस बारे में सोचती नहीं हैं। बिटिया तो बच गई लेकिन पता चल रहा है कि आंतरिक रूप से बहुत से अंगों को नुकसान पहुंचा है। परीक्षा के परिणाम युवाओं का भविष्य तय करते हैं।

# प्रशासन ने सड़क किनारे सूखे पेड़ों की कटाई के दिए आदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग पर भट्ठा के पास 17 मई को एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय राजमल की उस समय मौत हो गई जब तेज़ तूफान के दौरान एक सूखा पेड़ उनकी चलती स्कूटी पर गिर पड़ा।

राजमल बस्सी स्कूल में कार्यरत थे और नाइट शिफ्ट के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे। हादसे के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। एडवोकेट सुनित ठाकुर द्वारा इस घटना को लेकर स्थानीय उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मनीष चौधरी को शिकायत दी गई, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 133 के तहत कार्रवाई की। प्रशासन ने वन विभाग को आदेश जारी करते हुए भट्ठा क्षेत्र के समीप खड़े सभी सूखे और खतरनाक पेड़ों को 15 दिनों के भीतर काटने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में वन विभाग की टीम ने रेंज ऑफर के नेतृत्व में घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन ने संबंधित विभाग को यह भी निर्देश दिए हैं कि पेड़ों की कटाई पूर्ण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शीघ्रता से पूरी की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# राज्यपाल राष्ट्रीय उद्घाटन समारोह में वर्चुअली हुए शामिल

लक्की, अनंत ज्ञान

**करसोग।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश में अमृत स्टेशन के तहत पुनर्विकसित बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

राज्यपाल मंडी जिला के करसोग से राष्ट्रीय उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।



राज्यपाल मंडी जिले के करसोग से राष्ट्रीय उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल होते हुए।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के बीकानेर से अमृत स्टेशन के तहत देश भर में 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत रेलवे की बुनियादी अधोसंरचना में अभूतपूर्व विकास का साक्षी बना है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार रेलवे की बुनियादी अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 17,714 करोड़ रुपए की परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके अलावा, 2025-26 के केंद्रीय बजट में राज्य के लिए 2,716 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य के चार रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण करने की कार्य योजना बनाई गई है।

### राज्यपाल ने शिकारी माता मंदिर में दर्शन किए

**सुनील शर्मा, गोहर।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन सराज विधानसभा क्षेत्र में जंजैहली के समीप स्थित प्रसिद्ध शिकारी माता मंदिर में दर्शन किए। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ उपस्थित थीं। राज्यपाल ने हेलीपैड से मंदिर तक का रास्ता पैदल तय किया। मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति की ओर से राज्यपाल व लेडी गवर्नर को सम्मानित किया गया। वहीं जयराम ठाकुर, डा. साधना ठाकुर, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शुभम बने छात्र परिषद के हेड ब्वॉय

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर में छात्र परिषद चुनाव पूरे जोश और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस चुनाव में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, डिसिप्लिन हेड और कल्चरल हेड जैसे प्रमुख पदों के लिए कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष की चुनाव प्रक्रिया की विशेष बात यह रही कि उम्मीदवारों को वोट सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई। चुनाव परिणामों की घोषणा के अनुसार,



चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हुए बच्चे।

कक्षा बारहवीं के शुभम हेड ब्वॉय, रिद्धिमा हेड गर्ल, रजत डिसिप्लिन हेड और ईशा कल्चरल हेड के रूप में निर्वाचित हुए हैं।

इन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा।

प्रधानाचार्य श्री ठाकुर ने सभी विजयी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे गर्व के साथ सेवा करें, आत्मविश्वास से नेतृत्व करें और दूसरों को प्रेरित करें। विद्यालय के समर्पित शिक्षकगणों ने सावधानीपूर्वक योजना बनाकर इस चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित किया।

निष्पक्ष कार्यप्रणाली ने विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ स्थापना की है। यह चुनाव न केवल नेतृत्व विकास का अवसर था, बल्कि छात्रों को लोकतंत्र की व्यावहारिक समझ दिलाने वाला एक प्रेरणादायक अनुभव भी बना।

### नरसंहार को जनता कभी नहीं भूलेगी : राकेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन महाराणा प्रताप चौक से पुराना बस स्टैंड तक किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों का नरसंहार किया था-एक ऐसा कायरतापूर्ण हमला जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। राकेश जमवाल ने कहा कि जब देश पर घाव लगता है, तब भारत केवल शोक नहीं करता - भारत जवाब देता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इस हमले का करारा जवाब दिया है।

# मल्टीटास्क कार्यकर्ता भर्ती में लगा धांधली का आरोप

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** जल रक्षा विभाग के थुनाग मंडल के अंतर्गत मल्टीटास्क वर्कर की भर्ती में धांधली करने का आरोप लगा है।

अधिशाषी अभियंता थुनाग को लिखे एक शिकायत पत्र में बालीचौकी क्षेत्र के थाची निवासी भोप सिंह ने आरोप लगाया है कि मंडल के अंतर्गत 19 मई को मल्टीटास्क वर्कर का जो परिणाम घोषित किया गया उसमें मेरिट सूची में पिछड़ने वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति दी गई है। भोप सिंह का कहना है कि उसके आठवीं कक्षा में 94.37 प्रतिशत अंक है लेकिन विभाग ने 88 प्रतिशत वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति दे दी।

भोप सिंह ने भर्ती कमेटी से आग्रह किया है कि उक्त नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाए अन्यथा वो न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

वहीं जल रक्षा विभाग के थुनाग स्थित मंडल कार्यालय में कार्यरत अधिशाषी अभियंता संदीप शर्मा का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गई है और पात्र उम्मीदवार को ही नियुक्ति दी गई है।

# दिल्ली के रवि सैनी रहे टांडा दंगल की बड़ी माली के विजेता

विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** टांडा छिंज कमेटी द्वारा बल्ह क्षेत्र के टांडा में आयोजित विशाल दंगल में देश के विभिन्न राज्यों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों के साथ ईरान से आए पहलवानों ने भी दमखम दिखाया। दंगल में मुख्यातिथि अभिलाषी समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी, डॉ. ललित अभिलाषी, नरेंद्र कुमार मुख्यातिथि और समाजसेवी एवं प्रदेश स्टोन क्रशर संघ के उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर समाजसेवी जगदीश ठाकुर ने छिंज कमेटी को 25 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। वहीं बड़ी माली के विजेता दिल्ली के रवि सैनी और उपविजेता पंजाब के दीपक बने।

छोटी माली में हनुमान अखाड़ा दिल्ली के बलवान और बल्ह सोयरा में कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें अहिमन अखाड़ा के बलवान ने बाजी मारी। वहीं अंडर 19 माली मुकाबले में शौर्यवीर यादव और दिल्ली के जयपाल के मध्य मुकाबला हुआ। लंबे समय यह चले इस मुकाबले में शौर्यवीर यादव विजेता रहा।

# देशभक्ति के नारों से गूंजा सरकाघाट

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** टिहरा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा में मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार (टिहरा) और सरस्वती विद्या मंदिर लगयार (टिहरा) के स्कूली बच्चों, पूर्व सैनिकों, युवाओं और आम जनमानस ने देशभक्ति के अद्भुत उत्साह के साथ भाग लिया। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के भाव से गुंजायमान हो उठा।

इस देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर, जिला परिषद सदस्य वंदना



तिरंगा यात्रा निकालते छात्र व अन्य।

गुलेरिया, मंडल अध्यक्ष विनोद, उपाध्यक्ष रविंद्र (बिट्टू), महामंत्री यश पठानिया तथा प्रवक्ता राजीव आर्य और सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए रजत ठाकुर ने भारतीय सेना के अदम्य साहस की सराहना की।

राजीव आर्य ने कहा कि यह आयोजन यह दर्शाता है कि टिहरा की जनता न वीर सैनिकों के साथ खड़ी है। इस दौरान सहायक अभियंता दिनेश राणा, अधीक्षक तेज सिंह, गीता देवी व रणजीत कुमार व एचडीएम मंजू बाला सहित अन्य मौजूद रहे।

### सजा मां शीतला देवी का दरबार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री शीतला माता डैहर के प्रकोटोत्सव के उपलक्ष्य पर मनाये जाने वाला परंपरागत व पौराणिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री शीतला माता मेला 2025 का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। डैहर पंचायत प्रधान कुसुम सोनी और उपप्रधान राजेश धीमान ने बताया कि जिला स्तरीय तीन दिवसीय मेले का गुरुवार दोपहर बाद शुभारंभ होगा। शीतला माता मंदिर कमेटी द्वारा भी मां भगवती के दरबार में दर्शनों हेतु पहुंचने वाले भक्तजनों के लिए प्रचंड गर्मी में पेयजल व्यवस्था के लिए मुख्य गेट के साथ आधा दर्जन नलों की व्यवस्था की है।

**परेशानी** घाटीवासियों की मांग पर मार्ग पर रेलिंग लगाना बहुत आवश्यक

# सड़क की दुर्दशा से वाहन चालक और लोग परेशान

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** जिला मंडी की चौहार घाटी तथा जिला कांगड़ा की दुर्गम छोटा भंगाल घाटी को जोड़ने वाले बरोट -घटासनी 25 किलोमीटर मुख्य सड़क मार्ग को पक्का करने का कार्य व इसे चौड़ा करने का गत तीन वर्ष पूर्व लगभग पूरा हो गया है, वहीं छोटाभंगाल घाटी के सोलह किलोमीटर मुल्थान-बड़ाग्रां तथा मुल्थान-लोहारडी छह किलोमीटर सड़क मार्ग को भी चार से दस वर्ष पूर्व ही पक्का कर दिया था।

जिस कारण यह सड़क मार्ग लगभग चकाचक भी हो गए थे, मगर अब कुछ भागों में इस सड़क मार्ग की दुर्दशा ही देखने को मिल रही है जिस कारण वाहन चालकों को आवाजाही करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

बरोट पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष ठाकुर तथा खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल ने बताया कि इन सड़क मार्गों में खराब हुए इन भागों को ठीक किया जाए और साथ में बरोट-घटासनी सड़क मार्ग के बीच देवता ढांक से बरोट तक रेलिंग लगाने का कार्य भी किया जाए तथा छोटा भंगाल घाटीवासियों की मांग पर मुल्थान-बड़ाग्रां तथा मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्ग पर भी रेलिंग लगाना बेहत आवश्यक है।

### हादसों में हो चुकी है कई लोगों की मौत

**इन** दुर्गम सड़क मार्गों में गत कई दशकों के बीच वाहन चलाते समय कई चालक व यात्री दुर्घटना बेमौत मर भी चुके हैं तो कई ताउम्र अपंगता का दंश झेलने को मजबूर हो गए हैं। बरोट- घटासनी सड़क मार्ग के बीच वर्ष 1995 में एक नीजि दुर्घटना के दौरान 26 यात्री, वर्ष 2000 में एक मोहिंद्रा गाड़ी के पलटने से चालक की मौत हो चुकी है। वर्ष 2008 में एक जीप मे स्वार चालक सहित तीन लोग, वर्ष 2013 में एक जीप में बैठी तीन महिलाएं वर्ष 2014 में जीप चालक बेमौत मारे गए तथा वर्ष 2024 में भी इस मुख्या सड़क मार्ग पर एक कार में बैठे चार युवक भी काल का ग्रास हो चुके हैं तथा इन दुर्घटनाओं के बीच व वर्ष 1995 से पूर्व कई छोटी-छोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इन सड़क मार्गों में पैरापिट भी तो बनाए गए हैं मगर सर्दियों में बर्फ के कारण ये पैरापिट भी लाभदायक नहीं है, इसलिए इन सभी सभी सड़क मार्गों की दुर्दशा को सुधारने के साथ-साथ रेलिंग को भी प्राथमिकता का आधार पर लगाए जाएं।

# जोगिंद्रनगर में निकाली तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराने की कार्रवाई ने देशभर में सेना के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और प्रबल किया है। जोगिंद्रनगर शहर में सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा।

विशेष रूप से व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के सभी सदस्य, पूर्व सैनिक लीग इकाई जोगिंद्रनगर के सदस्य, दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। गांधी वाटिका में यात्रा का समापन हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भारत माता को नमन किया और भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व सैनिकों ने इस अवसर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर यह साबित किया है कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार है। युवाओं को प्रेरित करते कहा कि देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

# न्यूज ब्रीफ

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की बेटी ने मेरिट में पाया स्थान

**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र थड़ा 2 वृत्त नेहरियां की कार्यकर्ता अनीता शर्मा की बेटी माधवी शर्मा ने दसवीं कक्षा में 700 में से 688 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग अंब से बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप चौहान द्वारा उपमंडल अधिकारी सचिन शर्मा से बेटी माधवी शर्मा को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम के अंतर्गत सम्मानित किया गया। इस मौके पर वृत्त नेहरियां की पर्यवेक्षक राज कुमारी, ब्लॉक समन्वयक मातुल कुमार, वाहन चालक आनंद चौधरी उपस्थित थे।

## आईटीआई बढेड़ा में 120 को मिला रोजगार

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** स्वामी विवेकानंद आईटीआई बढेड़ा में हिमाचल-पंजाब की नामी कंपनियों ने रोजगार मेले का आयोजन किया। इस कैंपस साक्षात्कार में बद्दी की एमटी आटोक्रॉफ्ट, मोरेपेन लेबोरेट्रीज लिमिटेड, क्रमापटन ग्रीव्स कंज्यूमर, होशियारपुर की सोनालीका, मोहिंद्रा एंड मोहिंद्रा मोहाली की नामी कंपनियों द्वारा 120 युवाओं को चयनित किया गया। संस्थान की एमडी मीना जसवाल ने बताया कि रोजगार मेले में फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टरनर, पेंटर जनरल, मशीनिस्ट, बेल्डर, टूल एंड डाई, शीटमैटल, ट्रैक्टर मैकेनिक इत्यादि ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान 150 युवाओं ने भाग लिया जिनमें से 120 चयनित किया गया है। सिलेक्ट युवाओं को कंपनी द्वारा बाजिव सैलरी एवं इसके अतिरिक्त उन्हें कम दरों पर खाने / रहने एवं अन्य सुविधाएं कंपनी द्वारा दी जाएंगी। बता दें कि इस रोजगार मेले में सभी ट्रेड के स्टूडेंट्स, वर्तमान आईटीआई छात्र, पासआउट छात्र, आईटीआई प्रशिक्षु ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को तकनीकी शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने चयनित स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भंडारे व दहाजा कार्यक्रम का कल होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** श्री सिद्ध चानो मंदिर ठठल में 24 मई को भंडारे एवं दहाजा कार्यक्रम का आयोजन सभी भक्तों के सहयोग से किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर पुजारी शाम लाल ने बताया कि कार्यक्रम में सत्संग करने के लिए संत बाबा बाल जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भंडारे और दहाजा कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज करवाएं।

## भरमौत की बेटी ने 472 अंक लेकर किया टॉप



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली की होनहार छात्रा पलक शर्मा ने प्लस टू नॉन मेडिकल में शानदार 472 अंक प्राप्त किए। सीसे स्कूल हटली के प्रधानाचार्य राजपाल सरोही व स्टाफ ने पलक शर्मा को सम्मानित किया व बताया कि पलक शर्मा पढ़ाई में बहुत ही होशियार रही है और बहुत अच्छे अंक उसने हासिल किए हैं। पलक अरलू पंचायत के गांव भरमौत की निवासी है। पिता संजय कुमार की रोहड़ू शिमला में स्वीट शॉप है। माता मीना शर्मा गृहिणी हैं। प्रिंसिपल राजपाल सरोही ने कहा कि उनका लक्ष्य न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक योगदान जैसे अन्य क्षेत्रों में भी हटली स्कूल को प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल करना है।

## घनारी में बैंक मित्र खुलने पर भारी उत्साह

**सुखविंद्र सागर, अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र की तहसील घनारी में बैंक मित्र खुलने से लोगों में भारी उत्साह है। बता दें कि एचडीएफसी बैंक मित्र देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में मदद करते हैं, खासकर जहां एटीएम और बैंक शाखाएं उपलब्ध नहीं हैं, वे बैंक के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं, खाता खोलने, लेनदेन करने और अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में मदद करते हैं। बैंक मित्र उन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाते हैं, जहां बैंक शाखाएं नहीं हैं, जिससे बड़ी आबादी को वित्तीय सेवाओं का लाभ मिलता है। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक की बैंक मित्र किरण लता ने एचडीएफसी बैंक के उपस्थित बैंक स्टॉफ वा गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा को शाल एवं टोपी देकर सम्मानित किया। इस उद्घाटन समारोह में आसपास के गावों के लोग उपस्थित रहे और उन्होंने एचडीएफसी बैंक के मेनेजर द्वारा बैंक दोबारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में लोगों को अगवत करवाया और एचडीएफसी के बैंक मित्र किरण लता का भी धन्यवाद किया।

## लेक्चरर संघ के चुनाव 25 मई को

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रेस एवं संगठन सचिव राजन शर्मा ने एक प्रेस बयान में बताया कि हिमाचल स्कूल लेक्चरर संघ प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को सुंदर नगर में होगा, लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश के सभी जिलों में लेक्चरर संघ चुनाव लगभग संपन्न हो गए हैं और जिलों से चुने हुए प्रतिनिधि प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे, प्रांतीय प्रेस एवं संगठन सचिव राजन शर्मा ने बताया ऊना जिला से प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में काफी संख्या में डेलिगेट भाग लेंगे, प्रांतीय प्रेस एवं संगठन सचिव राजन शर्मा ने बताया डेलिगेट की सूची जिला कार्यकारिणी के प्रधान शशि सैनी एवं महासचिव संजीव कुमार के द्वारा शीघ्र जारी कर दी जाएगी

## अतिक्रमण हटाने का स्वागत करेगा व्यापार मंडल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना नगर व्यापार मंडल की एक बैठक वीरवार को अध्यक्ष प्रिंस राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से एक मत होकर निर्णय लिया गया के उना प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के लिए चलाई गई मुहिम का सभी दुकानदार भाई और व्यापार मंडल स्वागत करेंगे। इस बैठक में शहर के प्रमुख दुकानदार भाइयों ने उपस्थित होकर व्यापार मंडल के इस निर्णय का स्वागत किया। व्यापार मंडल की समस्त टीम द्वारा शहर के प्रत्येक छोटे एवं बड़े दुकानदार भाई के लिए ऐसा आग्रह है के कोई भी दुकानदार बंधु अपना सामान सुनिश्चित हद तक लगाएं ताकि सड़क पर चलने वालों को कोई परेशानी न हो। बैठक में उपस्थित प्रधान प्रिंस राजपूत महासचिव रघुपुरी और उपप्रधान सोमनाथ कौशल, उपप्रधान नवीन पुरी, उपप्रधान नंदलाल पुरी शिव आगरा, प्रेस सचिव संजय शर्मा, दीप कपिल, हरि ओम पुरी, दीप आगरा अनुराग सांभर सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

# स्वां नदी में खनन वैध या अवैध?

### विभागीय कार्यप्रणाली भी सवालों में घिरी, बरसात में नदी में बने गड्ढे बन जाते हैं जानलेवा

अनंत ज्ञान खास खबर

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** स्वां नदी में खनन वैध है या अवैध, इसको लेकर अब हर किसी के जहन में सवाल उठने लगे हैं। गगरेट क्षेत्र में कुठेड़ा जसवालां के समीप स्वां नदी में खनन को एक घटना को लेकर तो विभागीय कार्यप्रणाली भी सवालों से घिरने लगी है। खनन लीज के लिए क्या मानक तय किए गए हैं, ये मात्र विभागीय अधिकारियों की फाइलों तक नहीं हों, बल्कि आम जनमानस और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए स्पॉट पर अंकित भी होना चाहिए।

बता दें कि अनंत ज्ञान की टीम ने कुठेड़ा जसवालां के पास स्वां नदी के बीच एक जगह खनन होते हुए पाया। इसमें मशीन का भी इस्तेमाल हो रहा था। जब खनन करने वालों से सवाल किया गया तो उन्होंने तपाक से जवाब दे दिया कि यह मानकों के अनुरूप और अनुमति से किया जा रहा है। जब सवाल किया गया कि नदी के तट के समीप यह पचास मीटर के दायरे में खनन की इजाजत कैसे मिली तो खनन करने वालों का साफ कहना था कि उनको इस क्षेत्र में जो अनुमति है, उसके मुताबिक ही यह खनन किया जा रहा है। जहां तक कुछ साल पहले की बात है तो सरकार ने स्वां नदी में खनन करने वालों के लिए लीज होल्डर्स के लिए मानक तय किए थे। उनमें साफ था कि खनन से तटबंधों को नुकसान नहीं होना चाहिए। अगर यह नुकसान होता है तो उनकी खनन लीज रद्द हो सकती है।

मैनुअल खनन करने की भी पॉलिसी बनी थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से स्वां नदी के बीच बेड एरिया में सिल्ट जमा होने का तर्क देकर नदी से मशीनी खनन को भी इजाजत दी गई थी। अब एक स्थान पर दस से पंद्रह फुट की खुदाई इस क्षेत्र में स्वां नदी के तटबंधों को भी खतरा पैदा करने लगी है। ऐसे ही दोहन होता रहा तो वह दिन दूर नहीं है, जब स्वां नदी के तटबंधों के साथ-साथ कई पुलों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो जाएगा। यह भी बताना जरूरी है कि स्वां के भीतर खनन को लेकर कोई गाइडलाइन स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए अंकित नहीं है।

यहां तक की तट से कितनी दूरी और कितने गहरे गड्ढे बनाए जा सकते हैं, किसी को जानकारी नहीं है। हालांकि विभागीय अधिकारियों की बात करें तो उनका मात्र यह कहना है कि सरकारी मानकों को ध्यान में रखकर ही यह अनुमति दी गई है। लोगों में संजीव कुमार, सुरेंद्र, अवतार और अजय आदि ने बताया कि बरसात के समय स्वां नदी में ऐसे गड्ढे जानलेवा भी बन जाते हैं।



कुठेड़ा-जसवालां के पास स्वां नदी के बीच अवैध खनन करती मशीनरी।

### क्या बोले अधिकारी

जलशक्ति विभाग के एक्सईएन पंकज धीमान ने कहा कि नियमों के अनुसार तटबंध से 500 मीटर के भीतर खनन प्रतिबंधित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर इनकी बात सही है तो स्वां नदी के बीच कई जगह हो रहा खनन अवैध है। कहीं दूरी पचास मीटर भी नहीं है, लेकिन सवाल उठाया है कि नदी का अधिकांश जगह बहाव क्षेत्र ही 500 मीटर में सीमित हो जाता है तो इस तर्क पर कितना सहमत होंगे। हालांकि एक नेता ने साफ कहा था कि पुलों से ऊपर दूरी 500 मीटर निर्धारित थी। इसलिए अब इस मामले में स्पष्ट निर्देश स्वां नदी के आसपास अंकित किए जाना जरूरी है।

वहीं, एसपी ऊना अमित यादव ने कहा कि अवैध खनन पर पुलिस की पूरी नजर है। विशेष अभियान चलाकर खनन माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा।

# ऊना जिले में आने-जाने वाली कई रेलगाड़ियां लेट

### करनाल रेलवे स्टेशन पर कार्य के चलते आई परेशानी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बीते मंगलवार और बुधवार को दिल्ली-अंबाला रेल खंड के मध्य पड़ते करनाल रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के तकनीकी कार्य के चलते रूट ब्लॉक किया गया था जिस कारण इस रूट की कई रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं। इनमें गाड़ी संख्या 22709 हजूर साहिब नांदेड़-अंब अंदौरा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया गया था, जिस कारण ये अपने निर्धारित समय शाम 6.10 की बजाए 06.15 घंटे की देरी यानी देर रात 12 बजकर 20 मिनट पर अपने गंतव्य अंब अंदौरा स्टेशन पहुंची।

वहीं, गाड़ी संख्या 12057 नई दिल्ली-दौलतपुर चौक जन शताब्दी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय रात 10.15 की बजाए 01.35 घंटे की देरी यानी रात 11 बजकर 50 मिनट पर अपने गंतव्य दौलतपुर चौक पहुंची। वहीं पिछले कल (बुधवार) को गाड़ी संख्या 22448 अंदौरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी भी 55 मिनट की देरी से पहुंची। इसका नई दिल्ली पहुंचने का निर्धारित समय शाम 6.25 पर हैं परंतु यह शाम 7.19 पर अपने गंतव्य पहुंची थी। वहीं, गाड़ी संख्या 64564 अंब अंदौरा-रायपुर हरियाणा जंक्शन मेमू पैसेंजर रेलगाड़ी भी अपने निर्धारित समय देर रात 1.05 मिनट की बजाए 2 घंटे 30 मिनट की देरी यानी तड़के 3.34 पर गंतव्य पहुंची और वहां से वापसी में यही रेलगाड़ी संख्या 64563 रायपुर हरियाणा जंक्शन-अंब अंदौरा मेमू पैसेंजर अपने निर्धारित समय आधी रात 2.25 बजे की बजाए 1 घंटा 25 मिनट की देरी यानी 3 बजकर 50 मिनट पर अंब-अंदौरा के लिए रवाना हुई थी।

वहीं, दौलतपुर चौक और दिल्ली जंक्शन के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 14054 हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी भी आज सुबह (वीरवार) अपने निर्धारित समय तड़के 5 बजे अपने गंतव्य दिल्ली जंक्शन पर 1 घंटे 10 मिनट की देरी यानी 6.10 बजे पहुंची। वहीं, आज तड़के सुबह 4.30 बजे हरिद्वार से ऊना हिमाचल के लिए रवाना हुई। गाड़ी संख्या 64511 मेमू पैसेंजर भी ऊना हिमाचल 1 घंटा 38 मिनट की देरी से पहुंची। इसका ऊना हिमाचल पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 12.30 पर हैं परंतु यह विलंब के कारण दोपहर 2.08 मिनट पर पहुंची।

# आतंकवाद निरोधक दिवस पर तीस यूनिट रक्त किया एकत्रित



आतंकवाद निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान करते युवा।

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

आतंकवाद निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड बैलेंस ऑफ ऑल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्यमी राज विशिष्ट (कत्था उद्योग) द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से डॉ. रुचिका और उनकी अनुभवी टीम ने रक्तदाताओं की चिकित्सकीय जांच के बाद तीस यूनिट रक्त एकत्रित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह एक ऐसा कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। इस शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुनील धीमान ने स्वयंसेवियों को रक्तदान के महत्व और इससे जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों पर जानकारी दी। रक्तदान में भाग लेने वाले सदस्यों में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा, दिनेश कुमार, गुलशन कुमार कोलका, राकेश कुमार बंगाणा, महेंद्र सिंह संहाल, रिशु चौहान थानाकलां, रि. सूबेदार जनरल सिंह, राजेश कुमार अघलौर, अंजना कुमारी, पवन पटियाल, अक्षय शर्मा मलांगड़, प्रदीप कुमार डोह, रणजीत सिंह रायपुर मैदान, संजीव कुमार, राजकुमार सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने रक्तदान किया।

प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान और कार्यक्रम अधिकारी सुनील धीमान ने डॉ. रुचिका एवं उनकी टीम को सम्मानित करने के उपरांत कहा कि शिविर में बहुत ही सराहनीय कार्य किया।

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र में चरम सीमा पर गुटबाजी

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं, लेकिन इन सरगर्मियों के बीच एक गंभीर चुनौती पार्टी में बहुत ही चर्चा का विषय बनी हुई है, गुटबाजी। अगर यह गुटबाजी समाप्त नहीं हुई तो तीसरे विकल्प पर विचार करना बहुत ही जरूरी है। काफी समय से कुटलैहड़ क्षेत्र में राजनीतिक दल के भीतर गुटीय राजनीति ने जमीनी कार्यकर्ताओं से लेकर मतदाता असमंजस में हैं। यह स्थिति अगर समय रहते नहीं सुलझाई गई, तो इसका खामियाजा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में अवश्य पड़ सकता है।

गुटबाजी से मतदाता असमंजस में हैं। पार्टी के भीतर चल रही खींचतान और आंतरिक विभाजन के चलते आम कार्यकर्ता भ्रमित हैं कि किस गुट का समर्थन करें और कौन विधानसभा चुनावों में टिकट का दावेदार होगा। वरिष्ठ नेताओं के बीच तालमेल की कमी और सार्वजनिक कटाक्ष भी लगभग शुरू हो चुका है, जो कि इस ओर इशारा कर रही है और एकजुटता की कमी पार्टी को बहुत ही भारी पड़ सकती है। इसका पर समाधान करना बहुत ही जरूरी है।

### तीसरे विकल्प पर जल्द हो विचार एकजुटता की भारी कमी

**समाधान : युवा चेहरों को मिले मौका**

पार्टी कार्यकर्ताओं और राजनीतिक विश्लेषकों की इस गुटबाजी को समाप्त का सबसे सशक्त उपाय यही हो सकता है कि पार्टी एक निष्पक्ष, स्वच्छ छवि वाले युवा उम्मीदवार को पार्टी विधानसभा का टिकट दे। युवा उम्मीदवार न केवल इन गुटों से दूर रहकर सभी वर्गों को साथ लेकर पार्टी के साथ और भी नए युवा कार्यकर्ता जुड़ सकते हैं, बल्कि नए विचारों, ऊर्जा और जनसमर्थन के साथ चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा सकता है। दोनों ही गुट अपने अपने ढंग से लोगों से संपर्क कर हर दुख-सुख में शामिल होकर समाज सेवा भी कर रहे हैं और जनसभाएं भी अलग-अलग कर रहे हैं।

युवा नेतृत्व के बारे में लोगों का कहना है कि नया चेहरा पुराने मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन को एकजुट कर सकता है। इसके साथ ही युवाओं में बढ़ती राजनीतिक रुचि को एक नई दिशा मिलने की संभावना है।

### पार्टी नेतृत्व को करनी होगी गहन समीक्षा

राजनीतिक विशेषज्ञों का सुझाव है कि पार्टी को कुटलैहड़ की स्थिति का गहराई से विचार-विमर्श कर जल्द ही निर्णय लेना होगा। गुटबाजी को नियंत्रित करना बहुत ही जरूरी है। अगर यह गुटबाजी यूं ही रही तो इसका विकल्प किसी युवा नेतृत्व को प्राथमिकता देना ही आने वाले चुनावों में सफलता की कुंजी हो सकती है। यह स्थिति यूं ही बनी रही, तो विपक्ष इसका पूरा लाभ लेकर मैदान में आसानी से जीत हासिल कर सकता है।

कुटलैहड़ की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में गुटबाजी को समाप्त कर संगठनात्मक एकता बनाए रखने के लिए नए, युवा और समर्पित नेतृत्व की जरूरत है। पार्टी नेतृत्व को विचार-विमर्श शीघ्र करना चाहिए कि वह परंपरागत समीकरणों से ऊपर उठकर भविष्य की ओर देखें और युवा उम्मीदवार को टिकट देकर नई शुरुआत करें, ताकि जो गुटबाजी उत्पन्न हुई है, वह भी समाप्त होने की संभावना है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को गुटबाजी की ओर जल्द ध्यान देकर समाधान करना बहुत ही जरूरी है।

# विधायक ने पिपलू मेले को लेकर की बैठक

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पिपलू मेले के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मेले की समग्र रूपरेखा, सुरक्षा प्रबंध, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के आगमन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी 5 मई को पिपलू मेले का शुभारंभ होगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इसके पश्चात 6 मई को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया मुख्य अतिथि होंगे। मेले के समापन अवसर पर आरएस बाली मुख्य अतिथि होंगे। 7 मई को स्टार नाइट में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मेले की शुरुआत पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात मुख्यतिथि को समारोह स्थल तक पारंपरिक ढंग से ले जाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पिपलूमेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इसे भव्यता के साथ मनाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, देसराज गौतम, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी कार्यकारी एसडीएम अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार के साथ अन्य उपस्थित रहे।



प्रशासन और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बनाई रूपरेखा।

### दुल्हन की तरह सजेगा बाजार

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा में सात जून को आयोजित होने वाली स्टार नाइट पर बंगाणा बाजार को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ स्थानीय लोगों का मनोरंजन करना नहीं बल्कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल नरसिंह नारायण मंदिर, पिपलू को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करना भी है। विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा के निवासी इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे पदोन्नत प्रधानाचार्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश सरकार द्वारा 2017 से 2023 तक के सभी पदोन्नत प्रधानाचार्यों का नियमितिकरण बिना किसी वित्तिय लाभ के किए जाने पर कड़ा एतराज जताया है। ऊना मुख्यालय पर परिधि गृह में प्रधानाचार्य स्कूल कैडर सेवानिवृत्त एवं सेवारत संगठन ऊना इकाई की हंगामी बैठक में सरकार के निर्णय को इस वर्ग के प्रति अन्यायपूर्ण करार देते हुए इसे अदालत में चुनौती देने का फैसला लिया गया, वहीं इसके विरुद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन भी छेड़ने पर सहमति बनी। बैठक में इसके लिए एक तदर्थ समिति का भी गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष अजय शर्मा, महासचिव नरेश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश परमार,प्रेस सचिव नरेश सैणी, कोषाध्यक्ष हरीश साहनी तथा एक्शन कमेटी चेयरमेन संजीव शर्मा मनोनीत किए गए। संगठन के प्रेस सचिव नरेश सैणी ने कहा कि प्रधानाचार्य स्कूल कैडर की चिरलंबित नियमित पदोन्नित को बगैर वित्तीय लाभ के किए जाने पर सभी में रोष व्याप्त है।



पदोन्नत प्रधानाचार्य आंदोलन को लेकर विचार-विमर्श करते हुए।

# पेड़ से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की ज्वार पंचायतमें पेड़ से गिरने के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सतीश कुमार पुत्र मेहर सिंह निवासी ज्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आगामी कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सतीश कुमार बुधवार शाम को लसोड़े के पेड़ पर चढ़ने के बाद सतीश कुमार अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इस दौरान आए तेज आंधी तूफान व बारिश के बीच खेतों में पड़ा रहा। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों जब खेत में पहुंचे, तो वह खेतों में पड़ा हुआ है, जिसे तुरंत ही सिविल अस्पताल अंब में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# चिंतपूर्णी में आज दो स्थानों पर निकलेगी तिरंगा यात्रा

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** भारतीय जनता पार्टी के चिंतपूर्णी अपर और चिंतपूर्णी लोअर मंडल 23 मई को 卐ऑपरेशन सिंदूर卐 की सफलता और देश की एकता, अखंडता व शौर्य के प्रतीक स्वरूप भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। यह जानकारी चिंतपूर्णी अपर मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह और चिंतपूर्णी लोअर मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी अपर मंडल की तिरंगा यात्रा सुबह 9.30 बजे अंबेडकर भवन से पूर्व विधायक बलबीर चौधरी के नेतृत्व में शुरू होगी, जबकि चिंतपूर्णी लोअर मंडल की यात्रा शाम 5 बजे बड़ूही बस स्टैंड से निकाली जाएगी। इस अवसर पर गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। दोनों मंडल अध्यक्षों ने सभी से इस तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

**जोश** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर श्री बाबा रुद्रानंद सेवा संगठन ने लगाए नारे

# सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** कुटलैहड में वीरवार को श्री बाबा रुद्रानंद सेवा संगठन नारी ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा गांव चरोला से डेरा बाबा रुद्रानंद नारी तक निकाली गई।

यात्रा में सैकड़ों की संख्या में तिरंगा झंडा थामे महिला-पुरुष शामिल हुए। इस दौरान नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदे मातरम्, जय श्री राम, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। वहीं, श्री बाबा रुद्रानंद सेवा संगठन नारी में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने जिस तरह से कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर निर्मम हत्या की थी, उस देश की 140 करोड़ जनता में भारी आक्रोश था।

पाकिस्तान को सबक सीखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भारतीय सेना की अचूक रणनीति से ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा।

ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को ऐसा जख्म दिया कि उनकी तीन पीढ़ी तक भारत की इस कार्रवाई को याद रखेगी। वहीं, कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेवा से रिटायर्ड कैप्टन सुभाष कौंडल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्राएं न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि है, बल्कि पूरे देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का संदेश देती है।

तिरंगा यात्रा में श्री बाबा रुद्रानंद सेवा संगठन के नारी के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, चेयरमैन एवं बीडीसी सदस्य देवराज, कुटलैहड़ के पूर्व मंडल चरणजीत शर्मा, पूर्व महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, पूर्व जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष कैप्टन सुभाष कौंडल, पूर्व मीडिया प्रभारी अमन शारदा, पूर्व मंडल सचिव एवं कुटलैहड़ सेवा संगठन अध्यक्ष मनु बांका,पूर्व कुटलैहड़ युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि राणा, पूर्व उपाध्यक्ष विजय शर्मा सन्नी, प्रधान त्युड़ी प्रमोद कुमार, प्रधान चरोला सौरभ ठाकुर, प्रधान कोटला सरजीवन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





तिरंगा यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और अन्य।

### ऊना में भाजपा ने लगाए भारत माता की जय के नारे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सदर भाजपा की ओर से जिला मुख्यालय ऊना में वीरवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कई अन्य लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय का उद्घोष किया। तिरंगा यात्रा की अगुवाई भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं ऊना सदर से विधायक सतपाल सिंह सत्ती और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने की। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि देश की सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऊना में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन हाल ही में भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में किया गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, बल्कि भारतीय सेना के युद्ध कौशल को पूरी दुनिया ने सराहा।

वहीं, विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने अपने शौर्य व ताकत को दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेना को खुली छूट दी है। इसी का नतीजा है कि आज हमारी सेना दुश्मनों को करारा सबक सीखा रही हैं। इस मौके पर जिला परिषद चेयरमैन नीलम कुमारी, जिप सदस्य अशोक धीमान, नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन पुष्पा देवी, मास्टर चमन लाल, राज कुमार पठानिया, बलविंदर गोल्डी पार्षद उर्मिला देवी, सीमा देवी, इंदु बाला, नरेंद्र ठाकुर, विनय शर्मा, विनोद कुमार पुरी सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों के अच्छे परिणाम पर पूर्व विधायक ने सेंट स्कूल की प्रिंसिपल का किया सम्मान



राजेश ठाकुर ने सेंट डीआर स्कूल की प्रिंसिपल को अच्छा परिणाम लाने पर सम्मानित किया।

**सनी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में सेंट डीआर स्कूल गगरेट के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में टॉप पोजिशन पाने पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने स्कूल संचालकों व स्कूल स्टाफ की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि यह करिश्मा एक दिन की मेहनत का नहीं है, बल्कि इससे साबित होता है कि सेंट डीआर पब्लिक स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए गंभीर है। राजेश ठाकुर ने दस जमा दो की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम स्थान के साथ मेरिट सूची में तीन स्थान लाने व दसवीं की वार्षिक परीक्षा में मेरिट सूची में दो स्थान लाने के लिए स्कूल की प्रिंसिपल सरोज कमल शुक्ला को शाल देकर सम्मानित किया।

सरोज कमल शुक्ला की मेहनत से यह स्कूल उपमंडल गगरेट ही नहीं, बल्कि समूचे ऊना जिले का प्रतिष्ठित स्कूल बनकर उभरा है। उन्होंने मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गगरेट क्षेत्र का नाम चमकाने की मंगलकामना की।

# आतंकवाद का खात्मा बेहद जरूरी : सुधांशु

## कहा- किसी देश के झंडे पर चांद-सितारे होंगें पर भारत देश आज चांद-सितारों तक पहुंच गया

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** विश्व जागृति मिशन के प्रमुख और आध्यात्मिक गुरु सुधांशु महाराज ने कहा कि आज भारत पहले वाला भारत नहीं रहा है। यह बात उन्होंने कुल्लू के घुड़दौड़ स्थित साधना धाम में आयोजित 15 दिवसीय ध्यान साधना शिविर के समापन मौके पर कही। उन्होंने कहा कि आज आर्थिक रूप पर भारत मजबूत देश बन गया है। पूरे विश्व में हमारी सेना को अगर देखा जाए, तो हम चौथे स्थान पर हैं। शक्ति, समृद्धि व शौर्य में भी हम बहुत आगे पहुंच गए हैं। आज भारत चांद सितारों तक पहुंच गया है। किसी के झंडे में उन्होंने कहा कि किसी देश के झंडे पर चांद सितारे होंगे, लेकिन भारत देश आज चांद सितारों तक पहुंच गया है। वहीं, उन्होंने पाकिस्तान के आतंकवादी हमले को लेकर कहा कि भारतवर्ष हमेशा ही शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन जब आतंकवाद का इतना क्रूर रूप देखने को मिले की जब एक पत्नी के सामने उसके पति को गोली मार दे तो फिर और फिर यह कह दिया जाए कि कह देना अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसका मुकाबला करने के लिए भारत ने केवल उन्हीं स्थानों पर बदला लेने के लिए, बल्कि आतंकवाद की कमर तोड़ने को तीनों सेनाओं ने जिस तरह से टारगेट को ध्यान में रखते हुए प्रहार किया। इसके बाद पाकिस्तान सामने आकर मुकाबला करने को तैयार हो गया, तो भारत ने अपनी शक्ति का पुरजोर प्रयोग किया। इसके बाद पाकिस्तान की कमर टूट गई और वह शांति का झंडा लेकर खड़ा हो गया। आतंकवाद का किसी भी तरह से खात्मा होना चाहिए क्योंकि यह विकास को रोकने वाली चीज है। किसी भी देश का विकास शांति से होता है और शांति स्थापित करने के लिए कभी-कभी अशांति पैदा करने के कारणों पर काम करना पड़ता है। हम कितनी भी शांति और विकास कर लें, लेकिन जब अशांति पैदा करने वाले सामने आते हैं, तो न आपकी शांति काम करती और न ही विकास काम करता है इसलिए कभी कभी सर्जिकल स्ट्राइक करना जरूरी है। वहीं, उन्होंने बताया कि देशभर में 10 गुरुकुल खोलें जाएंगे।





आध्यात्मिक गुरु सुधांशु जी महाराजा ध्यान साधना शिविर के अंतिम दिन प्रवचन देते हुए (दाएं) उनके अनुयायी ।

### घुड़दौड़ में की प्रवचनों की अमृतवर्षा

**इस** वर्ष का साधना शिविर का समापन सुधांशु महाराज एवं डॉ. अर्चिका दीदी के दिव्य आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ। समापन सत्र में बोलते हुए महाराज ने कहा कि ध्यान में भगवान आपके अंदर उतरे और कृपा करे, इसके लिए स्वयं को खाली अथवा निर्विचार होना आवश्यक है। इसमें आपके अंदर सुंदरता आए, वह भी ध्यान है। अपने शरीर को मूर्ति बनाकर बैठना ध्यान में जाने का मार्ग भी है। व्यक्ति ध्यान में बैठकर अपने आप को भुला देने से परमात्मा के निकट पहुंच जाता है। 15 दिवसीय शिविर के अंतिम दिन उन्होंने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि परमात्मा को पाना है तो अपनी नियति ठीक रखें, धर्म के मार्ग का अनुसरण करें, सच्चाई को अपनाएं। इस शिविर में देश सहित विदेशों से भी साधक कुल्लू के घुड़दौड़ पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रवचन देते हुए कहा कि सच्चे दिल से की गई प्रार्थना और परमात्मा के प्रति विश्वास असंभव को भी संभव कर देता है। इस मौके पर ध्यान एवं योग गुरु डॉ. अर्चिका दीदी के अलावा विश्व जागृति मिशन के प्रदेश संयोजक अखिलेश कपूर, कुल्लू इकाई के अध्यक्ष पवन गुप्ता सहित मिशन से जुड़े अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 58 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 58 ग्राम हेरोइन (चिट्टे) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई वीरवार को 16 मील के पास एक नियमित जांच नाके के दौरान की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की टीम जब 16 मील गांव के पास नाका लगाकर जांच कर रही थी, उस समय सामने से आ रही होंडा अमेज कार को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए, जिससे उनके व्यवहार पर संदेह हुआ। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में कार से 58 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरदीप कुमार (28), पुत्र राम पाल निवासी गांव व डाकघर लाहा तहसील नारायणगढ़ जिला अंबाला (हरियाणा) और हैप्पी (35) पुत्र राम कुमार निवासी गांव व डाकघर लखनौरा तहसील नारायणगढ़ जिला अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर उनके खिलफ पुलिस थाना पतलीकूहल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। तस्करी के इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



रोहतांग में पैकेज को लेकर स्थानीय कारोबारियों के बीच झड़प हुई। इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। लिहाजा, मनाली में पर्यटकों को पैकेज के नाम पर खूब लूटा जा रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की



सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय मासिक समीक्षा की बैठक जोनल हॉस्पिटल कुल्लू के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. नागराज पवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने बताया कि इस बैठक का आयोजन समय-समय पर किया जाता आ रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिले में होने वाले अनेक स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हैं और इन कार्यक्रमों में आने वाले समस्यायों को किस तरह दूर किया जाए।

इस विषय में चर्चा कर उस का हल निकाला जाता हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नगराज पवार के समक्ष रखीं और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी समस्याओं का हल निकाला और अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित सुझाव भी दिया।

# 25 मई को सेउबाग में लगेगा नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के सेउबाग में 25 मई रविवार को एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एकदिवसीय यह शिविर रोटरी आई अस्पताल कुल्लू एवं समाजसेवी संस्था कार सेवा दल की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में निम्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

इसमें निशुल्क नेत्र परीक्षण, सामान्य रक्त परीक्षण, निशुल्क आई ड्राप व दवाइयां, विशेष रूप से चयनित 5 जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे कार सेवा दल की ओर से प्रदान किए जाएंगे। रोटरी आई अस्पताल व कारसेवादल ने क्षेत्र के लोगों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है व अपनी आंखों की जांच करवाने का आग्रह किया है।

# कुल्लू फलोत्पादक व प्रदायक मंडल की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

वीरवार को नामांकन की प्रक्रिया के साथ ही किसानों व बागवानों की अग्रणी संस्था कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

मंडल के प्रधान व महामंत्री पद के लिए 25 मई रविवार को आजीवन सदस्यों द्वारा मतदान किया जाएगा। मंडल के 2846 आजीवन सदस्य अपने मत का प्रयोग कर मंडल के प्रधान और महामंत्री का चुनाव करेंगे। मंडल के मुख्य चुनाव अधिकारी निर्मल चंद ने कहा कि उन्हें नामांकन पत्र दाखिल करने के निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रधान पद के लिए दो और महामंत्री पद के लिए भी दो नाम प्राप्त हुए। नामांकन पत्रों की जांच करने के पश्चात सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। किसी भी प्रत्याशी ने तय समय सीमा में उम्मीदवारी से अपना नाम वापस नहीं लिया। मंडल के प्रधान पद के लिए प्रेम शर्मा और राजीव ठाकुर ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है और महामंत्री के लिए लाल चंद और रिमन सिंह के बीच मुकाबला होगा। चुनाव अधिकारी द्वारा शाम 5 बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह वितरित किए गए इसलिए अब 25 मई को मंडल के वार्षिक अधिवेशन के दिन मंडल के आजीवन सदस्य गुप्त मतदान कर प्रधान और महामंत्री का चुनाव करेंगे। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव समिति मतदान के लिए अपनी तैयारियों में जुट गई है। नामांकन की प्रक्रिया में चुनाव समिति के चुनाव अधिकारी हीरा लाल ठाकुर, सदस्य घनश्याम कपूर और राजगीर उपस्थित रहे।

**प्रधान पद के लिए प्रेम राजीव के बीच मुकाबला**

# 'भारत माता की जय' से गूंजा आनी

## तिरंगा यात्रा में शहीदों को किया नमन, आतंकवाद के खिलाफ उठी आवाज

**अनंत ज्ञान, आनी**

उपमंडल मुख्यालय आनी में वीरवार को भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और देश की एकता व अखंडता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार मौजूद रहे। यात्रा की शुरुआत देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई और शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद के खिलाफ लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की और देश की सुरक्षा के लिए एकजुटता का संकल्प लिया। पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारों से आनी कस्बा गूंज उठा। इस अवसर पर आनी के पुराने बस अड्डे पर जनता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद और विधायक लोकेंद्र ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और तिरंगा हमारी एकता, संप्रभुता और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद का सहारा लेकर भारत में अशांति फैलाने का जो काम किया, उसका मुंह तोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने देश की आन बान और शान को झुकने नहीं दिया। भारतीय सेना के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से पूरा आनी गूंज उठा।




उपमंडल मुख्यालय आनी में तिरंगा यात्रा में भाग लेते गणमान्य लोग।

# स्टूडेंट्स को सिखाए जा रहे रंगमंच के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को रंगमंच के गुर सिखाए जा रहे हैं। रंगमंच के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से सक्रिय स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू क्षेत्र में रंगमंच के ग्रास रूट लेवल तक जोड़ने के लिए नाटक के क्षेत्र में केंद्रीय नाटक अकादमी दिल्ली से 'बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार' व हिमाचल सरकार 'हिमाचल गौरव पुरस्कार' से सम्मानित प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पिछले लगभग 12 वर्षों से हर वर्ष कुल्लू के विभिन्न सरकारी स्कूलों में प्रतिवर्ष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निशुल्क रंगमंच कार्यशालाओं का आयोजन करती आई है। इस वर्ष भी संस्था के प्रशिक्षित रंगकर्मी अलग-अलग सात स्कूलों में नाट्य कार्यशालाओं को आयोजन कर रहे हैं। 21 दिन तक चलने वाली ये नाट्य कार्यशालाएं पिछले सप्ताह से शुरू हो चुकी हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर तथा राजकीय वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर में स्वयं केहर सिंह ठाकुर कार्यशालाएं संचालित कर रहे हैं। गांधीनगर स्कूल में वरिष्ठ रंगकर्मी मीनाक्षी, भुंतर स्कूल में रेवत राम विक्की, मौहल स्कूल में परमानंद पिंकू, शमशी स्कूल में आंचल संचालित कर रहे हैं। केहर सिंह ठाकुर ने कहा कि इन कार्यशालाओं में बच्चों के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल-खेल में स्टोरी मेकिंग, बॉडी लेंगुएज, स्पीच, वॉयस तथा गीतों के माध्यम से स्वर ताल और लय आदि पर काम किया जा रहा है। 21 दिनों तक चलने वाली इन कार्यशालाओं में बच्चों के साथ एक-एक लघु नाटक भी तैयार किए जाएंगे और उन नाटकों का मंचन पहले विद्यालय प्रांगण में छात्रों और अध्यापकों के समक्ष किया जाएगा और उसके बाद प्रतिभागी बच्चों के विकास के लिए और बड़ा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिन उन सभी लघु नाटकों का एक 'बाल नाट्योत्सव' आयोजित किया जाएगा। केहर ने कहा कि इन कार्यशालाओं में बहुत से स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं।



कलाकार के साथ स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे।

# अग्नि सुरक्षा उपायों व प्राथमिक उपचार की दी गई जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू द्वारा वीरवार से 24 मई तक बचत भवन, कुल्लू में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को वन व घरेलू अग्निकांड, अग्नि सुरक्षा उपायों तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी देना है।

इस प्रशिक्षण में महिला मंडल, विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि, वन विभाग, होम गाड्र्स, अग्निशमन सेवाएं, पुलिस, एसडीआरएफ, खंड विकास कार्यालयों के प्रतिनिधि, आपदा मित्र तथा विभिन्न पंचायतों से आए हुए स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डीडीएमए कुल्लू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला मंडलों को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने और स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल एक दिन की चर्चा नहीं है, बल्कि हमें इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में आग पर नियंत्रण पाने और प्राथमिक उपचार देने के व्यवहारिक ज्ञान की अनुभूति हो सके। डीडीएमए कुल्लू के समन्वयक राकेश कुमार ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण सेंटरल इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग, यमुनानगर, हरियाणा के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख प्रशिक्षकों में परविंद्र सिंह (एचएसई कंसल्टेंट), कुलदीप सिंह तथा मनीक कुमार शामिल हैं।

# लाहौल-स्पीति के कलाकार 10 जून तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला लाहौल-स्पीति द्वारा लाहौल-स्पीति के गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक और अन्य लोक विधाओं के कलाकारों का पंजीकरण व वर्गीकरण के तहत लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में कलाकारों की प्रतिभा का आकलन किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तरीय मेलों, उत्सवों में कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। उच्च श्रेणी में वे कलाकार शामिल होंगे, जिन्होंने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार, राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रस्तुति दी हो। ऐसे कलाकार जो प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल और सारेगामापा विजेता या उपविजेता रहे हो वे भी उच्च श्रेणी में शामिल किए जाएंगे। द्वितीय श्रेणी में वे कलाकार होंगे, जो हिमाचल यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता रहे हो। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 10 जून तक रहेगी। अपने आवेदन पत्र dlokulluzw@gmail.com पर मेल कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों की प्रतिभा का आकलन किया जाएगा।

# दुकानों की दीवारें किराये पर दीं, तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, मनाली**

दुकानों की दीवारें किराये पर देने को लेकर नगर परिषद मनाली सख्त हो गई है। नगर परिषद मनाली ने सूचना जारी कर एक सप्ताह के भीतर दीवारों से सामान हटाने के निर्देश दिए हैं।

नगर परिषद मनाली का कहना है कि कुछ एक लोगों ने अपनी दीवारें किराये पर दी हैं। दीवारों व गलियों में सामान रखने से पर्यटकों सहित राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। नगर परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमोरिया ने बताया कि नप ने 17 मई को एक सप्ताह के भीतर दीवारों व गलियों को खाली करने की सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि किरासे पर दी दीवारों से सामान हटाने को कहा गया है। दुकानों के साथ लगती नालियों को खाली रखने को कहा गया है और साफ-सफाई व्यवस्था में सहयोग की बात कही है। उन्होंने कहा कि निर्देशों की अवेहलना करने की स्थिति में नप मनाली स्वयं अतिक्रमण को हटा देगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। अतिक्रमण करने वालों पर नप कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाएगी। कार्यकारी अधिकारी ने सभी मनाली वासियों से आग्रह किया कि शहर की सुंदरता बनाए रखने में सभी नगर परिषद का सहयोग करें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि कूड़ा-कचरा खुले में न फेंककर नप की गाड़ी वाले को दें। नगर परिषद शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने का हर संभव प्रयास कर रही है।

# नहीं मिल रहे परमिट तो न हों परेशान, बस सेवा की शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा जाने के लिए अगर परमिट नहीं मिल रहे हैं, तो परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

पर्यटक एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बस में आरामदायक सफर कर आसानी से रोहतांग का सैर-सपाटा कर सकते हैं। पर्यटन निगम ने डीलक्स बस सेवा शुरू कर दी है। शिंकुला और बारालाचा दर्रों में घूमने के लिए परमिट का भी झंझट नहीं है। पर्यटक अपने वाहन में बिना परमिट के शिंकुला व बारालाचा दर्रे में आसानी से बर्फ का दीदार कर सकते हैं। हालांकि, दोनों दर्रों की मनाली से दूरी 140 किमी के लगभग है। पर्यटकों की आमद बढ़ते ही रोहतांग दर्रे के लिए 1200 परमिंट कम पड़ने लगे हैं। कुल्लू मनाली में समर सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है और छोटे-बड़े सभी होटलों में रौनक छा गई है। वीरवार को मनाली से रोहतांग तक हल्का ट्रैफिक जाम भी लगा। बाहरी राज्यों से मनाली आ रहे पर्यटक वाहनों में भी बढ़ोतरी होने लगी है। वीरवार को दिल्ली से 80 से अधिक लग्जरी बसें मनाली पहुंची हैं, जबकि छोटे वाहनों का आंकड़ा भी एक हजार के पार हो गया। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी डोला, रवि, सुरेंद्र व वेद राम ने बताया कि वीरवार को रोहतांग दर्रे में पर्यटकों का मेला लग गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ में अठखेलियां की। उन्होंने बताया कि दर्रे में सभी कारोबारियों का पर्यटन कारोबार चल पड़ा है। होटल कारोबारी इंद्र ठाकुर, रोशन व किशन राणा ने बताया कि होटलों में आक्यूपेंसी बढ़कर 65 से 70 हो गई है। उन्होंने बताया कि एडवांस बुकिंग को देखते हुए इस सप्ताहांत पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने से कहीं-कहीं सड़क कार्य के चलते ट्रैफिक जाम भी लग रहा है। जगह-जगह तैनात पुलिस जवान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने में जुटे हैं। एचआरटीसी प्रभारी खूब राम ने बताया कि पर्यटकों के डिमांड के हिसाब से रोहतांग दर्रे के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

**मुआवजा** व्यापार मंडल सैंज के बैनर तले बैठक कर दुकानदारों ने बनाई आगामी रणनीति

# कारोबारियों ने दी क्रमिक अनशन की धमकी

**अनंत ज्ञान, सैंज**

वर्ष-2023 में पिन पार्वती नदी में आई बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को दो साल बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाया है।

दर-दर की ठोकरें खाने के बाद थके हारे दुकानदार अब सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। दुकानदार कई बार इस मामले को लेकर प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं तथा व्यापार मंडल द्वारा भी प्रभावितों को राहत प्रदान करने की मांग करते हुए एक वर्ष पूर्व उपमंडल अधिकारी बंजार को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। वीरवार को व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झावे राम ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में दुकानदारों ने इस मुद्दे को लेकर चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की। सैंज के कारोबारियों व किरायेदारों ने व्यापार मंडल की त्रैमासिक बैठक में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित कर सैंज बाजार के कारोबारियों को करीब 2 वर्ष बाद भी आपदा राहत राशि न मिलने के कारण अंतिम बार जिलाधीश कुल्लू से मिलने का निर्णय लिया और व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू से मुलाकात कर अपना दुखड़ा सुनाएगा। सैंज बाजार के कारोबारियों ने व्यापार मंडल की त्रैमासिक बैठक में उपस्थित होकर 22 माह बाद भी आपदा राहत राशि न मिलना, सैंज बाजार के लेफ्ट बैंक की ओर तटीकरण योजना के तहत निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ना, राइट बैंक की ओर हो रहे तटीकरण योजना के तहत बनाई जा रही सुरक्षा दीवारों की ऊंचाई बढ़ाना तथा रैला पंचायत के अंतर्गत आने वाले सैंज बाजार में पेयजल समस्या को दूर करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर प्रशासन द्वारा उपरोक्त मांगों को जल्द पूरा नहीं किया, तो व्यापार मंडल सैंज के सदस्य मजबूरन तहसील कार्यालय सैंज के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जुलाई 2023 में जिला कुल्लू के सैंज में आई भयंकर बाढ़ से सैंज के दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग ने बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कर इन दुकानदारों को फौरी राहत के तौर पर नाम मात्र राशि प्रदान की है और बकाया राशि को जल्द प्रदान करने का आश्वासन दुकानदारों को दिया गया था, लेकिन यह इंतजार 22 माह बाद भी समाप्त नहीं हुआ है। सैंज के कारोबारी आज भी आपदा राहत राशि के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। अब थक हारकर दुकानदारों ने व्यापार मंडल की त्रैमासिक बैठक में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित कर आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि अगर जल्द करीब दो दर्जन दुकानदारों को बकाया राहत राशि प्रदान नहीं दी, तो व्यापार मंडल सैंज के सदस्य प्रशासन के खिलाफ तहसील कार्यालय सैंज के प्रांगण में क्रमिक अनशन पर बैंठगे। करीब दो वर्ष पूर्व प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बदले में सैंज के करीब दो दर्जन से अधिक दुकानदार आज भी राहत राशि के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।



व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झावे राम ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक में भाग लेते दुकानदार।

# कुल्लू से मनाली तक नेशनल हाइवे पर सफर होगा सुगम

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू से मनाली तक (राइट बैंक) नेशनल हाइवे में यात्रियों के लिए सफर और सुगम होने जा रहा है। इस एनएच को अधिक सुगम व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चल रही राजमार्ग परियोजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से 20.97 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

परियोजना के अंतर्गत 8.500 किलोमीटर की लंबाई में बीसी (टारिंग) कार्य और 13.00 किलोमीटर की लंबाई में क्रैक सीलिंग कार्य किया जा रहा है, अब तक की स्थिति में कुल्लू की ओर से 3 किलोमीटर की लंबाई में बीसी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, ब्रेस्ट वॉल और आर/वॉल का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है। राजमार्ग के किनारे विभिन्न स्थानों पर पीसीसी नाली का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। आने वाले मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए कार्य की गति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जेसीबी, उत्खनन मशीन, टिप्पर और क्रेट वायर जैसी अतिरिक्त मशीनरी को भी शामिल किया गया है। परियोजना के तहत 4.500 किलोमीटर अतिरिक्त टारिंग कार्य के लिए 7.33 करोड़ की अतिरिक्त राशि का प्रस्ताव मुख्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। परियोजना अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले अधिकतम कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह परियोजना न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी।



# अगली गलती पर पाक में नहीं मिलेंगे जनाजे उठाने वाले : अनुराग

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल एवं पांवटा साहिब से विधायक व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर द्वारा तय लक्ष्यों को प्राप्त करने पर भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के अंतर्गत पांवटा साहिब व नाहन में बाइक रैली निकाल कर सेना के शौर्य का अभिनंदन किया।



बाइक रैली निकाल कर सेना के शौर्य का अभिनंदन करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर व बिंदल। साथ हैं अन्य।

अनुराग ने कहा कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बेकसूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत को चुनौती दी, मगर ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे नेतृत्व, भारत व भारतीय सेना की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा देश भर में तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य व मोदी के नेतृत्व में देश की सफलता का अभिनंदन करने का कार्यक्रम चला रही है। इसमें जनता बढ़-चढ़ कर भाग ले रही है। हमारे लिए तिरंगा सिर्फ चंद गज का कपड़ा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों को एक सूत्र में पिरोने वाला राष्ट्रीय गौरव है। अनुराग ने कहा मैं यहां देवभूमि हिमाचल से कहता हूँ कि पाकिस्तान वालों कान खोल कर सुन लो, अगली बार भारत पर आतंकी हमला करने की जुर्रत की, तो पाकिस्तान में न कोई जनाजा उठाने वाला मिलेगा न उन जनाजों पर रोने वाला मिलेगा। भारतीय सेना किसी भी समय उकसावे भरी हरकत के जवाब में पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। मोदी ने साफ किया है कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते और 140 करोड़ भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा कि यह नया भारत है, जो अपने सैनिकों के पराक्रम से न केवल दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है, बल्कि उनको घुटनों पर लाने की कुव्वत भी रखता है।

## भारत माता की जय के नारों से गूंजा चंडी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून विधानसभा के भाजपा मंडल पट्टा ने अन्य सगठनों के साथ मिलकर चंडी बाजार में सिंदूर ऑपरेशन में विजय को लेकर फौजियों के सम्मान के लिए तिरंगा यात्रा निकाली।

इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारत माता की जय के अलावा इंडियन आर्मी जिंदाबाद आदि के नारे लगाए गए। रत्नपाल न कहा कि जिस प्रकार ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को धूल चटाई। घुटनों के बल झुकने पर मजबूर किया। उन सभी वीर सैनिकों को नमन करता हूं। पहलगाम में आंतकियों ने जिस प्रकार हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़ने का नरसंहार किया। उसका बदला सिंदूर ऑपरेशन से वीर सैनिकों ने ले लिया और पाकिस्तान में आंतकियो के 9 ठिकानों को तबाह किया। यह भी बता दिया कि आतंकी दुनिया के किसी भी कोने में हो, उनको ठिकाने लगाने में भारत सक्षम है और 9 और 10 मई की रात को पाकिस्तान के 11 सैन्य ठिकाने भी तबाह किए। यात्रा चंडी बस स्टैंड से बडलग रोड पर स्कूल तक निकाली गई। इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाए और एक हलवाई दुकानदार ने सभी को बेसन की बर्फी खिलाई।




ऑपरेशन सिंदूर में विजय को लेकर तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

# चंबाघाट में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

## दुकानों और मकानों के सामने किया गया था सरकारी जमीन पर कब्जा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखते हुए चंबाघाट से अवैध कब्जे हटाए। प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दुकानों और मकानों के सामने किए गए अतिक्रमण पर जमकर पीला पंजा चला। वहीं, पीडब्ल्यूडी की सड़क में हुए अवैध निर्माण को भी गिराया गया। चंबाघाट में सरकारी जमीन से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई। साथ ही कुछ लोगों ने अपने स्तर पर अवैध निर्माण हटाने की प्रशासन से मोहल्लत मांगी है। इससे पहले नेशनल हाईवे-5 में तहत मनसार से लेकर चंबाघाट तक अवैध तरीके से बनाए गए ढारों पर पिल्ला पंजा चला था। इस दौरान हाईवे की कंट्रोल विड्थ में बने करीब नो ढारे गिराए गए। साथ ही चंबाघाट में हाईवे के किनारे लगी झुग्गियों को भी हटाया गया। यह कार्रवाई प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार की गई।




जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान चंबाघाट में अवैध कब्जों पर पीला पंजा चलाते हुए।

> हाई कोर्ट के निर्देशानुसार नेशनल हाईवे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। चंबाघाट से अवैध कब्जे हटाए गए। साथ ही सरकारी जमीन से भी कब्जे हटाने की कार्रवाई हुई। **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

### कड़ी सुरक्षा के साथ हटाया जा रहा अतिक्रमण

**प्रशासन** कड़ी सुरक्षा के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान प्रशासनिक टीम की तरफ से दुकानों के सामने मार्किंग भी की जा रही है। एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की टीम ने इस मुहिम को अंजाम दिया। प्रशासनिक टीम ने इस दौरान दर्जन भर चालान काटे। साथ ही इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बता दें कि प्रदेश हाई कोर्ट ने प्रशासन से मुख्य मार्गों सहित माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड से 17 मई तक अतिक्रमण हटाने को कहा था पर कुछ दुकानदारों ने इससे हलके में ले लिया। पिछले वर्ष प्रशासन ने माल रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सड़क की निशानदेही की थी, लेकिन दुकानदारों ने कुछ समय बाद ही फिर से अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ पर दुकाने सजा दी। इससे राहगीरों को सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई।

### सेट बैक में दुकानें लगाने के निर्देश

**माल** रोड सोलन में भी कुछ दिन पहले एसडीएम ने माल रोड सहित अप्पर बाजार, चौक बाजार, हॉस्पिटल रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। साथ ही सेट बैक एरिया में ही दुकानें लगाने के निर्देश दिए। हालांकि, प्रशासन की कार्रवाई का दुकानदारों ने विरोध भी किया। मामले को लेकर प्रशासन से बैठक कर बीच का रास्ता निकालने की मांग की है। प्रशासन ने सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। प्रशासनिक कार्रवाई से माल रोड के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने आन-फानन में सड़क से सामान पीछे हटा दिया। इससे माल रोड खुला-खुला नजर आया।

# मरीज सिरिंज व ग्लूकोज बाहर से खरीदने को मजबूर

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** सरकार और स्वास्थ्य विभाग भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लाख दावे कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में सीएचसी अस्पताल नालागढ़ में सुविधाओं के नाम पर मरीजों को भारी-भरकम राशि चुकाना पड़ रही है। ये हाल हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिला सोलन का है।

अस्पताल में इलाज करवाने से पहले मरीजों को प्राइवेट मेडिकल स्टोर में जाकर छोटे से छोटा सामान खरीदना पड़ता है। मरीजों को अस्पताल की ओर से सिरिंज व ग्लूकोज तक नहीं मिल रही है, जबकि दवाइयां मिलना तो बहुत दूर की बात है। यहां तक की ओपीडी में इलाज करवाने वाले मरीजों को भी डॉक्टरों द्वारा महंगी व स्पेशल दवाइयां लिखी जा रही हैं। बीते दो दिनों में दो मामले सामने आ चुके हैं। इसमें एक पासवान नाम के व्यक्ति को पीठ में दर्द के लिए डॉक्टर द्वारा 3 हजार रुपए से अधिक की दवाइयां लिख दी गई, जबकि दूसरे मामले में अस्पताल में भर्ती मरीज ने कहा कि अस्पताल में सिरिंज व ग्लूकोज तक नहीं दिया जा रहा है और बाहर से मंगवाना पड़ रहा है। मरीज ने खुद वीडियो बनाकर अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। मरीजों का कहना है कि अगर उनके पास पैसे होते तो वे प्राइवेट अस्पताल में ही इलाज करवा लेते सरकारी अस्पताल में आने की क्या जरूरत थी, लेकिन सरकारी अस्पताल में उन्हें इंजेक्शन से लेकर ग्लूकोज व पट्टी तक बाहर से खरीदनी पड़ रही है, अब सवाल उठता है कि क्या जानबूझकर डॉक्टर मुनाफाखोरी के चक्कर में बाहर की दवाइयां लिख रहे हैं या अस्पताल में सिरिंज व ग्लूकोज नहीं पहुंच रहा है।

### शिकायत आई तो कार्रवाई होगी : बीएमओ

**बीएमओ** नालागढ़ कविराज नेगी का कहना है कि हमारे पास किसी तरह की कोई कमी नहीं है। सिरिंज से लेकर ग्लूकोज तक सब स्टॉक है। अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है, अगर शिकायत आती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पीठ की दर्द के लिए लिख दी 3 हजार की दवाइयां

### ऐसे चल रहा पूरा खेल

**अगर** कोई मरीज इलाज कराने आ रहा है और उसे भर्ती किया जा रहा है तो भर्ती करने से पहले मरीज को लंबी लिस्ट दे दी जाती है कि ये दवाइयां लेकर आएं। मरीजों को मजबूर मेडिकल स्टोरों से दवाइयां लेकर आना पड़ता है। इसके बाद इलाज शुरू होता है।

# सुरेश कश्यप ने भारतीय सेना के शौर्य का किया वर्णन

**संजय शर्मा, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की कामयाबी और इस दौरान भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना व अर्धसैनिक बल संगठन के शौर्य, साहस व देश के प्रति निष्ठा को मद्देनजर रखते हुए वीरवार को सराहां में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप ने जहां भारतीय सेना के शौर्य का वर्णन किया। वहीं, सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की भी प्रशंसा की। इस दौरान समस्त देशवासियों द्वारा दिखाई गई एक जुटता की भी प्रशंसा की और कहा कि देश यह एक मिसाल बन गई है। उन्होंने कहा आपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और यदि पड़ोसी देश पाकिस्तान ने आतंकवादियों को समर्थन दिया या किसी भी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की कोशिश की तो अंजाम इससे भी भयानक होगा। यह तिरंगा यात्रा सराहां के शहीद स्मारक से आरंभ हुई, जहां इलाके के भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद थे। वहां शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखने के पश्चात यह यात्रा पुराने बस स्टैंड तक निकाली गई। इस मौके पर पच्छाद की विधायक रीना कश्यप, कृषि विप्पन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भंडारी, बीडीसी चेयरमैन सुरेंद्र नेहरू, मंडल अध्यक्ष अनूप शर्मा, किसान नेता व समाजसेवी विनोद शर्मा, नरेंद्र गोसाई, प्रकाश भाटिया आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत राजगढ़ के सदस्य पर एफआईआर

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ में दिनेश ठाकुर पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और निजी स्वार्थ में उपयोग करने के गंभीर आरोप में नगर पंचायत सचिव अजय गर्ग की शिकायत पर पुलिस थाना राजगढ़ में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2009 में नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 में 1,65,973 की लागत से एक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तत्कालीन ठेकेदार व वर्तमान पार्षद दिनेश ठाकुर द्वारा कराया गया था, जिसे भुगतान भी कर दिया गया था। निर्माण पूर्ण होने के बाद भवन की चाबी न तो नगर पंचायत को सौंपी और न ही किसी प्रकार का आधिकारिक हस्तांतरण किया। भवन उसके निजी निवास से सटे होने के कारण वह इसे लंबे समय तक अपने निजी स्वार्थ के लिए उपयोग करता रहा। दिनेश पर आरोप हैं कि उन्होंने उक्त सामुदायिक भवन को गिरा दिया और दरवाजे, खिड़कियां, सरिया आदि सामान को अपने उपयोग में ले लिया। इसके बाद उन्होंने उस स्थल को बाउंड्रीवॉल, गेट और तारबाड़ लगाकर बंद कर निजी कब्जे में ले लिया। नगर पंचायत के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता ने 22 फरवरी, 2025 को मौके का निरीक्षण किया, जिसमें भवन का अस्तित्व नहीं पाया गया। साथ ही स्थानीय नागरिकों के बयानों से भी यह स्पष्ट हुआ कि भवन को दिनेश द्वारा गिराया गया है। शिकायत में कहा कि दिनेश ने न सिर्फ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, बल्कि एक लोकसेवक होते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया है। कई बार भवन नगर पंचायत को सौंपेंने के लिए मौखिक और लिखित रूप से आग्रह किया गया, लेकिन उन्होंने हर बार गुमराह किया। बाद में उन्होंने इस भवन को अपनी निजी जमीन बताते हुए नगर पंचायत को ही कानूनी नोटिस भेज दिया, जिसे विभाग ने नियमों के तहत अस्वीकार कर दिया। वर्ष-2012 में इस भवन से जुड़ने वाली सड़क के निर्माण पर भी नगर पंचायत ने लगभग 2.5 लाख खर्च किए थे, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके, लेकिन भवन के निजी कब्जे में चले जाने से यह सुविधा भी जनता से छिन गई। डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने मामले कि पुष्टि करते हुए बताया कि नगर पंचायत सचिव की शिकायत पर दिनेश के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सार्वजनिक भवन को तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के आरोप

## न्यूज ब्रीफ

### पलक ने 12वीं में झटके 94 फीसदी अंक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** सराहां शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर धारयर की 12वीं कक्षा की छात्रा पलक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की इस बेटी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता सुरेश कुमार ने बताया कि यह धरयार निवासी मदन पाल व कांता देवी की होनहार बेटी है, वह न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट है, बल्कि खेल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती है। हाल ही में घोषित हुए 12वीं के परीक्षा परिणाम में पलक ने अपनी मेहनत और लगन का परचम लहराया है। पलक ने 500 में से 470 अंक हासिल कर 94 फीसदी का शानदार परिणाम प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि माता-पिता भी गर्व महसूस कर रहे हैं। स्कूल में पलक की इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुषमा और शिक्षकों ने पलक की मेहनत और लगन की सराहना की व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बुघार स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार का कक्षा 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने बताया कि कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में वंदना ठाकुर पुत्री प्रताप सिंह एवं तृप्ता देवी ने 500 में से 460 अंक यानी 92 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिया पुत्री मस्तराम एवं नर्वदा ने 453 अंक यानी 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व सुमन ने 429 अंक यानी 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने बताया कि 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में 18 में से 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें दो विद्यार्थियों के अंक 90 प्रतिशत से अधिक व चार विद्यार्थियों के अंक 75 प्रतिशत से अधिक हैं। कक्षा बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों के लिए एक लघु अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### जेएनवी में गार्गी और वरेण्यम का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां के छठी कक्षा के दो छात्र गार्गी सिंह और वरेण्यम कौशल पंवार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। दोनों ही विद्यार्थी मेहनती और पढ़ाई में बहुत तेज है। यह स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। स्कूल प्रबंधक विशाल पुंडीर ने दोनों बच्चों व अभिवावकों को बधाई दी और कहा कि आज प्रतियोगिता के समय में पढ़ाई के साथ-साथ बाहरी ज्ञान का होना भी बहुत जरूरी है। इससे बच्चे मूल्यांकन करने में सक्षम होते हैं कि प्रतियोगिता के इस युग में हमें अपना स्थान बनाने में कितनी मेहनत की जरूरत है।

### बिजली मीटरों को आधार कार्ड से जोड़ने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत बिजली बोर्ड की ओर से जारी बिजली मीटर खाता संख्या (उपभोक्ता पहचान) को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की गई है। बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने सभी घरेलू और होटल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली का कोई भी नया और पुराना बिल और अपना मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड से जुड़ा हो, उसे लेकर कार्यालय में आएं और अपनी ई-केवाईसी करवाएं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे जल्द से जल्द अपने बिजली बिल जमा करवाएं। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। सहायक अभियंता ई. विमल अत्री ने बताया कि ई-केवाईसी करवाने से उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं जैसे कि सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

### श्रीमद्भागवत कथा में सुनाई माता सती की कथा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सनातन धर्म मंदिर धर्मपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य तरुण शर्मा ने कई प्रसंग सुनाए। माता सती की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार भगवान भोलेनाथ के ससुर दक्ष प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया। भोलेनाथ को नीचा दिखाने के लिए उन्होंने सभी को यज्ञ का निमंत्रण दिया, मगर भोलेनाथ को नहीं बुलाया। इस पर माता सती यज्ञ में जाने की हट करने लगी। भोलेनाथ ने उन्हें मना नहीं किया, जब माता सती यज्ञ में पहुंची तो उन्होंने देखा कि वहां पर भगवान भोलेनाथ के लिए कोई आसन नहीं बिछाया था, जिस पर क्रोध में माता सती ने उसी यज्ञ के हवन कुंड में अपनी जान दे दी।

# किसानों को कृषि की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी




विज्ञान केंद्र बरठीं बिलासपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे किसान।

**आशीष, अनंत ज्ञान**

**दाड़लाघाट।** नाबार्ड और अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के संयुक्त सहयोग से चलाई जा रही जलागम परियोजनाओं के तहत अली खड्ड और बड्डर खड्ड के किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र बरठीं बिलासपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेजा गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को लुप्त हो रही दलहनी फसलों के उत्पादन के बारे में प्रशिक्षित करना है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षित किया और उन्हें कृषि की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से किसानों को कृषि की नई तकनीकों के साथ-साथ लुप्त हो रही फसलों के उत्पादन के बारे में जानकारी दी जा रही है। परियोजना समिति के प्रधान नरेश कुमार और राम लाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से किसानों को काफी लाभ होगा और वे अपनी कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम होंगे।

# नाहन में अंधड़ से आम की फसल तबाह

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** बिक्रम बाग तथा देवनी पंचायत में आम के बगीचों में लगे फलों में से लगभग 80 प्रतिशत फसल पिछले तीन दिनों से लगातार चल रहे आंधी-तूफान से तबाह हो चुकी है। देवनी पंचायत के कौंथरों, ढेला, खदरी, लालपिपल और बिक्रम बाग पंचायत के बेला, पीपल वाला, आकांवाला, डाढ़ूवाला और सिंबलवाला में तूफान ने भारी तबाही मचाई है। देवनी पंचायत के संजीव राणा, अनीश सैनी, सतीश कुमार, प्रवीण शर्मा, अरुण कौशल, सुमेर चंद, हृदय राम, बिक्रम बाग पंचायत के सतपाल शर्मा, पवन कुमार, कपिल नेगी, मोहम्मद हनीफ, डॉ. अशोक कुमार, मुश्ताक अहमद, संजीव कुमार, मोहन लाल, ललित कुमार, अनूप सिंह, लाविंद्र सिंह, अनुज कुमार, रणबीर सिंह आदि के बगीचों में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं, बिक्रम बाग के मुख्य बाग में भी काफी फसल तबाह हुई है। बेले में मुस्ताक अहमद के बगीचे में लीची और डाढु वाला में मोहन लाल के बगीचे में कटहल का पेड़ जड़ से उखड़ गया है। बागवानों ने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## भाबी भनोत स्कूल की सुरक्षा दीवार गिरी



सिरमौर जिले में बुधवार शाम को आए तूफान से स्कूल की सुरक्षा दीवार गिरी।

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में बुधवार शाम को आई तेज मूसलाधार बारिश और आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। नाहन क्षेत्र के राजकीय माध्यमिक पाठशाला भाबी भनोत में प्राकृतिक कहर के कारण स्कूल की सुरक्षा दीवार पूरी तरह से ढह गई। यह हादसा दोपहर करीब चार से पांच बजे के बीच हुआ, जब मौसम अचानक खराब हो गया। स्कूल के प्रभारी शिक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि भाबी भनोत स्कूल की करीब 60 से 70 मीटर लंबी और 9 फुट ऊंची सुरक्षा दीवार पूरी तरह से गिर गई। सौभाग्य से उस समय स्कूल में कोई छात्र या छात्रा मौजूद नहीं थे, जिससे किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ। गिरती दीवार के साथ लगे फलदार वृक्ष भी टूट गए हैं और स्कूल परिसर में बने किचन गार्डन को भी तूफान से भारी नुकसान पहुंचा है। शिक्षक ने बताया कि पूरी घटना की जानकारी विभाग को भेज दी गई है, ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द शुरू हो सके। इसी के साथ-साथ नाहन क्षेत्र के ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिरला की चारदीवारी भी तूफान से टूट गई है।

# स्टूडेंट्स ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** धारटीधार क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय, कानसर में शिक्षा खंड माजरा के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छठी से दसवीं कक्षा तक की 40 छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षक कृष्ण शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने जूडो, कराटे और बॉक्सिंग जैसी तकनीकों का गहन अभ्यास किया। इस शिविर में सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित न रहते हुए जीवन में सकारात्मक सोच, संतुलित आहार और आत्मविश्वास को बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेकर अपनी निडरता और क्षमता का परिचय दिया। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य किशोर भारद्वाज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए यह प्रशिक्षण आत्मरक्षा ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ा कदम है।

**परेशानी** 4 शिक्षकों के पद रिक्त, लोग विरोध करने की तैयारी में

# एक शिक्षक के सहारे नगाली स्कूल

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल की पंचायत नगाली के नगाली गांव स्थित मिडल स्कूल में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत है। बाकी शिक्षकों के सभी पद रिक्त पड़े हैं। शिक्षकों के पद भरने की मांग अनसुनी करने पर अब लोग विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं। स्कूल में शिक्षकों के चार पद खाली हैं। इससे शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हैं।

विभिन्न माध्यमों से विभाग और सरकार से शिक्षकों की तैनाती की मांग की जाती रही है, लेकिन इस पर आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा नगाली मिडल स्कूल में क्षेत्र के लोग बच्चों को दाखिल नहीं कर रहे। इसके इलावा कई लोग बच्चों को दूर-दूर स्थित दूसरे स्कूलों में भेजने को मजबूर हो रहे हैं। मिडल स्कूल नगाली में शिक्षकों के पांच पद स्वीकृत हैं। इनमें टीजीटी आर्ट का पद वर्ष 2022 से, शास्त्री का पद वर्ष 2019 से, शारीरिक शिक्षक का पद वर्ष 2024 और कला अध्यापक का पद वर्ष 2014 से रिक्त चल रहा है। स्कूल में छह कमरों का भवन, स्मार्ट क्लास रूम सहित तमाम सुविधाएं हैं। शिक्षक के नाम पर स्कूल में केवल एक ही शिक्षक टीजीटी नॉन मेडिकल है, जिसके सहारे स्कूल चल रहा है।



कंडाघाट उपमंडल की पंचायत नगाली के नगाली गांव स्थित मिडल स्कूल

इस स्कूल में दुर्गम क्षेत्र से गांव नगाली, जड़ियाल, हुक्कल, कानो, तेली और तेलों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। कई सालों से शिक्षकों के पद खाली होने के कारण कई अभिभावकों को मजबूरी में अपने बच्चों को कई किलोमीटर दूर-दूर के स्कूलों में भेजने को मजबूर हैं। पूर्व बीडीसी सदस्य अजय कुमार ने कहा कि अगर विभाग ने लोगों की सुनवाई नहीं की, तो इसके बाद वह जल्द ही इस मामले को कैबिनेट मंत्री डॉ. कर्नल शांडिल और मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे।

## बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए दी बधाई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन का शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च में संचालित की गई 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य सरताज सिंह ने बताया कि बोर्ड द्वारा रिवाजड परिणाम के अनुसार इस विद्यालय के 87 बच्चों में से 82 विद्यार्थी पास हुए और परीक्षा परिणाम 94.25 रहा। इसमें कला संकाय में निकिता ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ममता देवी ने 456 अंक लेकर दूसरा और गौरव शर्मा 453 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में इशिता ने 471 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक ठाकुर ने 463 अंक लेकर दूसरा स्थान और निखिल ने 444 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में स्वाति गौतम ने 455 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। पंकज चंदेल ने 448 अंक लेकर दूसरा स्थान और स्नेहा ने 439 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर व स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुनील कुमार ने विद्यालय परिवार के सभी अध्यापकों, अभिभावकों तथा बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

# सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता में नीतिका ने झटका पहला स्थान




सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता में विजेता सम्मानित होने के बाद। साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के नौणी में बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया (बीएसआई) के क्षेत्रीय केंद्र नौणी ने वीरवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया। इस अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) हाई अल्टीट्यूट स्टेशन सोलन की प्रभारी डॉ. अवतार कौर सिद्धू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि जेएसआई के वैज्ञानिक प्रकाश चंद पठानिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया क्षेत्रीय केंद्र सोलन के प्रभारी डॉ. कुमार अंबरीश ने प्रतिभागियों के साथ अतिथियों का स्वागत किया और जैव विविधता दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ के विद्यार्थियों ने जैव विविधता दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर आयोजित सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता में 9वीं से 10+2 कक्षा तक के कुल 15 विद्यार्थियों ने टीचर दीपिका के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्कूल की नीतिका पहले, आरूषी दूसरे और सपना तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा आकांक्षा चहल और अर्नव को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### नौणी में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष कानून में न्यायिक समाधान की व्यवस्था हो तो सिविल कोर्ट को नहीं करनी चाहिए सुनवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट, 2016 के तहत प्रमोटर या बिल्डर फ्लैट अलॉटियों से बकाया राशि की वसूली के लिए दीवानी अदालत (सिविल कोर्ट) में मुकदमा नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि जब किसी विषय पर विशेष कानून बना हो और उसमें न्यायिक समाधान की व्यवस्था की गई हो, तो सिविल कोर्ट उस पर सुनवाई नहीं कर सकता। यह मामला फरीदाबाद के एक आवासीय प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ था, जिसमें बिल्डर ने फ्लैट अलॉटियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। कब्जा देने के बाद भी अलॉटियों ने शेष भुगतान नहीं किया था। यह याचिकाएं ट्रायल कोर्ट द्वारा पास किए गए आदेशों के खिलाफ दायर की गई थीं, जिनमें एक डेवलपर द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए सिविल कोर्ट का सहारा लिया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि रियल एस्टेट कानून, 2016 की धारा 79 सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करती है, खासकर जब उस मामले में रेरा अथॉरिटी, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर या अपीलीय अधिकरण को निर्णय देने का अधिकार हो। कोर्ट ने कहा कि रेरा कानून की धारा 19(6) के अनुसार फ्लैट अलॉटियों को एग्रीमेंट के अनुसार समय पर भुगतान करना अनिवार्य है और धारा 31 के तहत कोई भी पक्ष चाहे वह प्रमोटर हो, अलॉटी हो या एजेंट, शिकायत दर्ज करा सकता है।

### सरकारी अस्पतालों को जल्द मिलेंगे 137 नए डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल ऑफिसर के शेष पदों की भर्ती का परिणाम घोषित करने के बाद नवचयनित डॉक्टरों की नियुक्तियों की कवायद तेज कर दी है। जिसके चलते सरकारी अस्पतालों को जल्द ही 137 नए डॉक्टर मिलेंगे। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के 1506 पद रिक्त हैं। इनमें से 777 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती के लिए पिछले साल अगस्त में प्रक्रिया शुरू की गई थी। 5994 अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास की, लेकिन चयनित किए गए 777 डॉक्टरों में से 206 ने नौकरी ज्वाइन करने की बजाय आगे की पढ़ाई को प्राथमिकता दी। उन्होंने पास होने के बावजूद नौकरी ज्वाइन नहीं की। इसके चलते सिर्फ 571 डॉक्टरों को ही ज्वाइनिंग कराने का काम शुरू किया गया। शेष पदों को भरने के लिए 21 और 28 अप्रैल को दस्तावेजों के सत्यापन और बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया था। अब इसका रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। कसौटी पर खरे उतरे नवचयनित डॉक्टरों को जल्द अस्पतालों में ज्वाइन कराया जाएगा।

### जमानत के बाद सोनीपत जेल से रिहा हुए प्रो. अली

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विवादित पोस्ट डालकर सुर्खियों में आए अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान सोनीपत जेल से बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उनकी जमानत मंजूर की थी। जेल से बाहर आने के बाद प्रो. खान ने मीडिया से किसी तरह की बात नहीं की। गुरुवार की शाम अचानक जेल के बाहर चहल-पहल बढ़ गई और प्रोफेसर अली खान को रिहा कर दिया गया। उनके वकील कोर्ट से जारी जमानत आदेश के दस्तावेज लेकर जेल पहुंचे तो 56 मिनट के बाद प्रोफेसर अली खान जेल से बाहर निकले और यूपी नंबर की ब्रेजा गाड़ी में बैठकर तुरंत रवाना हो गए। जेल गेट से निकलते ही गाड़ी इतनी तेज रफ्तार में थी कि उनकी कार एक दोपहिया वाहन से टक्कर लग गई। गनीमत यह रही कि स्कूटी सवार महिला को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

### नहर में डूबा युवक, पिता को साथियों पर शक

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** खरखौदा क्षेत्र की नहर में डूबे दीपक का शव गुरुवार को नहर में छिन्नौली गांव के पास से बरामद कर लिया गया, जिसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। इससे पहले मृतक दीपक के पिता रमेश कुमार ने दीपक के दोस्तों पर ही उसे छिपाकर रखने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज करवाया था। दीपक अपने साथियों के साथ नहर में नहाने के लिए आया था और इस दौरान वह नहर में डूब गया। जिसकी नहर में तलाश की जा रही थी, लेकिन देर रात तक शव नहीं मिला तो रमेश ने अपने बेटे को छिपाकर रखने का आरोप उसके साथियों पर ही लगाया था। जिस पर पुलिस केस दर्ज कर लिया था। गुरुवार की सुबह दीपक का शव नहर में मिल गया है।

# हादसे रोकने के लिए 'नई उत्तराखंड सड़क सुरक्षा नीति' की लागू

## धामी सरकार ने युवाओं का व्यवस्था पर पुनः किया भरोसा कायम

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 112 नवचयनित परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 प्रचार वाहनों को भी रवाना किया।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है, बल्कि इसमें उनके परिवारजनों के सहयोग, त्याग और आशीर्वाद की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग में परिवहन आरक्षी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है, चाहे यात्री सेवाओं का सुचारु संचालन हो, सड़क सुरक्षा की निगरानी हो, वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया हो या प्रदूषण नियंत्रण हो, प्रत्येक व्यवस्था में इनकी अहम भूमिका हैं। इसलिए आपकी यह नौकरी मात्र एक सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है।

उन्होंने कहा कि नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों से अपेक्षा करता हूं कि आप न केवल अपने कार्यस्थल पर कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखेंगे, बल्कि आमजन के साथ संवाद और सहयोग की भावना से भी कार्य करेंगे। सरकार भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। टोल फ्री नंबर 1064 पर भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रभावी सुनवाई हो रही है। परिवहन विभाग प्रदेश में सुगम और सुरक्षित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन हम सभी जानते हैं कि जैसे जैसे राज्य में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। इसलिए राज्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हमने फरवरी 2025 में 'नई उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा नीति-2025' लागू की है। इस नीति के अन्तर्गत सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, विधायक श्री खजान दास, सचिव बृजेश कुमार संत, अपर सचिव रीना जोशी सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं सभी नवचयनित अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# एनसीओआरडी बैठक में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त करने के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी चंडीगढ़ सचिवालय में वीरवार को 8वीं राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देना है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने पिछली राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की। पिछले तीन वर्षों के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों, जब्ती और नशीली दवाओं के निपटान का विवरण भी प्रस्तुत किया गया।

मुख्य सचिव ने कूरियर कंपनियों और ओला, उबर, रैपिडो जैसे एग्रीगेटर ऐप के कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सेवा प्रदाताओं के लिए मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम पर अधिक विशिष्ट और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं। इसके अलावा, मुख्य सचिव ने अधिकारियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (पीआईटीएनडीपीएस एक्ट) में अवैध तस्करी की रोकथाम का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और एनडीपीएस अधिनियम के तहत ड्रग तस्करों द्वारा ड्रग तस्करी से अर्जित संपत्ति को जब्त करने, फ्रीज करने और जब्त करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने मानस पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय टोल-फ्री नंबर 1933 का उपयोग करें। साथ ही, लोगों के बीच नशा विरोधी संदेश फैलाने के लिए शहर में समय-समय पर मैराथन, साइक्लोथॉन, फ्लैश मॉब और रैलियां आदि जैसी अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि ड्रग तस्करों के पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाए और नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करने के लिए चार्जशीट दाखिल होने के बाद भी जांच जारी रखी जाए।

बैठक के दौरान मंदीप सिंह बराड़, गृह सचिव, राजकुमार सिंह, आईजीपी चंडीगढ़, एनसीबी के जोनल निदेशक अमनजीत सिंह, आईजी बीएसएफ हरबंस सिंह ढिल्लों आदि उपस्थित थे।

# हिसार से जयपुर व चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट जल्द : गोयल

**अनंत ज्ञान, हिसार**

हरियाणा के एविएशन मिनिस्टर विपुल गोयल ने दावा किया है कि हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए नियमित रूप से भीड़ मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही जयपुर और चंडीगढ़ के लिए भी फ्लाइट शुरू होगी और आगामी दिनों में हिसार बहुत ही व्यस्त एयरपोर्ट होगा।

गोयल ने गुरुवार को कहा कि हमारे पास नए सेक्टर बढ़ाने के लिए एप्लीकेशन आ रही हैं। इसको लेकर राजस्थान के नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात की है। राजस्थान सरकार सालासर खाटू श्याम में हेलीपैड बना रही है। हरियाणा सरकार गुरुग्राम से सालासर हेलीकॉप्टर चलाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पहले इकलौते हिसार एयरपोर्ट से 14 अप्रैल को अयोध्या के लिए पहली उड़ान शुरू हो चुकी है जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था।

उधर, एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि हिसार से अयोध्या जाने के लिए टिकटों की मारामारी चल रही है। न केवल हिसार से बल्कि आसपास के जिलों सिरसा, फतेहाबाद, जींद और यहां तक कि राजस्थान तक के लोग हिसार से अयोध्या जाने के लिए उत्सुक हैं और टिकट बुक करवा रहे हैं। आगामी तीन सप्ताह की फ्लाइट के लिए टिकटों की मारामारी चल रही है।अयोध्या जाने के लिए 3200 रुपए से किराया शुरू हो जाता है। वहीं दिल्ली जाने के लिए 1300 रुपए से किराया शुरू हो जाता है। इसके बाद कंपनी सीटों के हिसाब से किराया लेती है।

# चार किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस टीम ने रोहतक बाईपास पर एक्टिवा सवार एक नशा तस्कर को चार किलो गांजा सहित काबू किया है। इंस्पेक्टर संदीप ने गुरुवार को बताया कि उनकी टीम बुधवार की रात रोहतक बाईपास पर मौजूद थी। तभी टीम को सूचना मिली की वैसर गांव निवासी अनवर स्कूटी से मादक पदार्थ लेकर आ रहा है, मादक पदार्थ को अपने गांव में लेकर जाएगा। कुछ देर पश्चात जीटी रोड की तरफ से एक युवक टीवीएस पर आते हुए दिखाई दिया।

पुलिस ने नाके पर रुकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अनवर निवासी वैसर के रूप में बताई। पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी खोलकर तलाशी ली तो खाकी रंग की टेप से लिपटे दो पैकेट बरामद हुए। पैकटों को खोलकर जांच की तो गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन करने पर 4 किलो पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लोगों समय पर संपत्ति कर जमा करें और छूट का लाभ उठाएं : अमित कुमार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**31 मई के बाद नहीं मिलेगी छूट की समयावधि में कोई बढ़ोतरी**

नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने 'सिटी ब्यूटीफुल' चंडीगढ़ के सभी संपत्ति मालिकों और संस्थानों से अपील की है कि वे असेसमेंट वर्ष 2025-26 के लिए अपना संपत्ति कर/सेवा शुल्क निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करें ताकि वे जुर्माने से बच सकें और 31 मई से पहले आकर्षक छूट का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि छूट की अवधि में अब कोई और बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, यदि भुगतान निम्नलिखित तिथियों तक कर दिया जाए तो करदाताओं को आवासीय भूमि और भवनों पर 20 प्रतिशत तक की छूट, वाणिज्यिक, औद्योगिक, संस्थागत और सरकारी संपत्तियों पर 10 प्रतिशत की छूट मिल सकती है। अमित कुमार ने शहर के विकास में कर अनुपालन की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संपत्ति कर का समय पर भुगतान नगरपालिका सेवाओं और विकास कार्यों की बेहतर डिलीवरी सुनिश्चित करता है। हम प्रत्येक नागरिक से आग्रह करते हैं कि वे जिम्मेदारी से चंडीगढ़ की प्रगति में भागीदार बनें, छूट का लाभ लें और जुर्माने से बचें।

उन्होंने आगे कहा कि 31 मई के बाद किया गया भुगतान 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना और 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देय होगा, जिसकी गणना एक अप्रैल 2025 से भुगतान की तिथि तक की जाएगी।

### कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर राव से जुड़े परिसरों पर ईडी ने दूसरे दिन भी की छापेमारी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर राव से जुड़े स्थानों पर वीरवार को भी छापेमारी जारी रखी। सूत्रों के अनुसार, राज्य में सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज और सिद्धार्थ कॉलेज में तलाशी जारी रही। ईडी के अधिकारियों ने बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें हवाला ऑपरेटरों और आवास प्रवेश ऑपरेटरों को निशाना बनाया गया। इन लोगों पर कथित तौर पर राव के खातों में फर्जी वित्तीय लेनदेन के आरोप हैं। (अनंत ज्ञान)

### नॉर्थ कोरिया का वॉरशिप लॉन्चिंग के वक्त तबाह

**एजेंसी, प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की मौजूदगी में एक नया वॉर-शिप लॉन्च करते समय हादसे का शिकार हो गया। सरकारी मीडिया के मुताबिक यह 5,000 टन वजनी शिप लॉन्चिंग के समय ही संतुलन बिगड़ने के कारण डूब गया। इसका निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे यह हादसा हुआ।किम जोंग उन ने इस घटना को आपराधिक बताते हुए कहा कि इससे देश की इमेज को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने इसके लिए वॉर-शिप को बनाने वाले इंजीनियर और डिजायनर को जिम्मेदार ठहराया। यह वॉर-शिप 70 से ज्यादा मिसाइलें ले जाने में सक्षम था। अगर यह कामयाब होता तो इससे नॉर्थ कोरिया की नौसैनिक ताकत में काफी इजाफा होता। रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### चीन में दो जगह भू-स्खलन, 12 लोग फंसे

**एजेंसी, वीजिंग।** चीन के चांगशी और गोउवा टाउनशिप के दाफांग काउंटी में दो अलग-अलग घटनाओं में भू-स्खलन की घटना हुई है, जिसमें 12 लोग फंसे हुए हैं। चांगशी में दो लोग फंसे हुए हैं और गोउवा में 10 लोग फंसे हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। लोगों को ढूंढने के लिए स्निफर डॉग्स की मदद ली जा रही है। गोउवा एक पहाड़ी इलाका है, जहां भू-स्खलन की घटनाएं आम हैं। राज्य संचालित 'शिन्हुआ' समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राहत और बचाव कार्य के लिए पुलिस और दमकलकर्मी प्रभावित स्थानों पर पहुंचे हुए हैं। बचाव कार्यों में खोजी कुत्तों, ड्रोन, लाइफ डिटेक्टर और अन्य उपकरणों की सहायता ली जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि गुओवा इलाके में बचाव कार्यों में खड़ी ढलान और पहाड़ी भूभाग बाधा बन रहे हैं। फिलहाल फंसे हुए लोगों की संख्या की सटीक पुष्टि नहीं हो सकी है। चीन के आपात प्रबंधन मंत्रालय ने भू-आपदा से निपटने के लिए स्तर-चार की आपात प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय कर दिया है और एक कार्यबल को मौके पर भेजा गया है ताकि राहत कार्यों की निगरानी की जा सके। मंत्रालय ने स्थिति का शीघ्र आंकलन करने और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# पाक आर्मी चीफ मुनीर के विचारों में धार्मिक कट्टरता : एस. जयशंकर

## अमेरिका के सीजफायर कराने के दावे को बताया गलत

**एजेंसी, एम्सटर्डम**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को कट्टरपंथी बताया है। उन्होंने नीदरलैंड्स की मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के विचारों और व्यवहार में धार्मिक कट्टरता साफ नजर आती है। जयशंकर ने असीम मुनीर के भाषण का भी जिक्र किया। इसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के लिए 'गले की नस' बताया था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के लोग कभी भी यह नहीं भूल सकते कि वे हिंदुओं से अलग हैं। मुनीर ने बच्चों को जिन्ना के दो-राष्ट्र सिद्धांत की कहानी सुनाने की वकालत की थी, ताकि वे समझ सकें कि बंटवारा क्यों हुआ था। इस घटना के 5 दिन बाद ही पहलगाम आतंकी हमला हुआ। जयशंकर ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के आतंकवादियों ने किया था और उन्होंने धर्म पूछकर लोगों की हत्या की। आसिम मुनीर ने 16 अप्रैल को पाकिस्तानी प्रवासियों को भाषण दिया था। इसमें उन्होंने कश्मीर को गले की नस बताने वाला बयान दिया था। जयशंकर बोले- भारत ने साफ कहा अगर पाकिस्तान गोलीबारी रोकना चाहता है, तो खुद बताए। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सीधे बातचीत हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# अब नीट-पीजी में मेडिकल संस्थानों को फीस डिटेल्स देनी होगी : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉक करने पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। साथ ही कहा कि अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।

**सितंबर 2024 में दायर हुई थी याचिकाएं:** नीट-पीजी 2024 परीक्षा के एस्पिरेंट्स ने सितंबर 2024 में परीक्षा में पारदर्शिता के लिए याचिकाएं दायर की थीं। स्टूडेंट्स की मांग थी कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी NBEMS एग्जाम के क्वेश्चन पेपर और स्टूडेंट्स की आंसर भी जारी करे। इससे कैंडिडेट्स को अपने रिजल्ट का सही आकलन करने और बेहतर तैयारी करने में मदद होगी। स्टूडेंट्स की दूसरी मांग थी कि एग्जाम एक ही शिफ्ट में हो। दो शिफ्ट में एग्जाम होने से रिजल्ट नॉर्मलाइजेशन के बाद जारी होता है जो कि फेयर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु शराब घोटाले की जांच पर सुप्रीम रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोर्ट ने कहा- ईडी ने सारी हदें पार कीं**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारी हदें पार कर दी हैं। वह देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन और तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। ईडी ने मार्च में TASMAC मुख्यालय पर छापेमारी के बाद कहा था कि उसे एक हजार करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता चला है। कॉर्पोरेट पोस्टिंग, ट्रांसपोर्ट और बार लाइसेंस टेंडर से जुड़ा डेटा मिला है। धोखाधड़ी करके शराब को तय कीमत से ज्यादा पर बेचने के भी सबूत हैं। अदालत ने एजेंसी को जांच और छापेमारी रोकने का भी निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही थी। सीजेआई ने ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा कि TASMAC के खिलाफ अपराध कैसे बनाया गया। आप व्यक्तियों के खिलाफ तो आपराधिक मामला दर्ज कर सकते हैं, लेकिन निगम के खिलाफ नहीं। आपकी ईडी सारी हदें पार कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम के हमलावर जम्मू-कश्मीर में घूम रहे, हमारे सांसद दुनिया में : जयराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक महीना हो चुका है। 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। हालांकि इस हमले में शामिल आतंकी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। इसको लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- सरकार की प्राथमिकता आतंकवादियों को पकड़ने की होनी चाहिए न कि सांसदों को दूसरे देशों में भेजने की। आतंकी अभी भी जम्मू-कश्मीर में घूम रहे हैं और हमारे सभी सांसद दुनिया भर में। जयराम ने कहा कि मुझे सूत्रों से पता चला है कि पहलगाम हमले के आतंकवादी पिछले 18 महीनों में तीन अन्य आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय चर्चा होगी : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का बयान आया।

वीकली प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध बाइलेट्रल होना चाहिए, बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। तुर्किये पर विदेश मंत्रालय ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की, पाकिस्तान से यह अपील करेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय और ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर ही बनते हैं। रणधीर ने कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन नहीं त्याग देता। जैसा कि पीएम ने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आतंकवाद भी एक साथ नहीं चल सकते। (अनंत ज्ञान)

### आतंकवाद के खिलाफ एक साथ आएं देश



**विदेश** मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ आए। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं, जो पिछले 40 साल से पाकिस्तान भारत के खिलाफ ऐसा कर रहा है। उनकी हरकतों को सामने लाया जाना चाहिए।

# सेंसेक्स 645 और निफ्टी 204 अंक लुढ़का

## अमेरिकी ऋण संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक बाजारों में देखी गई मंदी

**एजेंसी, मुंबई**





घरेलू शेयर बाजार में वीरवार को बिकवाली दिखी। प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। वीरवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी ऋण संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक बाजारों में कमजोरी का रुख रहा। घरेलू शेयर बाजार वीरवार को लाल निशान पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 645 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक या 0.79 प्रतिशत गिरकर 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,106.71 अंक या 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,489.92 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 203.75 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,609.70 पर आ गया।

सेंसेक्स कंपनियों का कैसा रहा हाल? सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट को लाभ हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका के बजट से जुड़ी चिंताओं और क्रेडिट रेटिंग में गिरावट की वजह से एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड पर ब्याज दरें बढ़ गई हैं क्योंकि लंबे समय के लिए इनकी मांग कम हो गई है। इन सब कारणों से एशियाई शेयर बाजारों में बिकवाली बढ़ गई और मार्केट नीचे आ गया। (अनंत ज्ञान)

**आरोप** व्हाइट हाउस में अमेरिकी और साउथ अफ्रीकी प्रेजिडेंट में नोकझोंक

# अफ्रीका में हो रहा गोरे किसानों का नरसंहार : ट्रंप

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



व्हाइट हाउस में साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति को मैगजीन के पन्ने दिखाते डोनाल्ड ट्रंप।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच बुधवार को व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने तीखी बहस हुई। ट्रंप ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका में गोरे किसानों का नरसंहार किया जा रहा है। ओवल ऑफिस में मीटिंग के दौरान ट्रंप ने एक वीडियो को सबूत के तौर पर दिखाते हुए दावा किया कि साउथ अफ्रीका में गोरे लोगों को बड़े पैमाने पर टारगेट किया जा रहा है। इसके कारण किसान अमेरिका की ओर भाग रहे हैं। रामफोसा को इसके खिलाफ कदम उठाने चाहिए। हालांकि, रामफोसा ने दावों का खंडन करते हुए कहा कि नरसंहार के आरोप झूठे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा- साउथ अफ्रीका में सभी नस्लों के लोग हिंसा से पीड़ित हैं। इनमें ज्यादातर अश्वेत हैं। वहां सिर्फ गोरे लोगों को नहीं सताया जा रहा है। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए कहा कि सिर्फ 'गोरे किसानों' को सताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**रामफोसा ने नरसंहार के आरोपों को नकारा**

### रामफोसा बोले- हम आपको प्लेन गिफ्ट नहीं कर सकते

**साउथ** अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ट्रंप को कतर सरकार से गिफ्ट में मिले प्लेन पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा, 'मुझे माफ कीजिए मेरे पास आपको देने के लिए प्लेन नहीं है।' इस पर ट्रंप ने भी उसी तरह जवाब दिया, उन्होंने कहा, 'काश आपके पास यह होता, तो मैं ले लेता।'

# ट्रंप फिर बोले- मैंने रुकवाई जंग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष को सुलझाया है। ट्रंप ने यह दावा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान किया। उन्होंने कहा, 'भारत-पाकिस्तान के बीच हमले और भी खतरनाक होते जा रहे थे। किसी को तो इसे अंजाम पर पहुंचाना ही था। मैंने दोनों देशों से कहा कि आप लोग क्या कर रहे हैं? पाकिस्तान में कुछ बेहतरीन और कुछ बहुत अच्छे, महान नेता हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। मोदी एक महान शख्स हैं।' (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड






ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
617






पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21






सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
35

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 |
| 2. | बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 01 | 13 |
| 6. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 7. | लखनऊ | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 |
| 8. | हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 01 | 09 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |

**आईपीएल** आरसीबी 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर

# हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी की निगाहें शीर्ष दो में स्थान मजबूत करने पर

**एजेंसी, लखनऊ**

पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर 9 साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उपविजेता रही थी, लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था, लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी, लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना



दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्द्धशतक लगाए हैं।

कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि, ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान लगी अंगुली की चोट से उबरने के बाद अब वह फिर नेट्स पर खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं, जो आरसीबी के लिए अच्छा संकेत है। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी बहुत प्रभावी रही है जबकि जोश हेजलवुड और यश दयाल ने तेज गेंदबाजी विभाग में मुश्किल ओवरों को आसानी से पूरा किया है। हेजलवुड हालांकि, अपने कंधे की चोट से उबरने की वजह से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी इस मैच और उसके बाद के लिए उपलब्ध हैं।

पिछले साल फाइनल तक पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। टीम इसी लय को जारी रखने और इस सत्र को जीत से समाप्त करने की कोशिश करेगी। एसआरएच के अभियान में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने बीच बीच में अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर सके जिसके कारण टीम तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

कप्तान पैट कमिंस और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उनकी गेंदबाजी इकाई संघर्ष करती दिखी है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# मिचेल मार्श ने गुजरात के गेंदबाजों को खूब धोया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल का 64वां मैच गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। गुजरात ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने इस मैच में आकाश सिंह को मौका दिया। गुजरात टाइटंस के प्लेयर्स कैंसर पीड़ितों के सपोर्ट में लैवेंडर जर्सी पहनकर खेलने उतरे। पहले बल्लेबाजी करने करने उतरे लखनऊ के ओपनर बल्लेबाज एडेन मार्करम और मिचेल मार्श ने गुजरात के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। मार्करम ने 24 गेंदों में 36 रन बनाए। उन्हें साई किशोर ने शाहरुख खान के हाथों कैच करवाया। उसके बाद निकोलस पूरन बल्लेबाजी करने आए और का साथ दिया। समाचार लिखे जाने तक गुजरात ने 12 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 132 रन बना लिए थे। मिचेल मार्श (84) और निकोलस पूरन (7) रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)





शॉट खेलता मिचेल मार्श तथा (इनसेट) एडेन मार्करम।

# इस आईपीएल में सलामी जोड़ी को लेकर रही दिल्ली की चिंता : बदानी

**एजेंसी, मुंबई**

दिल्ली कैपिटल्स शानदार शुरुआत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नॉकआउट चरण में आगे नहीं बढ़ पाई और मुख्य कोच हेमंग बदानी का कहना है कि पूरे सत्र में सलामी जोड़ी नहीं ढूंढ पाना ही टीम की विफलता का एक कारण रहा। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई, जो पिछले सात मैच में उनकी पांचवीं हार भी थी।



दिल्ली कैपिटल्स ने 13 मैच में सात सलामी जोड़ी को आजमाया, लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली और अब टीम शनिवार को अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। बदानी ने यहां मीडिया से कहा, ''एक अच्छी सलामी जोड़ी तभी मिलती है जब वह आपको अच्छी शुरुआत दे। अगर आपको शुरुआत नहीं मिलती है, तो आपको उस कमी को पूरा करने के लिए बदलाव करने होते हैं।''

उन्होंने कहा, ''अगर आप दूसरी टीमें देखें कि जिन्होंने शानदार शुरुआत की है और पावरप्ले में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन हम वैसी शुरुआत नहीं कर पाए और इसलिए हमें वे बदलाव करने पड़े।''

बदानी ने कहा, ''हमारे पास पहले जैक (फ्रेजर-मैकगुर्क), अभिषेक (पोरल), पास फाफ (डुप्लेसी), करुण (नायर) भी थे। यह सिर्फ इतना है कि हमारे पास कोई ऐसा नहीं था, जो हमें अच्छी शुरुआत कराए।'' उन्होंने कहा, ''शीर्ष स्थान पर हमारे लिए पारी का आगाज करना चिंता का विषय था और मुझे लगता है कि यही एक कारण है कि हम आगे नहीं बढ़ पाए।'' (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल प्लेऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे टिम सिफर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वीरवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम





सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, ''रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है, क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई को टाटा आईपीएल से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।'' बेथेल का आरसीबी के साथ आखिरी मैच शुक्रवार को होगा जब टीम सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। उनका अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने वाली अन्य टीमें हैं। (अनंत ज्ञान)

### एना खूबसूरती में किसी से कम नहीं

**रूस।** खूबसूरती में रूस की टेनिस खिलाड़ी एना कोर्निकोवा का कोई मुकाबला नहीं है। एना कोर्निकोवा के इंस्टाग्राम पर 1.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एना कोर्निकोवा की तस्वीरें कई मैगजीन के कवर पेज पर आ चुकी है।



# मैनचेस्टर को हराकर टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब



**एजेंसी, बिलबाओ, स्पेन**

टोटेनहम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। साल 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है। टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।

**जॉनसन बोले-क्लब ने 17 साल से नहीं जीती कोई ट्रॉफी**

जॉनसन ने कहा, ''इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की।'' इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया। (अनंत ज्ञान)

# आयुष म्हात्रे इंग्लैंड दौरे में अंडर-19 टीम के कप्तान, सूर्यवंशी भी शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई के आयुष म्हात्रे को वीरवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे।

सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी



आयुष म्हात्रे — वैभव सूर्यवंशी

मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है।

सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक लगाया था। दूसरी ओर 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी, जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उपकप्तान बनाया गया है। वहीं, केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का भी चयन हुआ है, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ दो टेस्ट में 16 विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार पर लगा जुर्माना

**एजेंसी, मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। मुंबई इंडियंस इस जीत से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी। आईपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''मुकेश कुमार ने अनुच्छेद 2.2 के लेवल एक के उल्लघंन को और मैच रेफरी का जुर्माना स्वीकार कर लिया है।'' (अनंत ज्ञान)



# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने वीरवार को मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की।



श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं, सतीश करुणाकरण भी बाहर हो गए। उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली। युगल स्पर्धा में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मैयो की जोड़ी के खिलाफ 21-17, 18-21, 21-15 से जीत के साथ मिश्रित स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला चीन के जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की जोड़ी से होगा। (अनंत ज्ञान)

# एफआईएच हॉकी प्रो-लीग के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया ने वीरवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो 7 जून से नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी। भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ 'डबल हेडर' खेला जाएगा।

फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं।''

उन्होंने कहा, ''टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है, इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।'' फुल्टन ने कहा, ''हमने टूर्नामेंट में अब तक कोई भी मैच ड्रा नहीं किया है और मेरा मानना है कि हमें अपनी हार को ड्रा में बदलना चाहिए और फिर शूटआउट के लिए जाना चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

# थाईलैंड ओपन के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की 19 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 24 मई से एक जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। एशियाई मुक्केबाजी के अंतर्गत आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी, जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में 10 पुरुष और नौ महिलाएं शामिल हैं। अंतरिम समिति द्वारा संचालित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने अपने चयन मानदंड के अनुसार इस साल की पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को मौका प्रदान किया। अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''थाईलैंड ओपन एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर की शुरुआत है जिसमें कजाकिस्तान में विश्व कप चरण टूर्नामेंट के बाद लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप, नई दिल्ली में विश्व कप फाइनल और एशियाई चैंपियनशिप सहित कई प्रमुख टूर्नामेंट शामिल हैं।'' (अनंत ज्ञान)



**तैयारी** भाला फेंक स्पर्धा में फिर से बड़ा थ्रो फेंकने की करेंगे कोशिश

# चोपड़ा पोलैंड में वेबर के लिए पेश करेंगे चुनौती

**एजेंसी, चोरजोव (पोलैंड)**

पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा, क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।

पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं।



चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे। इस सत्र की अहम प्रतियोगिता सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप होगी, जहां वह अपना खिताब बचाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं।'' पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता चोपड़ा के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी। (अनंत ज्ञान)